RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 248
नई दिल्ली, रविवार, 17 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




कोहली का आत्मविश्वास वापिस लाने की जरूरत
स्पोर्ट्स-12

# रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए घातकः मोदी

● प्रधानमंत्री ने उप्र में बुंदेलखंड की जनता को एक्सप्रेस-वे का तोहफा देते हुए विपक्ष पर बोला हमला

**अभिषेक रंजन।** कैथरी गांव, जालौन



जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**बुंदेलखंड** की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का तोहफा देते हुए विपक्ष पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की कोशिश की जा रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को जालौन जिले के कैथरी गांव में आयोजित 296 किमी लंबे 4 लेन बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि रेवड़ी कल्चर से देश के लोगों को बहुत सावधान रहना है।

उन्होंने कहा कि रेवड़ी कल्चर वाले कभी आपके लिए नए एक्सप्रेसवे नहीं बनाएंगे, नए एयरपोर्ट या डिफेंस कॉरिडोर नहीं बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर उनकी इस सोच को हराना है, रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है। डबल इंजन की सरकार मुफ्त की रेवड़ी बांटने का शॉर्टकट नहीं अपना रही, बल्कि मेहनत करके राज्य के भविष्य को बेहतर बनाने में जुटी है। मोदी ने कहा कि खराब कानून व्यवस्था और कनेक्टिविटी उत्तर प्रदेश के दो प्रमुख मुद्दे थे। अगर इनको ठीक कर दिया जाए तो यूपी में चुनौतियों को चुनौती देने का माद्दा है। योगी जी की नेतृत्व वाली सरकार में कानून व्यवस्था भी सुधरी है और कनेक्टिविटी में भी तेजी से सुधार हो रहा है। जिस धरती ने अनगिनत सूरवीर पैदा किए, जहां के खून में भारत भक्ति बहती है, जहां के बेटे-बेटियों के पराक्रम और परिश्रम ने हमेशा देश का नाम रोशन किया है। उस बुंदेलखंड की धरती को आज एक्सप्रेसवे का उपहार देते हुए, उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये एक्सप्रेसवे यहां सिर्फ वाहनों को गति नहीं देगा बल्कि ये पूरे बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को गति देगा। एक समय था जब माना जाता था कि यातायात के आधुनिक साधनों पर पहला अधिकार सिर्फ बड़े-बड़े शहरों का ही है लेकिन अब सरकार भी बदली है, मिजाज भी बदला है। ये मोदी है, ये योगी है। पुरानी सोच को पीछे छोड़कर, हम एक नए तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी नए संकल्पों को लेकर अब तेज गति से दौड़ने के लिए तैयार हो चुका है। यही सबका साथ है, सबका विकास है। कोई पीछे न छूटे, सब मिलकर काम करें, इसी दिशा में डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। यूपी के छोटे-छोटे जिले हवाई सेवा से जुड़ें, इसके लिए भी तेजी से काम किया जा रहा है।

**यूपी में बनाया जाए टूरिज्म सर्किटः** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे के बगल में जो स्थान हैं, वहां बहुत सारे किले हैं। यूरोप के बहुत सारे देशों में किले देखने का बहुत बड़ा पर्यटन उद्योग चलता है। मैं आज योगी जी की सरकार से कहूंगा कि अब बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बनने के बाद ( शेष पेज 8 )

## केजरीवाल ने किया पलटवार

● बच्चों को मुफ्त और अच्छी शिक्षा, मुफ्त इलाज करवाना पुण्य का काम है, इससे देश की नींव मजबूत करेंगेः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देश में रेवड़ी संस्कृति पर तीखा प्रहार किए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पलटवार किया है। केजरीवाल ने कहा कि अपने देश के बच्चों को मुफ्त और अच्छी शिक्षा देना और लोगों का अच्छा और मुफ्त इलाज करवाना इसे मुफ्त की रेवड़ी बांटना नहीं कहते। यह पुण्य का काम है।

वह विकसित भारत की नींव रख रहे हैं। यह काम 75 साल पहले हो जाना चाहिए था। जब आप अपने दोस्तों के हजारों करोड़ रुपए के लोन माफ कर देते हैं। अपने चंद दोस्तों के लिए विदेशी सरकारों से ठेके लेते हैं, तो यह मुफ्त की रेवड़ी है। दिल्ली सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं को मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप लगाने वाले विरोधी दलों को केजरीवाल ने आज आड़े हाथ लिया।

उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में दिल्ली इकलौता शहर है, जहां एक-एक आदमी का इलाज मुफ्त है और इतनी चीजें फ्री करने के बाद भी दिल्ली का बजट फायदे में चल रहा है। आज देश में ईमानदार और भ्रष्टाचार, दो किस्म की राजनीति चल रही है। ईमानदार राजनीति वह है, जो आम आदमी पार्टी कर रही है। उनकी सरकार एक-एक ( शेष पेज 8 )

# धनखड़ होंगे उपराष्ट्रपति चुनाव में राजग प्रत्याशी

● प्रधानमंत्री ने उन्हें किसान पुत्र और संविधान का जानकार बताया

**भाषा।** नई दिल्ली



**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ आगामी छह अगस्त को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। जाट समुदाय से ताल्लुक रखने वाले धनखड़ समाजवादी पृष्ठभूमि के रहे हैं और वह पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई भारतीय जनता पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक ईकाई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने धनखड़ को उम्मीदवार बनाए जाने की घोषणा की।

धनखड़ का उपराष्ट्रपति चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। देश के उपराष्ट्रपति को चुनने के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। संसद में सदस्यों की मौजूदा संख्या 780 है, जिनमें से केवल भाजपा के 394 सांसद हैं। जीत के लिए 390 से अधिक मतों की आवश्यकता होती है। नड्डा ने कहा कि धनखड़ एक साधारण किसान परिवार से आते हैं और उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को पार करते हुए अपने जीवन में उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने तथा देश की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में धनखड़ वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के साथ विभिन्न मुद्दों पर टकराव को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहे हैं। हालांकि, ऐसे हर अवसर पर भाजपा ने धनखड़ का मजबूती से साथ दिया। राजस्थान में जाट समुदाय पिछड़ों की श्रेणी में आता हैं। उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में धनखड़ का चयन कर भाजपा ने इस समुदाय के लोगों को एक संदेश भी देने की कोशिश की है। जाट समुदाय से ताल्लुक रखने वाले और शीर्ष पदों पर काम कर चुके प्रमुख जाट नेताओं ( शेष पेज 8 )

# सोनिया ने रची थी मोदी को फंसाने की साजिशः भाजपा

**गुजरात दंगा**

● कांग्रेस अध्यक्ष पर पहली बार भाजपा का सीधा प्रहार, कहा-अहमद पटेल और सीतलवाड़ तो सिर्फ मोहरा बने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भाजपा** ने शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर वर्ष 2002 के दंगों में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फंसाने और चुनी सरकार को बदनाम व अस्थिर करने की साजिश के पीछे प्रेरक शक्ति होने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष पर भाजपा का अब तक का सीधे तौर पर सबसे कड़ा हमला है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि सोनिया के प्रमुख राजनीतिक सलाहकार दिवंगत अहमद पटेल और सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ उनके हाथों के मोहरे मात्र हैं। दिवंगत अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि गुजरात चुनाव की तैयारी के लिए भाजपा का अभियान मेरे पिता के नाम साजिश में घसीट कर शुरू हो गया है। वहीं कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री की राजनीतिक प्रतिशोध मशीन स्पष्ट रूप से उन दिवंगत लोगों को भी नहीं बख्शती है जो उनके राजनीतिक विरोधी थे। इससे पहले दिन में गुजरात के विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा अदालत के समक्ष निर्णय से पहले प्रस्तुत हलफनामे में कथित रूप से पटेल और सीतलवाड़ की साठगांठ का विवरण दिया और सामाजिक कार्यकर्ता को इस षड्यंत्र शुरू करने और साजिश को अंजाम देने के लिए 30 लाख रुपये खाते में हस्तांरित किए।

भाजपा ने इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए सोनिया से एक प्रेस कांफ्रेंस करने को कहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि आपके सोशल मीडिया प्रमुख जयराम रमेश नहीं बल्कि आपको सवालों के जवाब देने चाहिए। उन्होंने कहा कि पटेल ने सीतलवाड़ को केवल पैसा दिया, जबकि यह आदेश सोनिया गांधी के बाद सीतलवाड़ को दिया गया। पात्रा ने आरोप लगाया कि सीतलवाड़, जो सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की सदस्य भी थीं और 2007 में पद्मश्री से सम्मानित थीं, सीतलवाड़ ने सोनिया से गुजरात ( शेष पेज 8 )

# पिता को पीटने वाले को नाबालिग ने गोली मारी

● सरेराह हुई घटना सीसीटीवी में कैद, मुख्य आरोपी समेत चार लड़के पकड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी का जहांगीरपुरी इलाका एक बार फिर चर्चा में है। यहां पर एक नाबालिग ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर घर के बाहर बैठे एक शख्स के सिर में तमंचे से गोली मार दी। गोली व्यक्ति के दाईं आंख में लगी है। घायल को बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया, बाद उसे एक अन्य अस्पताल भेज दिया गया। सरेराह गोली मारने का यह दिल दहला देने वाला वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले में चार नाबालिग लड़कों को पकड़ लिया है। जिस शख्स को गोली मारी गई उसका नाम जावेद है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब सवा पांच बजे जानकारी मिली थी कि जहांगीरपुरी के एच-4 ब्लॉक में जावेद नामक एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। घायल को बीजेआरएम अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद उसे एक अन्य अस्पताल के लिए रेफर दिया गया। जांच में पता चला कि गोली लगने से जावेद की दाईं आंख में चोट आई है। पुलिस उपायुक्त ऊषा रंगनानी ने कहा कि जावेद के अनुसार शाम करीब पौने पांच बजे वह एच-3 ब्लॉक के पार्क के पास बैठा था।

तभी उसके जानने वाले तीन नागालिग लड़के वहां आए और उनमें से एक ने उसके चेहरे पर गोली मार दी। गोली मारने के बाद वे तीनों भाग गए। उन्होंने बताया कि पीड़ित की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में जहांगीरपुरी थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है और चार किशोरों को पकड़ा गया है।

# लद्दाख सीमा पर तैनात अपने सैनिकों से मिले चीनी राष्ट्रपति

**भाषा।** बीजिंग



**लद्दाख** सीमा से सटे अशांत झिनजियांग प्रांत की इस सप्ताह असामान्य यात्रा पर गए चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वहां तैनात सैनिकों एवं अधिकारियों से भेंट की तथा सीमा की सुरक्षा एवं अशांत प्रांत में स्थिति सामान्य बनाने में उनके शानदार योगदान की तारीफ की। चीनी सेना की शीर्ष कमान सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के मुखिया शी ने झिनजियांग प्रांत में तैनात अधिकारियों एवं सैनिकों के प्रतिनिधियों से शुक्रवार को उसकी राजधानी उरूमकी में भेंट की।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार शी ने प्रांत में तैनात सभी कमांडरों एवं सैनिकों को बधाई दी तथा इस क्षेत्र में उनके शानदार योगदान पर मुहर लगाई। वह 12 से 15 जुलाई तक इस प्रांत की यात्रा पर थे, जहां उनकी सरकार पर अल्पसंख्यक मुसलमानों के उत्पीड़न का व्यापक आरोप लगता रहा है। सरकारी मीडिया शिन्हुआ द्वारा जारी किए गए फोटो में नजर आ रहा है कि शी के साथ भेंट के दौरान पीएलए की वेस्टर्न थिएटर कमान के शीर्ष अधिकारियों के साथ रेजिमेंट कमांडर क्वी फबाओ भी मौजूद हैं।

वेस्टर्न थिएटर कमान पर भारत एवं चीन के बीच 3488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की निगरानी की जिम्मेदारी है, जबकि क्वी पीएलए का वह रेजीमेंटल कमांडर है, जो पूर्वी लद्दाख के गलवान में जून 2020 में हुई झड़प में घायल हो गया था। बाद में क्वी को सीमा की सुरक्षा के लिए हीरो रेजीमेंट कमांडर के खिताब से सम्मानित किया गया था। वैसे तो राष्ट्रपति के संबोधन का पूरा विवरण जारी नहीं किया गया है, लेकिन सरकारी मीडिया की खबर है कि उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा है कि नए दौर में सेना को मजबूत करने के सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के विचार को लागू करना, नए दौर की सैन्य सामरिक नीति को क्रियान्वित करना तथा झिनजियांग में सामाजिक स्थायित्व एवं दीर्घकालिक स्थायित्व को प्रोत्साहित करने में सक्रिय योगदान करना जरूरी है।

सैनिकों के साथ शी की यह मुलाकात इस मायने में महत्वपूर्ण है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की झिनजियांग मिलिट्री कमान मई 2020 में दोनों पक्षों के बीच सैन्य गतिरोध के समय से भारत-चीन सीमा की निगरानी करता है। झिनजियांग में सैनिकों के साथ शी की यह बैठक रविवार को भारत एवं चीन के बीच होने वाली 16 वें दौर की सैन्य वार्ता से पहले हुई है। भारत पूर्वी लद्दाख ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,760 | |
| निफ्टी | 16,049 | |
| सोना | 49,970 | /10g |
| चांदी | 54,326 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सुपरटेक मौजूदा परियोजनाएं पूरी करने के लिए दो होटल और दो शॉपिंग मॉल बेचेगी

**नई दिल्ली।** रियल्टी क्षेत्र की कंपनी सुपरटेक लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसकी योजना मेरठ और हरिद्वार स्थित चार वाणिज्यिक परिसंपत्तियों को अनुमानित 1,000 करोड़ रुपए में बेचने की है। यह मौजूदा परियोजनाओं के निर्माण में तेजी लाने और कर्ज चुकाने के उसके प्रयासों का हिस्सा है। कंपनी ने कुछ साल पहले भी इन परिसंपत्तियों को बिक्री के लिए रखा था लेकिन कोविड महामारी के कारण आतिथ्य तथा खुदरा क्षेत्रों के बुरी तरह प्रभावित होने से ऐसा हो नहीं सका। नोएडा की सुपरटेक लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि मेरठ और हरिद्वार में शॉपिंग मॉलों और होटलों को बिक्री के लिए रखा है और उसका लक्ष्य इससे 1,000 करोड़ रुपए जुटाना है। मेरठ और हरिद्वार में सुपरटेक के एक-एक शॉपिंग मॉल और एक-एक होटल हैं।

# राष्ट्रपति चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने गोवा के पांच विधायक चेन्नई भेजे

**भाषा।** पणजी

**विपक्षी** दल कांग्रेस ने 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले गोवा के अपने 11 विधायकों में से पांच को चेन्नई भेज दिया है। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बताया कि शुक्रवार शाम को विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होते ही पांच विधायकों-संकल्प अमोनकर, यूरी अलेमाओ, अल्टोन डीकॉस्टा, रूडोल्फ फर्नांडीस और कार्लोस अल्वारेस फरेरा को चेन्नई रवाना कर दिया गया।

कांग्रेस नेता ने कहा, शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने के बाद इन विधायकों ने सीधे चेन्नई की उड़ान भरी। उन्होंने बताया कि ए विधायक सीधे राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के लिए सोमवार को गोवा लौटेंगे। ग्यारह जुलाई को शुरू हुआ गोवा विधानसभा का मानसून सत्र अगले शुक्रवार तक चलेगा। हालांकि, सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के छह अन्य विधायकों-पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत, माइकल लोबो, डेलियाला लोबो, केदार नाइक, एलेक्सो सिक्वेरा और राजेश फलदेसाई को चेन्नई नहीं भेजा गया है। संपर्क करने पर माइकल लोबो ने कहा कि उन्हें इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि पार्टी के पांच विधायकों को चेन्नई क्यों ले जाया गया है।

लोबो ने कहा, मुझे नहीं बुलाया गया था। मैं नहीं जानता कि उन्हें चेन्नई क्यों ले जाया गया है। उन्होंने दावा किया कि वह शुक्रवार शाम को एक व्यापार यात्रा के सिलसिले में मुंबई में थे। बीते रविवार को कांग्रेस ने माइकल लोबो को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा दिया था। पार्टी ने लोबो और कामत पर पार्टी के खिलाफ साजिश रचने और भारतीय जनता पार्टी ( शेष पेज 8 )

# श्रीलंका में राष्ट्रपति पद के लिए चयन प्रक्रिया आरंभ

● सर्वोच्च पद की दौड़ में विक्रमसिंघे और प्रेमदासा सहित चार प्रमुख नेता शामिल

**भाषा।** कोलंबो



कोलंबो में शनिवार को श्रीलंका के स्पीकर महिंदा यापा अबेयबर्धने से भेंट करते भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले। भारत पड़ोसी देश में चल रहे पूरे घटनाक्रम पर दृष्टि रखे हुए है

**श्रीलंका** के नए राष्ट्रपति के चयन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शनिवार को संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। श्रीलंका में राष्ट्रपति पद की दौड़ में देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा सहित कुल चार नेता शामिल हैं।

श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट को लेकर व्यापक स्तर पर हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच गोटबाया राजपक्षे के राष्ट्रपति पद से इस्तीफे के कारण 20 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव होगा। 13 मिनट के विशेष सत्र के दौरान संसद के महासचिव धम्मिका दसानायके ने राजपक्षे के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति पद के लिए रिक्ति की घोषणा की। राजपक्षे बुधवार को मालदीव चले गए थे और बृहस्पतिवार को वह सिंगापुर पहुंचे और शुक्रवार को उन्होंने राष्ट्रपति पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। दसानायके ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन 19 जुलाई को दाखिल किए जाएंगे और अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में होते हैं तो सांसद बुधवार को मतदान करेंगे। 225 सदस्ईय श्रीलंकाई संसद में राजपक्षे की सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी का वर्चस्व है। कार्यवाहक राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को आधिकारिक तौर पर समर्थन देने की घोषणा करने के बाद एसएलपीपी में आंतरिक स्तर पर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। पार्टी अध्यक्ष जीएल पेइरिस ने कहा कि एसएलपीपी को अपने सदस्य के अलावा किसी और के पक्ष में मतदान नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पार्टी को एसएलपीपी से अलग हुए नेता अलहप्परुमा का समर्थन करना चाहिए, जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है। नया राष्ट्रपति नवंबर 2024 तक राजपक्षे के शेष कार्यकाल के लिए पद पर रहेंगे। एसएलपीपी ने आधिकारिक तौर पर विक्रमसिंघे के समर्थन की घोषणा की है। प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) 2020 के संसदीय चुनाव में बुरी तरह से हार गई थी। राजपक्षे ने अपने त्यागपत्र में खुद का बचाव करते ( शेष पेज 8 )

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली पत्नी की हादसे में मौत

**एपी।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली पत्नी इवाना ट्रंप की मृत्यु शरीर पर चोट लगने के कारण दुर्घटनावश हुई। न्यूयॉर्क शहर के चिकित्सा परीक्षक के कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया था कि पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या उनकी मौत सीढ़ियों से गिरने से हुई थी। चिकित्सा परीक्षक की संक्षिप्त रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि यह दुर्घटना कब हुई। डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को बताया था कि इवाना का मैनहट्टन के अपर ईस्ट साइड में सेंट्रल पार्क के समीप उनके घर में निधन हो गया। वह 73 वर्ष की थीं। ट्रंप दंपती 1980 के दौर में न्यूयॉर्क के प्रभावशाली दंपती थे। हालांकि, बाद में दोनों ने तलाक ले लिया था, जिसके बाद ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 17 जुलाई, 2022



# ग्रेनो में एक साल में तैयार होंगे 100 बस स्टॉप

## आरएफपी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई, सीईओ ने की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



फाइल फोटो

ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आधुनिक सुविधाओं से लैस 100 बस स्टॉप तैयार हो जाएंगे। इनके निर्माण का काम एक वर्ष में पूरा हो जाएगा। प्राधिकरण ने इस योजना को धरातल पर लाने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल आरएफपी निकाल दिए हैं। इस योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।

1 अगस्त को इसकी तकनीकी बिड खुलेगी। प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने इन परियोजनाओं की ऑनलाइन समीक्षा की और सभी को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

ग्रेटर नोएडा में वर्तमान समय में 75 बस स्टॉप बने हुए हैं। इनको सौंदर्यीकृत किया जाना है। इसके तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 25 नए बस स्टॉप बनने हैं। इन सभी बस स्टॉपों को प्राधिकरण नए ढंग से और आधुनिक सुविधाओं से लैस करना चाहता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर इस प्रोजेक्ट का आरएफपी अपलोड कर दिया गया है। इच्छुक कंपनियां ई-पोर्टल के जरिए इस परियोजना के आरएफपी के लिए आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। इससे पहले 22 जुलाई को प्री-बिड मीटिंग होगी।

1 अगस्त को इसकी तकनाकी बिड खुलेगी। ये सभी बस स्टॉप बीओटी के आधार पर बनाए जाएंगे। इनको विकसित करने वाली कंपनी को 15 साल के लिए विज्ञापन का अधिकार होगा। इससे होने वाली आमदनी का कुछ हिस्सा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भी मिलेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने प्रोजेक्ट व अन्य विभागों की ऑनलाइन समीक्षा की, जिसमें सीईओ ने टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर बस स्टॉपों को शीघ्र तैयार कराने के निर्देश दिए। इन बस स्टॉपों को तैयार करने के लिए एक साल का समय तय किया गया है।

ये बस स्टॉप आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन बस स्टॉपों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाये जाएंगे, जिनमें एक तरफ बसों के आने.जाने का ब्योरा होगा तो दूसरी तरफडिस्प्ले बोर्ड के बैक साइड में प्रदेश के सभी 75 जिलों की खास बातें उकेरी जाएंगी। मसलन डिस्प्ले बोर्ड पर मुरादाबाद के पीतल उद्योग, कन्नौज के इत्र, फिरोजाबाद की चूड़ियां आदि जानकारी दी जाएगी। किस जिले में पर्यटन के प्रमुख स्थल कौन.कौन से हैं, इसका भी उल्लेख होगा। सभी बस स्टॉपों पर मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। प्रत्येक बस स्टॉपों के पास 10 टू व्हीलर्स के लिए पार्किंग का इंतजाम रहेगा, जिनमें तीन चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। हर बस स्टॉपों पर इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक की धुन सुनाई देगी, जिसमें थोड़ी.थोड़ी देर पर स्वच्छता, जल संरक्षण आदि सामाजिक मुद्दों पर संदेश भी आते रहेंगे। इससे बसों का इंतजार कर रहे यात्रियों को बोरियत नहीं होगी।

बस स्टॉपों के पास ही क्योस्क भी लगाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को खाने-पीने के सामान भी मिल सकेंगे। इन स्टॉपों पर शौचालय की भी व्यवस्था होगी। हैंगिंग फ्लावर भी यात्रियों को सुकून के पल देंगे। सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने समीक्षा बैठक में गौड़ चौक पर अंडरपास, गांवों में खेलकूद के मैदान, एलईएडी स्ट्रीट लाइट आदि की भी समीक्षा की। इन प्रोजेक्टों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# एनसीआर में लूटपाट करने वाले बदमाशों से मुठभेड़, 5 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● गोली से घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया



नोएडा पुलिस ने लूटपाट करने वाले पांच बदमाशों को शनिवार सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बदमाशों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लूटपाट की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। बदमाशों के पास से दिल्ली के हर्ष विहार निवासी कैमरामैन जितेंद्र से लूटा गया करीब तीन लाख रुपए कीमत का कैमरा, देसी तमंचा, दो मोटरसाइकिल रामद हुई है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह गश्त पर निकली पुलिस को सूचना मिली कि 10 जुलाई को दिल्ली निवासी कैमरामैन जितेंद्र से महागुन सोसायटी के पास से कैमरा लूटने वाले बदमाश कैमरा बेचने के लिए गाजियाबाद जा रहे हैं। इसके बाद, सेक्टर 113 के थाना प्रभारी शरद कांत और उनकी पुलिस टीम ने सेक्टर 112 के पास बदमाशों की तलाश में जांच शुरू की। सिंह ने बताया कि पुलिस को मोटरसाइकिल पर सवार कुछ बदमाश आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो, बदमाश रुकने की बजाय वहां से भागने लगे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। सिंह ने बताया कि जवाबी कार्वाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस की गोली एक बदमाश अंकित उर्फ बिट्टू सिंह को लगी। उन्होंने बताया कि इनके अन्य साथी ऋषि, विक्रांत जाटव, संदीप तथा नीरज गोयल को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि बदमाशों के पास से एक देसी तमंचा, चाकू, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश अंकित इससे पूर्व भी गिरफ्तार हुआ था। इन बदमाशों ने लूटपाट की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

# राष्ट्रीय रैंकिंग में फिसड्डी साबित हुए नोएडा व ग्रेटर नोएडा के कॉलेज व यूनिवर्सिटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर बड़ी-बड़ी भव्य इमारतों में ढेर सारी दुकानें चल रही हैं। इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा के 150 से अधिक संस्थान है। ये संस्थान देश भर में प्रचार करते हैं कि वे सर्वश्रेष्ठ शिक्षा देते हैं। इन विज्ञापनों से प्रभावित होकर देश भर के बच्चे यहां अपना भविष्य संवारने आते हैं।

बहुत महंगी-महंगी फीस वसूल की जाती है। कई बच्चों के माता-पिता तो अपनी जमीन तक बेचकर बच्चों को यहां पढ़ाने भेजते हैं। भारत सरकार ने कल देश भर के शैक्षणिक संस्थानों की रैकिंग की सूची जारी की है। उस सूची में नोएडा, ग्रेटर नोएडा में चल रहा एक भी कॉलेज अथवा तथाकथित विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी का नाम प्रथम 10 टॉप-10 में शामिल नहीं हुआ है।

शिक्षा मंत्रालय देश भर के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता को नापता है। विभिन्न पैमानों पर नापने के बाद रैंकिंग की सूची जारी की जाती है।

### 11 श्रेणियों में दी जाती है रैंकिंग

रैंकिंग की 11 श्रेणियों में विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, कॉलेज, चिकित्सा, कानून, वास्तुकला, दंत चिकित्सा, अनुसंधान शामिल हैं। ओवरऑल यानी समग्र श्रेणी विश्वविद्यालयों और स्वायत्त संस्थानों को रैंक देती है। जबकि विवि श्रेणी विश्वविद्यालयों को रैंक देती है। इस वर्ष रैंकिंग में 7254 संस्थान शामिल हुए थे। मेडिकल; एम्स दिल्ली, पीजीआई चंड़ीगढ़, क्रिश्चयनमेडिकल कॉलेज आदि शामिल है।

# सरकारी केंद्रों मुफ्त एहतियाती खुराक, फिर भी नहीं आ रहे लोग

● पोर्टल पर स्लॉट बुक कराने में लोगों को हुई दिक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सरकारी केंद्रों में शुक्रवार से 18 से 59 आयुवर्ग के लोगों के लिए टीकाकरण अभियान के अंतर्गत निशुल्क एतहियाती खुराक बूस्टर डोज लगाई जानी शुरू हो गई है।

शुक्रवार और शनिवार को टीका लगवाने के लिए केंद्रों पर भीड़ नहीं रही। सभी केंद्रों पर ऑनलाइन और ऑनस्पॉट दोनों तरह से पंजीकरण की सुविधा दी गई थी। कुछ लोगों का कहना था कि कोविन पोर्टल पर स्लॉट बुक कराने में उन्हें दिक्कत हुई।

जिला अस्पताल में सुबह नौ बजे से पंजीकरण और टीका लगाने की सुविधा शुरू कर दी गई थी। सुबह से ही लोगों की संख्या कम थी। एक वक्त में 10 से 12 लोग ही टीका लगवाने पहुंच रहे थे। वहीं बीच.बीच में लोगों के न पहुंचने के कारण कर्मचारियों को खाली भी बैठना पड़ रहा था। स्टाफ का कहना था कि संभव है कि लोगों को अभी बूस्टर डोज के निशुल्क लगने की जानकारी नहीं है। अस्पताल की एएनएम उषा चौधरी ने बताया कि पहली और दूसरी खुराक के अलावा बूस्टर डोज मिलाकर 750 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य था, जिसकी तुलना में 347 लोगों को टीका लगाया गया। इसमें 324 बूस्टर डोज लगाई गई।

उन्होंने कहा कि इसमें 250 टीके मौके पर पंजीकरण कराकर और बाकी लोग ऑनस्पॉट बुकिंग कराकर टीका लगवाने पहुंचे थे। सेक्टर 21 जलवायु विहार निवासी अतुल ने कहा कि कोविन पोर्टल पर स्लॉट बुक कराने में दिक्कत हुई।

सेक्टर 27 स्थित निजी अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी मोनू ने सबसे पहले टीका लगवाया। भंगेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीका लगवाने के लिए लोगों की कतारें नहीं लगी। यहां पर करीब 400 खुराक पहुंची थी। लोगों को टीका लगवाने में दिक्कत न हो, इसके लिए उचित व्यवस्था की गई थी।

स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ यतेंद्र सिंह ने बताया कि कुल 148 खुराक लगाई गई। इसमें 51 बूस्टर डोज शामिल हैं। मामूरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन में टीका लगवाने के लिए लोगों की कतार थी। कुछ लोगों ने बताया कि स्लॉट न बुक होने के कारण उन्हें लौटा दिया गया था। फिर वे स्लॉट बुक कराकर आए हैं। केंद्र में तैनात स्टाफका कहना था कि न तो पंजीकरण और न ही एंट्री करने के लिए कर्मचारी उपलब्ध कराए गए थे। ऐसे में एक ही कर्मचारी पर तीनों कार्यों का बोझ था।

## संक्षिप्त समाचार




शिविर में मरीज की जांच करते डॉक्टर।

### प्लास्टिक सर्जरी डे: निशुल्क परामर्श शिविर लगा

**गाजियाबाद।** 15 जुलाई को वर्ल्ड प्लास्टिक सर्जरी डे हर साल मनाया जाता है. समय के साथ प्लास्टिक सर्जरी और कॉस्मेटिक सर्जरी का चलन बढ़ा है. इन्फेक्शन, कैंसर, एक्सिडेंट, जलने या अन्य किसी कारण से शरीर के अंगों को हुए नुकसान पर प्लास्टिक सर्जरी की जाती है वहीं कॉस्मेटिक सर्जरी का उद्देश्य अंगों की सुंदरता को निखारना होता है। महिलाएं अपने स्तन, नाक और पलकों की सर्जरी करवाती हैं। अब भारत में भी यह चलन बढ़ता जा रहा है। 15 जुलाई प्लास्टिक सर्जरी डे के मौके पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद में हॉस्पिटल के वरिष्ठ प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जन डॉक्टर मुकेश कुमार द्वारा शनिवार 16 जुलाई को एक निशुल्क परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में 25 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि प्लास्टिक या कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में लोगों ने जानकारी हासिल की। कैंप में आये मरीजों में हेयर फॉल की समस्या भी पाई गई, डॉ मुकेश ने बताया उसके लिए बहुत ही आधुनिकतम तरीके से हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी भी की जाती है जिसमें पीआरपी विधि बहुत ही प्रचलित है तथा इसका 99 प्रतिशत तक सकारात्मक रिजल्ट रहता है।

### यीडा सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह का कार्यकाल बढ़ा

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार ने एक वर्ष के लिए फिर नियुक्ति कर दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डा अरूणवीर सिंह पर एक बार फिर विश्वास जताते हुए 15 जुलाई 2023 तक के लिए चौथी बार नियुक्ति दी है। जेवर एयरपोर्ट की स्थापना से जुड़े कामकाज को पूरा करवाने के लिए उनके कामकाज को अपरिहार्य मानते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें पुनरू एक वर्ष के लिए नियुक्त किया है।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर मूर्छित होकर गिरी महिला, मौत

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट पर एक महिला मूर्छित होकर गिर गई। उसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना बीटा.2 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसकी उम्र 42 वर्ष है। आसपास के लोगों की सहायता से पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा कहीं जाने के लिए वह वाहन के इंतजार में खड़ी थी। वहीं थाना कासना क्षेत्र में रहने वाली जरीना 35 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है।

### युवक की हत्या करके सुनसान स्थान पर फेंका शव

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में हुई संगीन वारदात के दौरान एक युवक की हत्या करके हत्यारों ने उसके शव को हरमपुर गांव के पास स्थित सेक्टर-11 की पानी की टंकी के पास फेंक दिया। अज्ञात युवक की हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को पोस्मार्टम के लिये भिजवाकर उसकी शिनाख्त व मौत की गुत्थी सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिये। इस घटना के संदर्भ में एसएचओ ट्रोनिका सिटी अरविंद पाठक का कहना है कि मृतक के मुंह से झाग निकल रहे थे।

## अलग-अलग मामलों में फरार आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में एक महिला की हत्या के मामले में फरार दो लोगों को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि महिला पुष्पा की उसके पति लाल सिंह तथा उसके रिश्तेदार मनोज और राकेश ने मिलकर हत्या कर दी थी। मामले में फरार मनोज और राकेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लाल सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना प्रभारी ने एक मामले का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 2016 में एक बंदूक लूटने के मामले में फरार बदमाश सतीश को भी पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

# स्वच्छ भारत अभियान की अनदेखी

● डीपीएस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



स्वच्छ भारत अभियान को नजरंदाज कर कूड़े का उचित प्रबंधन न करने और उसे जलाने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग ने नॉलेज पार्क-5 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल डीपीएस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

प्राधिकरण ने स्कूल को जुर्माने की रकम तीन दिनों में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य के प्रभारी डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 लागू है। इसके तहत बल्क वेस्ट जनरेटर को अपने कूड़े का निस्तारण खुद से करना होता है। निस्तारण के बाद बचा हुआ 7 से 10 प्रतिशत इनर्ट वेस्ट ही प्राधिकरण उठाएगा। इसके लिए निर्धारित शुल्क भी देना होगा। प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग की टीम समय.समय पर सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों के परिसर में निरीक्षण करती है और कमी मिलने पर कार्रवाई करती है।

प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के सहायक प्रबंधक उमेश चंद्रा, सेनिटरी इंस्पेक्टर संजीव बिधूड़ी, भरत भूषण व मुदित त्यागी, सुपरवाइजर इंदर की टीम ने नॉलेज पार्क 5 स्थित डीपीएस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कूड़े का प्रबंधन न करने और उसे जलाने की बात सामने आई। उसके बाद प्राधिकरण की टीम ने डीपीएस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# एनईए ने पीएफ कमिश्नर के सामने रखीं उद्यमियों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में शनिवार को पीएफ कमिश्नर शशांक दिनकर, कमिश्नर आकाश सोनकर और विभाग के सीनियर अधिकारियों के साथ उद्यमियों की बैठक हुई।

इसमें एनईए महासचिव वीके सेठ ने पोर्टल और केवाईसी से सम्बन्धित समस्याएं रखी। पीएफ विभाग के अधिकारियों उद्यमियों की इन समस्याओं के तत्काल समाधान का भरोसा दिया। बैठक के दौरान कुछ उद्यमियों की एप्लिकेशन लेकर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। आयुक्त आकाश सोनकर ने केवाईसी और पोर्टल पर शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराने के लिए उद्यमियों से अपील की। उन्होंने कहा कि ये उद्यमियों के लिए ऑनलाइन सुविधा है, जिसे ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने की गुजारिश की। इस मौके पर एनईए के राकेश कोहली, शरद जैन, हरीश जुनेजा, सुधीर श्रीवास्तव, राजन खुराना, पीयूष मंगला, धर्मवीर शर्मा, नीरू शर्मा और प्रदीप अग्रवाल समेत तमाम उद्यमी मौजूद रहे।

# आयकर विभाग ने ने सीबीआई से मांगे दस्तावेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● पूर्व डीजीएम डीके मित्तल पर टैक्स चोरी की होगी बड़ी जांच

नोएडा में आठ जुलाई को इनकम टैक्स और सीबीआई की ज्वाइंट टीम ने नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन एनबीसीसी के पूर्व डीजीएम डीके मित्तल के सेक्टर.19 स्थित आवास पर सर्च की थी। इनमक टैक्स की जांच से पहले ही सीबीआई ने मित्तल का मोबाइल सहित अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए थे।

इनकम टैक्स विभाग ने टैक्स चोरी की जांच का दायरा बढ़ाने के लिए सीबीआई से जब्त किए सभी दस्तावेज व मोबाइल मांगे हैं। खातों की जांच भी की जाएगी। साथ ही इनके फॉरेन ट्रांजेक्शन भी देखे जाएंगे। इनकम टैक्स की टीम ने सर्च के दौरान पूर्व डीजीएम के यहां से 1.50 करोड़ रुपया कैशए 1.2 करोड़ रुपये की जूलरी सहित संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए थे। इनकम टैक्स अधिकारियों ने बताया कि केस सीबीआई का था। अब टैक्स चोरी के मामले को आगे बढ़ाया जाएगा। इसकी एक रिपोर्ट तैयार कर सेंट्रल को भेजी जाएगी। वहां से टैक्स चोरी पर पेनल्टी को डिसाइड किया जाएगा। डीके मित्तल नोएडा में पत्नी और मां के साथ रहते है। जबकि बेटा अमेरिका में रहता है।

बेटी की शादी हो चुकी है। सीबीआई से दस्तावेज आने के साथ ही इनकम टैक्स विभाग इनके बैंक खातों और लॉकरों की जांच के अलावा अमेरिका में रहने वाले बेटे के खातों की जांच भी करेगा। दरअसल, डीके मित्तल ने एक ऐसी कंपनी को सर्टिफिकेट जारी कर दिया था, जो अयोग्य थी और इस कंपनी ने उसी सर्टिफिकेट के जरिये दिल्ली जल बोर्ड के 38 करोड़ रुपए का टेंडर पा लिया था।

# कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए बिजली के खंभों पर लपेटा जा रहा पॉलिथिन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कांवड़ यात्रा और बारिश को मद्देनजर रखते हुए नगर निगम और विद्युत निगम सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों पर पॉलीथिन लपेटने का काम शुरू कर दिया है, जिससे की कोई हादसा न हो। वहीं, पिछले कई दिनों से बंद पड़ी सड़क की लाइटें को भी ठीक किया जा रहा हैं।

नगर निगम के मोहन नगर जोन प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि कांवड़ मार्गों पर शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए काम शुरू कर दिया गया है। बिजली के खंभों और स्ट्रीट लाइट के खंभों पर पॉलीथिन लपेटी जा रही है, जिससे की कोई हादसा न हो। अक्सर बारिश में बिजली के खंभों में करंट उतरने की शिकायतें आती हैं लिहाजा यह कदम उठाया गया है। टीएचए के जीटी रोड, दिल्ली वजीराबाद रोड सहित अन्य सड़कों पर लगे बिजली के खंभों पर विद्युत निगम के सहयोग से पॉलीथिन लपेटी जा रही है। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइटें भी ठीक करवाई जा रही हैं, जिससे की कांवड़ मार्ग पर अंधेरा न रहे। शनिवार तक काम पूरा कर दिया जाएगा। भोपुरा के वार्ड संख्या-20 से पार्षद विनोद कसाना ने गुरुवार को मेरठ में राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर को ज्ञापन दिया।

उन्होंने कहा है कि कोयल एंक्लेव बिजली घर पर ज्याद लोड होने के कारण फॉल्ट हो जाता है। इससे अधिक समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित होती है। ज्ञापन में उन्होंने नया बिजली घर बनाने की मांग की है। साथ ही पुराने बिजली के तारों को बदलने की भी मांग रखी है। तुलसी निकेतन समेत अन्य कालोनियों में लगे खंभे नीचे से गल गए हैं।

# जर्मनी भेजने के नाम पर नेपाली नागरिकों से लाखों की ठगी

● पीड़ितों ने सेक्टर-20 थाने में शिकायत दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर-27 में कार्यालय खोलकर ठगों ने नेपाल के रहने वाले लोगों को जर्मनी भेजने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी कार्यालय बंद कर भाग गए। इस संबंध में पीड़ितों ने सेक्टर-20 थाने में शिकायत दी है।

पुलिस को दी शिकायत में प्रकाश, दिल बहादुर, राज और हेमराज सहित 12 से ज्यादा पीड़ितों ने बताया कि वह नेपाल के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि कुछ समय पहले उनका सोशल मीडिया के माध्यम से अट्टा गांव के विनीत राठी, राजेश यादव और कुमार से संपर्क हुआ था। आरोपियों ने सोशल मीडिया पर जारी विज्ञापन में जर्मनी में नौकरी लगवाने की बात लिखी थी। उन्होंने सेक्टर.27 में एक ऑफिस खोल रखा था। नेपाल के ही रहने वाले रण बहादुर नाम के व्यक्ति के माध्यम से नेपाली युवकों ने विनीत राठी सहित अन्य आरोपियों से संपर्क किया। ठगों ने युवकों से कहा कि उनकी जर्मनी की बड़ी कंपनियों में जान पहचान है। वह आसानी से नौकरी लगवा सकते हैं। इस तरह आरोपियों ने सभी को झांसा देकर प्रत्येक युवक से 5.5 लाख रुपये ले लिए। फिर जालसाजों ने कहा कि उनके पास जल्द ही पासपोर्ट और वीजा पहुंचा जाएगा।

कई महीने तक इंतजार करने के बाद पीड़ितों को वीजा और पासपोर्ट नहीं मिला। वह शुक्रवार को आरोपियों के ऑफिस पहुंचे तो यहां ताला लगा था। आसपास के लोगों ने बताया कि ठग ऑफिस बंद कर फरार हो गए हैं। इसके बाद पीड़ितों ने सेक्टर.20 थाने में आरोपियों के खिलाफशिकायत दी। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले में केस दर्ज किया जाएगा।

### रिश्ता दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

**गाजियाबाद।** रिश्ता दिलाने के नाम पर साढ़े छह हजार की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में एक महिला के खिलाफ नामदज मुकदमा दर्ज किया गया। कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने बेटी की शादी के लिए ऑनलाइन मैरिज ब्यूरो से संपर्क किया। ऑनलाइन मैरिज ब्यूरो चलाने वाली महिला काजल अग्रवाल से पीड़ित की बातचीत हुई। महिला ने साढ़ छह हजार देने की बात की। मैरिज ब्यूरो की तरफसे शादी के लिए लड़कों की फोटो भेजी गई। लड़कों के फोन नंबर मांगे तो फीस के रूप में साढ़े छह हजार रुपये दिया गया।

# निगम बना अव्यवस्था का अड्डा 30 प्रतिशत तक कमीशन : त्यागी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

बीजेपी पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने अव्यवस्थाओं को लेकर नगर निगम को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बना है। 30 प्रतिशत तक कमीशन चल रहा है।

क्या नगर आयुक्त और मेयर को यह रोकना नहीं चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम विकास कार्य को लेकर दबाव बनाने की जो रणनीति बना रहे है वह गलत है। उनका कहना है कि अधिकारियों की कोशिश जनता पर बोझ डालने की रहती है। मगर नियमों को ताक पर नहीं रखा जा सकता है। जब पिछले वर्ष नगर निगम हाउस टैक्स में 15 प्रतिशत का ईजाफा कर चुका है तो इस बार निगम किस नियम के तहत हाउस टैक्स बढ़ाने का दबाव बना रहा है। नियम के खिलाफबोर्ड निगम को नहीं जाने देगा। पार्षद त्यागी ने कहा कि क्या नगर आयुक्त और मेयर आशा शर्मा का यह दायित्व नहीं है कि वह समन्वय बनाकर शासन से निगम का 500 करोड़ रुपये लेकर आए। ताकी शहर में विकास कार्य हो। जो पैसा शासन में अवस्थापना निधि का 500 करोड़ रूपये बकाया है वह शहर की जनता का पैसा है। यह वह पैसा है रजिस्ट्री के दौरान कुल स्टांप शुल्क का दो प्रतिशत शहर के विकास के लिए लिया जाता है। अगर यह पैसा शासन नहीं दे रहा है तो यह भी बताना चाहिए कि इसके लिए निगम ने क्या प्रयास किए है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

## अलीपुर हादसा

# एमसीडी के दो इंजीनियर निलंबित, ठेकेदार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अलीपुर स्थित बकौली गांव में अवैध रूप से बन रहे गोदाम की दीवार गिरने के मामले में पुलिस की कार्रवाई के साथ-साथ दिल्ली नगर निगम ने भी बड़ी कार्रवाई की है।

निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने इस हादसे के लिए नरेला जोन के अभियंत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को मामले की जांच चलने तक निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं। इस दौरान प्रदेश भाजपा ने दिल्ली सरकार से स्थानीय डीएम, एसडीएम और एडीएम के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

पार्टी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर का कहना है कि केजरीवाल सरकार के डीएम और एसडीएम भी इस हादसे और पांच मजदूरों की हुई मौत के लिए जिम्मेदार है। सरकार इनके खिलाफ भी कार्रवाई करें। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि सिकंदर जो की साइड का ठेकेदार था और अलीपुर क्षेत्र के बूढ़पुर गांव का रहने वाला है उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

दूसरा आरोपी सतीश है जो कि वहां पर सुपरवाइजर के रूप में तैनात था। तीसरा मुख्य आरोपी शक्ति सिंह है जो कि गोदाम का मालिक है वह अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है। छह महीने से लगातार शिकायत मिलने के बाद भी जो अधिकारी इन अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे थे क्या उन पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी यह बड़ा सवाल है।

अब तक की जांच में पता चला है कि यह गोदाम लगभग 5000 गज में बना हुआ था। इसमें निर्माण कार्य के दौरान दीवार खड़ी करने का काम चल रहा था। बाद में पता चला कि यहां 13 मजदूर काम कर रहे थे।

सूत्रों का कहना है कि यहां पर चल रहा निर्माण पूरी तरीके से अवैध था और निगम द्वारा इस पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए थे. लेकिन इसके बावजूद यहां पर यह निर्माण कार्य चल रहा था।

# स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित

- डीयू में 37 हज़ार विद्यार्थी दाखिले की दौड़ में शामिल हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने 26 स्नातक और 18 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित कर दिए हैं। अधिकारियों को शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिणाम समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

डीन ऑफ एग्जामिनेशन डीएस रावत ने बताया कि 37 हज़ार विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 65 हज़ार से अधिक विद्यार्थियों को शिकायत निवारण प्रक्रिया के बारे में एक ईमेल भी भेजा गया है। रावत ने कहा, हम परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया में हैं। हमने 37 हज़ार विद्यार्थियों के परिणाम घोषित किए हैं। यह पहली बार है, जब शिक्षण, परीक्षा और मूल्यांकन एक साथ हुआ तथा परीक्षा के 40 दिनों के भीतर परिणाम घोषित किए गए। डीयू के मुताबिक, अब तक बीकॉम (ऑनर्स), बीए (ऑनर्स) दर्शनशास्त्र, हिंदी एवं राजनीति विज्ञान, बीए (वोकेशनल) मानव संसाधन प्रबंधन, बीएससी गृह विज्ञान, गणित व सांख्यिकी आदि पाठ्यक्रमों के नतीजे़ घोषित किए जा चुके हैं। कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद मई-जून में दूसरे और तीसरे वर्ष के स्नातक विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। महामारी की पहली और दूसरी लहर के दौरान विश्वविद्यालय ने ओपन बुक परीक्षा (ओबीई) आयोजित की थी।

### डीयू के पांच कॉलेजों का आना गौरवपूर्ण

राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) द्वारा जारी की गई 10 सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालयों की रैंकिंग में दिल्ली विश्वविद्यालय के 5 कॉलेजों में क्रमशः मिरांडा, हिन्दू, लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर वूमेन, आत्मा राम सनातन धर्म, किरोड़ीमल कॉलेज का आना समस्त दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र समुदाय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। अभाविप दिल्ली के प्रांत मंत्री अक्षित दहिया ने कहा कि, इस वर्ष जब विश्वविद्यालय स्वर्ण जयंती वर्ष माना रहे हैं, इस रैंकिंग के आने में मेधावी छात्रों शिक्षकों एवं नॉन टीचिंग स्टाफ साझी मेहनत है।

# यशवंत सिन्हा का समर्थन करेगी आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी आगामी राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को दी।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बताया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी ने बैठक में सर्वसम्मति से विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को समर्थन देने का निर्णय लिया है। हम भाजपा के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का भी सम्मान करते हैं, लेकिन इस चुनाव में हम लोग विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को समर्थन देंगे। आप के सारे सांसद और विधायक राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपना वोट सिन्हा को देंगे।

# कोविड-19 के 491 नए मामले सामने आए, दो की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 491 नए मामले दर्ज किए और संक्रमण से दो मरीज़ों की मौत हो गई। दिल्ली में दैनिक संक्रमण दर 3.48 फीसदी रही।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जारी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक, इन नए मामलों के साथ ही दिल्ली में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 19,43,517 हो गई, जबकि दो और मरीज़ों की मौत के बाद मृतकों का आंकड़ा 26,291 पर पहुंच गया। बुलेटिन के अनुसार, यह नए मामले पिछले एक दिन में किए गए 14,113 परीक्षणों में सामने आए।

# 'प्लास्टिक प्रतिबंध से पहले केंद्र ने नहीं की तैयारी'

- पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय ने पिछले साल अधिसूचना जारी कर पाबंदी का किया था ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्र ने 1 जुलाई से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दी है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पिछले साल एक अधिसूचना जारी कर पाबंदी का ऐलान किया था।

अब उन वस्तुओं की एक सूची को परिभाषित किया है, जिन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद बाजारों में धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल हो रहा है। अब इस मुद्दे पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

केंद्र ने एकल उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) पर प्रतिबंध लगाने से पहले विनिर्माण इकाइयों को हरित विकल्पों को अपनाने के लिए तैयार करने और लोगों को विकल्प मुहैया कराने के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की। गोपाल राय ने कहा कि प्रतिबंधों को जबरन लागू नहीं किया जा सकता। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लागू करने से पहले राज्य के पर्यावरण मंत्रियों के साथ बैठक तक नहीं की। इसकी (प्रतिबंध की घोषणा में) पूरी तैयारी नहीं की गई। हितधारकों को विकल्पों के बारे में बताया जाना चाहिए था और उन्हें हरित विकल्पों को अपनाने में मदद के लिए सरकार द्वारा मुहैया कराए जाने वाले सहयोग के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए थी। प्रतिबंध की घोषणा करने से पहले इस मामलों को निपटाया जाना चाहिए था।

# निगम स्कूलों के प्रधानाचार्यों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

- शिक्षा विभाग द्वारा मिशन बुनियाद की सफलता के नई पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग ने मिशन बुनियाद की अभूतपूर्व सफलता के पश्चात निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए निगम विद्यालयों के क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारियों,विद्यालय निरीक्षकों एवं प्रधानाचार्यों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छः सत्रों में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन निगम के शिक्षा निदेशक विकास त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में अतिरिक्त शिक्षा निदेशक मुक्तमय मंडल, मिनी शर्मा एवं क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक भी उपस्थित रहे। दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों को पुनर्गठित पाठ्यक्रम एवं शिक्षण को मासिक एवं साप्ताहिक कार्य योजनाओं के आधार पर छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करना है।

यह पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति के आधार पर तैयार किया गया है तथा इसमें पाठ्य सहगामी क्रियाओं के महत्त्व को समझते हुए शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक क्रियाओं का उचित समन्वय किया गया है। शैक्षणिक क्रियाओं के लिए पाठ के विवरण के साथ-साथ पाठ के शिक्षण बिन्दु, शिक्षण विधियाँ, शिक्षण उपागम, शिक्षण सहायक सामग्री के साथ-साथ कलांशाक कार्य पत्रिका भी उपलब्ध करवायी जायेगी। इसके साथ ही विद्यालय में शैक्षिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए मिशन बुनियाद की सफलता के बाद इसे एफएलएन कक्षाओं के रूप अगले दो महीनों तक जारी रखा जायेगा।

दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग के निदेशक विकास त्रिपाठी ने बताया कि यह पाठ्यक्रम बच्चों की आवश्यकताओं, अध्ययन कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप तैयार किया गया है।

# नई शिक्षा नीति के तहत हिंदी भाषा का कामकाज बढ़ेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

क्षेत्रीय भाषाओं में प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा के देशव्यापी पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे है । इस नीति के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में दर्ज 22 भारतीय भाषाओं में उच्च शिक्षा विकल्प के रूप में नहीं बल्कि अनिवार्य रूप से विषय के रूप में भी और शिक्षा के माध्यम के रूप में लागू होने जा रही है ।

इसका स्पष्ट उल्लेख नई शिक्षा नीति के द्वारा बनाए गए मसौदे में शामिल है लेकिन कुछ शिक्षकों द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि नई शिक्षा नीति के लागू होने पर कॉलेजों में हिंदी विषय का वर्कलोड कम हो जाएगा जबकि हिंदी का वर्कलोड बढ़ने की बात अरबिंदो कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रभारी व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.हंसराज सुमन ने कही है।

हिंदी विषय पढ़ना अब हर छात्र का अनिवार्य होगा। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.हंसराज सुमन का कहना है कि यह बात सामने आई है कि बी.ए., बी.कॉम व बी.एससी पाठ्यक्रम में सम्मिलित एईसीसी को हटा दिया गया है उसके स्थान पर अब एईसी अर्थात लागू कर दिया गया है जिससे अनिवार्यतः शब्द हट गया है ।

## संक्षिप्त समाचार



### रोहिणी में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा , रोहिणी स्थित मुंगेशपुर गाँव में, कबड्डी टूर्नामेंट आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में दिल्ली की 20 टीमों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीपीएमआई के चेयरमैन विनोद बचेती, सागर खत्री एवं मदर खजानी कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सरिता उपस्थित रहे। अभाविप दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अभिषेक टंडन ने कहा कि कबड्डी भारत की संस्कृति से जुड़ा हुआ खेल है। इसमें शरीर के साथ मानसिक व्यायाम भी उचित मात्रा में होता है।

### मारपीट के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में मामूली बहस के बाद एक व्यक्ति से कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार को उस समय हुई जब जामा मस्जिद के पास झूला चलाने वाले प्रेम सिंह (48) अपने साथी के साथ घर लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने कहा, जब प्रेम सिंह आई-ब्लॉक, एबी-एक्सटेंशन, पीर बाबा मज़ार के पास पहुंचे तो एक संकरी गली के सामने से एक टेंपो आ रहा था। सिंह और टेंपो चालक ताहिर हुसैन के बीच इस बात पर बहस छिड़ गई कि कौन पहले सड़क पार करेगा। बाद में बहस मारपीट में बदल गई। उपायुक्त ने बताया कि हुसैन की तरफ से चार और लोग- सधीर, मुजफ्फर, जुनैद और रईस- आ गए जबकि सिंह ने अपने भाई को फोन किया। झगड़े में सिंह के सिर में चोटें आईं और एसजीएम अस्पताल ले जाया गया।

झमाझम बारिश



### मूसलाधार बारिश से कई जगहों पर जलभराव

**नई दिल्ली।** शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली लेकिन कई स्थानों पर जलभराव हो गया और लोगों को यातायात जाम का सामना करना पड़ा। दिल्ली में पिछले कई दिनों से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था लेकिन शनिवार को हुई बारिश से कुछ राहत मिली है। दिल्ली के कई इलाकों में लोगों को बारिश का आनंद लेते हुए देखा गया।लोगों ने सोशल मीडिया पर जलभराव की कई तस्वीरें भी पोस्ट की। धौला कुआं, विकास मार्ग, आईटीओ, सिकंदरा रोड और मजनू का टीला के पास रिंग रोड समेत कई इलाकों में जलभराव होने के कारण यातायात प्रभावित हुआ।

# विकास में महिलाओं का योगदान अहम : आतिशी



- अदिति महाविद्यालय का 27वां वार्षिक दिवस समारोह मनाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश को विकासशालीन से विकसित बनाने के लिए महिलाओं का योगदान अहम है। आज केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में महिलाएं उच्च पदों बढ़चढ़ कर नेतृत्व कर रही है फिर चाहे वह खेल, व्यापापर हो या राजनीति। अदिति महाविद्यालय के 27वें वार्षिक दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आप विधायक आतिशी ने कहा कि के दौरान ये बातें कही ।

'ग्लोरियस इंडिया की थीम पर आयोजित इस समारोह में विधायक आतिशी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए लड़कियां सब कुछ कर सकती है बशर्ते वह किसी को भी अपनी सफलता की सीमा तय नहीं करने दें। आतिशी के अनुसार आज देश दुनिया की बड़ी कंपनियों की अगुवाई भारतीय महिलाएं कर रही है और वे उन सभी छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत जो देश के लिए कुछ करना चाहती है।

रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, गवर्निंग बॉडी (संचालक मंडल) के चेयरमैन प्रिंस शर्मा और कॉलेज की प्रिन्सिपल प्रो. ममता शर्मा मौजूद थी।

# समस्याओं को लेकर एलजी से मिले बिधूड़ी

- लाल डोरा बढ़ाने, कृषि भूमि से पानी की निकासी और स्किल यूनिवर्सिटी शुरू करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी की कई बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना से विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एक शिष्टमंडल के साथ मुलाकात की। बिधूड़ी ने उन्हें इन समस्याओं का ज्ञापन सौंपा और उपराज्यपाल ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया है।

ज्ञापन में दिल्ली देहात की मांगों के अलावा दिल्ली सरकार के 12 कॉलेजों का आर्थिक संकट, सैनिक फार्म समेत 67 कॉलोनियों को नियमित करना, 5 सालों से सील पड़ी 15 हजार दुकानों को डिसील करना और जौनापुर में स्किल्स यूनिवर्सिटी का काम शीघ्र शुरू करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। बिधूड़ी ने बताया कि उपराज्यपाल का रूख अत्यंत सकारात्मक रहा और उन्होंने सभी समस्याओं को बड़े गौर से सुना। ज्ञापन में कहा गया है कि दिल्ली के गांव जौनापुर में ग्राम-सभा की जमीन पर सरकार द्वारा बनाए जाने वाली वर्ल्ड क्लॉस स्किल्स यूनिवर्सिटी का काम अभी तक शुरू नहीं किया गया है।

नजफगढ़ क्षेत्र तथा रावता आदि दर्जनों गांवों में सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य जमीन पर बरसाती पानी के अलावा हरियाणा ड्रेन का गंदा पानी और आसपास बसी सैकड़ों अनधिकृत बस्तियों का गंदा पानी भर जाने के कारण किसानों की फसल तबाह हो जाती है। यहां से पानी की निकासी का उचित प्रबंध कराया जाए।

# गुरु तेग बहादुर अस्पताल में लगाए जाएंगे 1000 पौधे

## आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता: राम निवास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गुरु तेग बहादुर अस्पताल ने इस वर्ष कम से कम 1000 पेड़ लगाने की प्रतिबद्धता के साथ अपने वृक्षारोपण अभियान को तीसरे चरण तक जारी रखा। दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने पौधरोपण अभियान आरम्भ किया।

राम निवास गोयल ने इस अवसर पर बोलते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर आदमी को एक पेड़ गोद लेकर उसका संरक्षण करना चाहिए। हमें पौधरोपण करने के बाद उसके जीवन पर भी ध्यान रखना होगा नहीं तो पौधरोपण का समुचित लाभ नहीं मिल पायेगा।इस अवसर पर विधायक एवं रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष कुलदीप कुमार हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक सुभाष गिरी के अलावा कई डॉक्टर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान फलदार वृक्षों जैसे आम, चीकू, मौसमी पेड़ सहित विभिन्न पेड़ लगाए गए, जो न केवल भविष्य में फल देंगे बल्कि छाया प्रदान करेंगे और पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करेंगे। चिकित्सा निदेशक सुभाष गिरी ने कहा की उपरोक्त अभियान के आयोजन के लिए इस दिन को चुनने का कारण हरेला उत्सव की शुरुआत है, जो पूरे भारत में विशेष रूप से उत्तराखंड में मनाया जाता है।

हरेला का अर्थ है हरे रंग का दिन और भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने के लिए श्रावण (हिंदू चंद्र कैलेंडर का पांचवां महीना) के महीने में मनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि सभी को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 17 जुलाई, 2022



# अपने स्किल को राष्ट्र निर्माण में लगाएं युवा: एसीपी अखिल

## विश्व युवा स्किल दिवस पर अंतरराष्ट्रीय बाक्सर अखिल कुमार ने कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित राजकीय मॉडल आईटीआई में विश्व युवा स्किल दिवस पर कार्यक्रम में एसीपी यातायात अखिल कुमार को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

**भारत** युवाओं का देश है और स्किल के मामले में देश के युवा सबसे आगे हैं। युवा अपने स्किल को राष्ट्र निर्माण में लगाएं, ताकि राष्ट्र को मजबूत किया जा सके। यह बात अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर रहे गुरुग्राम के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी यातायात) ने शनिवार को यहां राजकीय मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित विश्व युवा स्किल दिवस पर कार्यक्रम में कही।

जिला स्तरीय युवा स्किल कार्यक्रम लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा, फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री हरियाणा के महासचिव एवं वरिष्ठ उद्योगपति दीपक मैनी भी मौजूद रहे। युवा स्किल कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई के प्रिंसिपल जयदीप कादयान द्वारा की गई। आईटीआई अपने संबोधन में अखिल कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई ना कोई हुनर जरूर होता है, उसका प्रयोग करके हमें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज विश्व में भारत ही ऐसा देश है, जहां युवा सबसे अधिक हैं। किसी भी देश का विकास और सुरक्षा युवाओं पर निर्भर करती है। उन्होंने उपस्थित सभी को ट्रैफिक के विषय पर जागरूक करते हुए कहा कि हम सब को यातायात के नियमों का पालन करना चाहये। उन्होंने कहा कि सड़कों पर निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन नहीं चलाना चाहिए। गलत दिशा में वाहन ना चलाएं, दुपहिया वाहन चलते समय हेलमेट अवश्य पहनें और गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। ट्रैफिक नियमों का पालन करके हम अपना और दूसरों का जीवन बचा सकते हैं। लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा ने कहा कि युवा अवस्था में ही काम करने और मेहनत करने की क्षमता होती है। युवा अवस्था का किया हुआ काम और मेहनत बुजुर्ग अवस्था मे काम आता है। एफआईआई के महासचिव दीपक मैनी ने कहा कि युवाओं में स्किल डेवेलप करने में आईटीआई का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आईटीआई गुरुग्राम के प्रिंसिपल जयदीप कादयान ने बताया कि विश्व कौशल दिवस का कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक की तरफ से आयोजन करने के निर्देश दिए गए थे। श्री कादयान कहा कि संस्थान के छात्रों को स्किल बनाने में सभी स्टाफकड़ी मेहनत के कारण हर वर्ष सैकड़ो स्किल छात्र बेहतर प्लेसमेंट के साथ साथ स्व-रोजगार भी पाते है, जो देश के ओधोगिक विकास में महती भूमिका निभाते है। विश्व स्किल दिवस के अवसर पर उन सभी छात्रों, उद्योगों और पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

## राज्य शिक्षक अवार्ड-2022 के लिए आवेदन आमंत्रित

**गुरुग्राम।** शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग्य शिक्षकों से राज्य शिक्षक पुरस्कार-2022 के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। योजना के तहत राज्य स्तर पर सेकेंडरी शिक्षा में 20 पुरुष व 20 महिलाएं एवं प्राथमिक शिक्षा के तहत 25 पुरुष व 25 महिला शिक्षकों को इस पुरस्कार से नवाजा जाएगा। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा के सेकेंडरी शिक्षा विभाग ने राज्य शिक्षक पुरस्कार-2022 के लिए योग्य शिक्षकों से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 14 जुलाई से आवेदन आमंत्रित करने शुरू कर दिए है।

आवेदनकर्ता शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा जारी लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है। उपरोक्त लिंक पर स्वयं नामांकन करने के लिए आवेदक-शिक्षक का पासवर्ड एवं ओटीपी उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही प्राप्त होगा। आवेदनकर्ता शिक्षक अपना पूरा विवरण तीन एमबी की पीडीएफ फाइल के साथ लिंक पर अपलोड कर सकता है। इससे अधिक एमबी की फाइल होने पर उसे गूगल ड्राइव पर अपलोड करना होगा।

# गुरुग्राम में 15 दिन तक घूमने के बाद महालक्ष्मी जन आशीर्वाद यात्रा संपन्न

## सभी वर्गों का यात्रा को मिला समर्थन और सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**महालक्ष्मी** जन आशीर्वाद यात्रा 15 दिन तक गुरुग्राम जिला में घूमने के बाद शनिवार को संपन्न हो गई। अंतिम दिन सुभाष चौक स्थित सिटी पार्क रिसॉर्ट सोसायटी परिसर तथा सेक्टर-52 में भव्य स्वागत और आरती के आयोजन आयोजित किए गए। समाज के प्रबुद्ध लोगों ने इसमे हिस्सा लिया।

सोसायटी परिसर में भारती जैन द्वारा आयोजित स्वागत आयोजन में स्थानीय पार्षद कुलदीप यादव, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य अमित गोयल, नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल के अध्यक्ष गुंजन मेहता, धर्मेन्द्र फौजी, युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष राजीव मित्तल, विकास भारती फाउण्डेशन के निदेशक वंश जैन, नमन शर्मा, संयम जैन, रेनु गोयल, ज्योति जैन, मदन गोपाल सिंगला, अमित गुप्ता, बीएल अग्रवाल, ललित अग्रवाल, जसप्रीत कौर, सिविल डिफेन्स से दीपेन्द्र प्रताप, जेपी राघव, सागर ने हिस्सा लिया। यात्रा साइबर सिटी पार्क सेक्टर-46 होते हुए भारत विकास परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी रिषी अग्रवाल के आवास सेक्टर-52 में पहुंची। जहां भव्य स्वागत के साथ गुरुग्राम यात्रा का समापन कर प्रसाद वितरण किया गया। समापन अवसर पर विशेष आमंत्रित रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल तथा पूर्व डिप्टी मेयर परमिन्दर कटारिया रहे।

डा. डीपी गोयल ने कहा कि अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सुन्दर दास अग्रवाल तथा युवा अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजीव मित्तल के सफल निर्देशन में महालक्ष्मी जन आशीर्वाद यात्रा का जो पन्द्रह दिनों के अंतराल में रात-दिन मेहनत कर टीम के सभी सदस्यों ने इस यात्रा को ग्यारह हजार अग्र परिवारों तक पहुंचने का जो लक्ष्य प्राप्त किया है, वह प्रशंसनीय है। निश्चित तौर पर अग्रोहा शक्तिपीठ में महालक्ष्मी के विश्व के सबसे बडे मन्दिर मे गुरूग्राम का योगदान और हुंडियों के रूप मे एकत्र ईटों का योगदान नींव के पत्थर के समान होगा। यात्रा के दक्षिण हरियाणा रथ यात्रा संयोजक मनोज गोयल गुडियानिया ने कहा कि अग्रवाल सम्मेलन के सभी प्रकल्पो के योगदान मे महिला सम्मेलन और उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के रात दिन की मेहनत और टीम की एक जुटता से गुरूग्राम के 15 दिवसीय प्रवास को पूर्ण सफलता मिली है।

# हर रेलवे स्टेशन परिसर को बनाएंगे हरा-भरा : डा. डीपी गोयल


रेलवे स्टेशन पर पौधारोपण करते डा. डीपी गोयल, रेलवे के अधिकारी व अन्य लोग।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में किया पौधारोपण

**गुरुग्राम।** रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने कहा कि गुरुग्राम समेत जिला के सभी रेलवे स्टेशन, हाल्ट को हरा-भरा बनाया जाएगा। इसके लिए रेलवे कर्मचारियों, दैनिक यात्रियों को सहयोग देना होगा। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बात उन्होंने शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेशन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम में कही।

गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रेलवे सलाहकार सदस्य डा. डीपी गोयल का स्टेशन अधीक्षक एसएल मीना समेत कर्मचारियों ने स्वागत किया। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन की पार्क में स्टेशन अधीक्षक एसएल मीना के संयोजन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राम कुमार गर्ग, सतबीर कादयान, रमेश धनखड़, रवि शर्मा, विजय वर्मा, अमित गुप्ता, इंद्रपाल सल्ले, एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी हरियाणा सदस्य पारस बक्शी, सीटीआई रेलवे स्टेशन संजीव राव, एसएचओ नितिन मेहरा, योगेश शर्मा, संतोष ठाकुर, विकास आर्य, जितेंद्र दूदेहा, राजेश बंसल, डिंपल राठी, वीके शर्मा, अमन हुड्डा, उमाकांत शर्मा, नित्यानंद, धर्मेंद्र शर्मा, किलोब सिंह, डा. भरत समेत संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे। पौधारोपण करने के बाद अपने संबोधन में डा. डीपी गोयल ने पर्यावरण का महत्व समझने पर जोर देते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन रक्षक हैं। इनसे मिलने वाली ऑक्सीजन के साथ इनकी छाया भी हमें जीवनदान देती है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की आबोहवा बहुत दूषित हो चुकी है। हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण मिले, इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। इसके लिए स्वस्थ पर्यावरण के लिए ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग भी बंद कर दें। यह हमारे लिए हानिकारक है। कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग करें, ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से हम बंद कर सकें।

डा. गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि एक व्यक्ति खेतों में या कहीं और किसी पेड़ को काटता है और उसे आराम करने के लिए ही दूसरे पेड़ की छाया में बैठना पड़ता है। इसी से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं कि पेड़ हमारे जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ हमें लगाने चाहिए।

# किसान की प्रगति एसबीआई का लक्ष्य : जीएम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव माजरा में मेरा गांव मेरी बैंक स्कीम के तहत कार्यक्रम में बोलते भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक अभय सिंह।

**किसान** की प्रगति और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना भारतीय स्टेट बैंक की प्राथमिकता में शामिल है। किसान भाइयों की प्रगति भारतीय स्टेट बैंक का लक्ष्य है। भारतीय अर्थव्यवस्था में देश के किसानों का महत्वपूर्ण योगदान बना हुआ है। बैंक और किसानों के बीच या फिर अन्य उपभोक्ता हो दोनों के बीच एक दूसरे पर भरोसा दोनों पक्षों के लिए बहुत जरूरी है। यह बात भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक अभय सिंह ने पटौदी क्षेत्र के गांव माजरा में मेरा गांव मेरी बैंक स्कीम कार्यक्रम में कही।

इस मौके पर मुख्य रूप से पटौदी की तहसीलदार रीटा ग्रोवर, उप-महाप्रबंधक गुरुग्राम अमरेंद्र कुमार सुमन, उप महाप्रबंधक राजीव रतन श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक वित्तीय समावेशन कमलजीत साहनी, बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक गुरुग्राम से अमित कुमार, भारतीय स्टेट बैंक पटौदी शाखा के प्रबंधक पुष्पेंद्र यादव, क्षेत्राधिकारी फरूखनगर से अंकित यादव सहित अन्य बैंक अधिकारी भी मौजूद रहे। बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक 32 पैसा प्रति सेंकड़ा ब्याज की दर से लोन उपलब्ध करवा रहा है। इसी प्रकार से गोल्ड लोन पर 30 पैसा प्रति सैकड़ा के हिसाब से केवल मात्र 30 मिनट में लोन प्राप्त किया जा सकता है । इसके अलावा कृषि और किसानी से जुड़े उपकरण जिनमें मुख्य रुप से ट्रैक्टर व अन्य साधन संसाधन कृषि के उपकरण शामिल हैं, उसके लिए भी बैंक के दरवाजे 24 घंटे खुले हुए हैं। आवेदक को केवल मात्र संबंधित लोन प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज सहित औपचारिकताएं पूरा करनी होती है। यह कार्य होते ही बैंक के द्वारा आवेदक को उसकी जरूरत के मुताबिक लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है। किसान भाई को ट्रैक्टर लेना हो, एजुकेशन के लिए लोन लेना हो, मकान बनाना हो, पशुपालन का कार्य करना हो या अन्य कोई भी व्यवसाय करना हो। केंद्र सरकार के द्वारा ग्रामीणों और किसानों सहित आम व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं बैंक के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई है। इसमें कोई भी व्यक्ति अपना उद्योग भी लगा सकता है, दुकान कर सकता है या अन्य कोई व्यवसाय भी किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक पटौदी शाखा के प्रबंधक पुष्पेंद्र यादव और उप महाप्रबंधक गुरुग्राम अमरेंद्र कुमार सुमन ने ग्रामीणों और किसानों का आह्वान किया कि जिस भी कार्य के लिए बैंक से लोन लिया जाए।

# वन विभाग बरसात के बाद अतिक्रमण हटाएगा

## वन विभाग की शहरी क्षेत्र में जमीन पर तेजी से बढ़ता जा रहा अतिक्रमण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के पुराने अलवर मार्ग पर वन विभाग की सेक्शन 4/5 की जमीन पर बना नगर परिषद का अवैध कूड़ा निस्तारण केन्द्र।

**वन** विभाग बरसात के मौसम बाद अपनी जमीन से अवैध अतिक्रमण को सफाया करेगा। वन विभाग की सैकड़ों एकड़ जमीन पर पिछले करीब 20 वर्ष से अवैध अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहा है।

वन विभाग की शहरी क्षेत्र में जमीन पर तेजी से बढ़ता अतिक्रमण सिर दर्द बनता जा रहा है। विभाग की जमीन पर अवैध रुप से कब्रिस्तान, पक्के मकान, पशुओं के रहने के लिए झोंपड़ी, अवैध पार्किंग के साथ-साथ धर्म की आड़ में धार्मिक स्थलों का निर्माण किया जा रहा है। जिसके चलते वन विभाग की जमीन घटती जा रही है। वन विभाग की जमीन पर नगर परिषद द्वारा बनाया कूडा निस्तारण केन्द्र पर भी एक बार फिर से टेढ़ी नजरें होने लगी, क्योंकि नगर परिषद द्वरा कूड़ा निस्तारण केन्द्र के लिए जमीन का होने वाली अदला-बदली सही ढंग से नहीं की जा रही है। सूत्रों के अनुसार नगर परिषद द्वारा जमीन के बदले में वन विभाग को पहाड़ी जमीन को दिया जा रहा है। इस जमीन को लेने से वन विभाग की तरफ से इंकार कर दिया है। जिससे नगर परिषद की कूड़ा निस्तारण केन्द्र निर्माण योजना पर खतरे के बादल मड़राने लगे हैं।

**बरसाती मौसम के बाद दिए जाएंगे नोटिस** : वन विभाग बरसात के मौसम में चलने वाले पौधारोपण कार्य से राहत मिलने के बाद जमीन पर 15 से 20 वर्ष से अवैध कब्जा करने वालों को नोटिस देना शुरू करेगा। नोटिस पर जमीन को खाली न करने पर विभाग अदालत का सहारा लेकर जमीन को मुक्त कराएगा। वन विभाग पौधारोपण के साथ-साथ कब्जाई हुई जमीन का सर्वे भी कर रहा है। जिससे अवैध कब्जाधारियों को नोटिस देने में किसी प्रकार की परेशानी न हो सके।

> “ **अवैध** कब्जे वाली जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने के साथ ही पौधारोपण किया जाएगा। वन विभाग अपने मूल कार्य हरित क्रांन्ति को उच्चाइयों की और लेकर जाएगा।
>
> **संजय यादव**
> **( रेंज अधिकारी वन विभाग )**

# संक्षिप्त समाचार

## तीज मेले की तैयारियां हुईं शुरू, लगने लगे झूले और दुकानें


देवीलाल खेल स्टेडियम में तीज के अवसर पर लगने वाला मेले की तैयारियां शुरू।

**सोहना।** शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम में लगने वाला हरियाली तीज के अवसर पर मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 20 जुलाई से स्थानीय नागरिक मेले का आनंद ले सकेंगे। इस बार 12 अगस्त तक मेला चलेगा। शहर में हरियाली तीज के अवसर पर लगने वाला मेला की इस बार रिकार्ड तोड़ बोली पर 60 लाख 50 हजार रुपये में छोड़ा गया है। जिसे दिल्ली निवासी प्रवीण गोदारा ने लिया था। 31 जुलाई को हरियाली तीज का यह मेला सबसे आकर्षित होता है। जिसकी खेल स्टेडियम में ठेकेदार प्रवीण गोदारा ने तैयारिया करना आरंभ कर दिया है। प्रवीण गोदारा ने बताया कि इस बार 20 से 25 प्रकार की अलग-अलग मनोरंजन वाले कार्यक्रम होंगे। जिसमें मौत का कुंआ से लेकर आसमान की ओर छलांग लगाने वाले झूले तक शामिल है। उन्होंने बताया कि स्टेडियम में लगी घास को खराब होने से बचाया जाएगा।

## आर्य विद्या मंदिर में छात्रों को किए लैपटॉप वितरित


गुरुग्राम के आर्य विद्या मंदिर में लैपटॉप लिए छात्र, उनके साथ मौजूद शिक्षक।

**गुरुग्राम।** छात्रों का शिक्षा के प्रति रुझान बना रहे और वे आधुनिक तकनीक का लाभ उठाकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें, इसके लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। सेक्टर-4 स्थित राजकीय मॉडल वरिष्ठ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमनलता शर्मा ने बताया कि शनिवार को आर्य विद्या मंदिर परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर लैपटॉप देकर पुरस्कृत किया गया। कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कृष्ण व द्वितीय स्थान पर रहने वाले छात्र बबलू, कॉमर्स संकाय के छात्र रोशन व अभिषेक गिरि तथा कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शक्ति व मुस्कान झा को भी पुरस्कार स्वरूप लैपटॉप दिए गए। प्रधानाचार्या कहा कि इससे छात्रों का जहां मनोबल बढ़ेगा, वहीं वे लैपटॉप के माध्यम से शिक्षा की नई तकनीकों का भी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल रहे।

# क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी एवं हाईजीन समाधानों पर क्लीन इंडिया शो का उद्घाटन

## ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोजशिन मार्ट हुआ

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



**क्लीनिंग** टेक्नॉलॉजी पर एशिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड एक्स्पोजशिन क्लीन इंडिया शो के 18 वें संस्करण, वेस्ट टेक्नॉलॉजी इंडिया एक्सपो, लॉड्रेक्स इंडिया एक्सपो और ऑटो केयर एक्सपो का उद्घाटन ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोजशिन मार्ट लिमिटेड में हुआ। शो का उद्घाटन मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह तंवर, म्यूनिसिपल कमिश्नर, गाजियाबाद म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा किया गया।क्लीन इंडिया टेक्नॉलॉजी वीक उत्पादों, सिस्टम्स, समाधानों व सेवाओं को एक जगह लेकर आ रहा है, ताकि भारत में साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और कपड़ों की देखभाल से संबंधित सभी जरूरतें पूरी हो सकें। क्लीन इंडिया शो के उद्घाटन के मौके पर महेंद्र सिंह तंवर, म्यूनिसिपल कमिश्नर, गाजियाबाद म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ने कहा, ''परिवारों में केवल 20 प्रतिशत म्यूनिसिपल जल का ही इस्तेमाल हो पाता है। शेष 80 प्रतिशत जल बेकार बह जाता है। भविष्य में शहरों को ऐसे तरीके तलाशने होंगे ताकि इस बहुमूल्य संसाधन को एकत्रित कर ट्रीट किया जा सके और इसका दोबारा इस्तेमाल हो सके।

उद्घाटन के अवसर पर आरए राजीव, फाउंडर डायरेक्टर, अर्बन वर्ल्ड कंसल्टिंग (ओपीसी) प्राईवेट लिमिटेड, डॉ. गोपाल कृष्णा बी, म्यूनिसिपल कमिश्नर, हुबली-धरवाड मेट्रोपोलिटन कॉर्पोरेशन, शालिनी गोयल भल्ला, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल काउंसिल फॉर सर्कुलर इकॉनॉमी कमिटी एवं सदस्य, ड्राई वेस्ट एवं सीएंडडी वेस्ट, नीति आयोग, उल्हास पार्लिकर, ग्लोबल कंसल्टैंट, वेस्ट मैनेजमेंट, सर्कुलर इकॉनॉमी, पालिसी एडवोकेसी, एएफआरएस एवं को-प्रोसेसिंग, पीटर हुग, एमडी-वीडीएमए, राल्फ सुनील, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एडमिनिस्ट्रेशन, जेएसडब्लू स्टील, विजयनगर वर्क्स, वैशाली सिन्हा, डायरेक्टर-हाउसकीपिंग, मेलुहा द फर्न, प्रशांत सिंह, एमडी-ब्लू प्लैनेट, जयराम नायर, चेयरमैन, वीआईएस ग्रुप, जेपी नायर, मैनेजिंग डायरेक्टर, वीआईएस ग्रुप, मंगला चंद्रन, एडिटर-इन-चीफ, क्लीन इंडिया जर्नल, मोहना एम., एडिटर, क्लीन इंडिया जर्नल और सुदीप सरकार, सीईओ, आईएमएल मौजूद थे।

# रोटरी क्लब ने द्रोणाचार्य कालेज में लगवाया वाटर कूलर


गुरुग्राम के द्रोणाचार्य कालेज में वाटर कूलर का उद्घाटन करते प्राचार्य डा. विरेंद्र सिंह अंतिल।

**गुरुग्राम।** सौ वाटर कूलर दान देने (नि:शुल्क लगवाने) का लक्ष्य लेकर चले रोटेरियन रविंद्र जैन ने रोटरी क्लब साइबर सिटी के प्रधान रोटेरियन पंकज डावर के सहयोग से शनिवार को द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में भी एक वाटर कूलर लगवाया। कालेज के प्राचार्य डा. विरेंद्र सिंह अंतिल ने रिबन काटकर उद्घाटन किया।

इस दौरान डॉ. रविंद्र जैन के अलावा एडवोकेट प्रवीण गुप्ता, रोटरी क्लब साइबर सिटी के प्रधान रोटेरियन पंकज डावर, मुकेश शर्मा, नवीन गुप्ता एडवोकेट, कुलदीप कटारिया, कॉलेज प्रोफेसर लीलमणी गौड़, डॉ. राजकुमार शर्मा, डॉ. नरेंद्र अरोड़ा सहित काफी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्राचार्य डा. विरेंद्र सिंह अंतिल ने रविंद्र जैन का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाजसेवा में वे लगातार काम कर रहे हैं। उनके द्वारा वाटर कूलर लगाने का रखा गया लक्ष्य बड़ी बात है। उन्होंने स्वयं कालेज में आकर वाटर कूलर लगाने के लिए सम्पर्क किया और वाटर कूलर लगा दिया है।

रविंद्र जैन ने कहा कि अपने लक्ष्य में आगे बढ़ते हुए अभी तक 12 वाटर कूलर अलग-अलग स्थानों पर लगवा दिए हैं। इन्हें आरओ के साथ जोड़ा गया है। ये कूलर जिला अदालत, राजकीय महिला कालेज का हॉस्टल, लेजरवैली पार्क, सेक्टर-14 मार्केट, पंचायत भवन, महिला आईटीआई और कुछ स्कूलों में लगवाए गए हैं। श्री जैन ने कहा कि ये सभी वाटर कूलर उन्होंने अपने निजी कोष से लगवाए हैं। समाजसेवा का यह क्रम जारी रहेगा।

# अमेजन ने किया भारत में प्राइम डे-2022 की डील्स का खुलासा, ग्राहकों को मिलेंगी सबसे बेहतरीन डील्स

## 23 और 24 जुलाई को मिलेंगी शानदार डील, नए प्रोडक्ट लॉन्च, ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट के साथ और भी बहुत कुछ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**भारत** में प्राइम मेंबर्स के लिए अमेजन अपने सबसे बड़े प्राइम डे के साथ पूरी तरह तैयार है। यह प्राइम डे शनिवार 23 जुलाई, 2022 को दोपहर 12:00 बजे शुरू होगा और 24 जुलाई, 2022 तक चलेगा। आप अपने घर में सुकून के साथ बैठकर आराम के साथ ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का आनंद लेते हुए अपने पसंदीदा सामान की खरीदारी कर सकते हैं, क्योंकि अमेजन अपने प्राइम मैंबर्स के लिए लेकर आया है विभिन्न कैटेगरी में बेस्ट डील्स और बचत। यह इस साल का वह सबसे बेहतरीन वक्त है, जब मैंबर्स स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लाइंसेस, अमेजन डिवाइस, फैशन एंड सौंदर्य, होम एंड किचन, फर्नीचर, रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं आदि पर हजारों डील्स का लाभ उठाकर अपनी जरूरत की सभी चीजें खरीद सकते हैं। भारत सहित 25 देशों में 200 मिलियन से अधिक प्राइम मैंबर्स प्राइम का मजा उठा रहे हैं। क्या आप अभी तक मैंबर नहीं बने हैं? प्राइम बेनिफिट्स जैसे फ्री एवं फास्ट डिलीवरी, अनलिमिटेड वीडियो, एड-फ्री म्यूजिक, एक्सक्लूसिव डील्स, पॉपुलर मोबाइल गेम्स पर फ्री इन-गेम कंटेंट का आनंद लेने के लिए अमेजोनडॉटइन/प्राइम पर 1,499 रुपये में सालाना या 179 रुपये में मासिक सब्सक्रिप्शन के साथ प्राइम से जुड़ें। इसके अलावा, 18 से 24 साल के ग्राहक यूथ ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके तहत इस आयु के युवा प्राइम के लिए साइन अप करने के बाद अमेजन पर अपनी उम्र को वेरिफाई कर अपनी प्राइम मेंबरशिप पर 50 फीसदी की छूट प्राप्त कर सकते हैं।

### प्राइम डे 2022 डील्स पर एक नजर: स्मार्टफोन और एक्सेसरीज

- स्मार्टफोन और एक्सेसरीज पर 40 फीसदी तक की छूट।
- अमेजन कूपन के साथ 7000 रुपये तक की अतिरिक्त छूट पाएं और चुनिंदा स्मार्टफोन के एक्सचेंज पर 7000 रुपये तक अतिरिक्त छूट प्राप्त करें।

# ट्रौमा सेंटर बनाने को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** में 40 लाख की जनसंख्या में ट्रौमा सेंटर नही है। ऐसे में गंभीर घायलों को दिल्ली रेफर कर दिया जाता है। जिसमें कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। जिसे देखते हुए बल्लभगढ़ में ट्रामा सेंटर की मांग को लेकर सामाजिक संगठनों ने मांग पत्र पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है।

सेवा वाहन के संचालक सतीश चोपड़ा ने इसकी शुरुआत की। इसी कड़ी में शनिवार को सतीश चोपड़ा ने समाजसेवी विष्णु गोयल, धीरज राणा, राजेश शर्मा व मार्बल मार्किट मार्केट के व्यापारियों को अपने क्षेत्र व साथियों से मांगपत्र पर नागरिकों के हस्ताक्षर करवाने की जिम्मेदारी दी। सभी ने उन्हें इस जनहित मांग में सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## सेवा वाहन के संचालक सतीश चोपड़ा समाजसेवियों को सौंप रहे मांगपत्र पर हस्ताक्षर की जिम्मेदारी

**औद्योगिक नगरी :** सतीश चोपड़ा ने बताया कि जिले में दो सौ बिस्तरों के सिविल अस्पताल के अलावा अन्य कोई ऐसा अस्पताल नहीं है, जहां गरीब लोग भर्ती हो सके। लेकिन सिविल अस्पताल में जिले के अलावा पलवल, हथीन, मेवात समेत अन्य कई जिलों के लोग इलाज को रेफर होकर आते हैं, क्योंकि पलवल में भी कोई भी टौमा सेंटर नहीं है। बीके पहुंचने पर उन्हें यहां से दिल्ली रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में समय पर इलाज न मिलने से कई घायलों की मौत हो जाती है।



समाजसेवियों को ट्रौमा सेंटर मांगपत्र पर हस्ताक्षर की जिम्मेदारी सौंपते सतीस चोपड़ा।

ऐसे में जिले में ट्रौमा सेंटर की बेहद जरूरत है। केजीपी, केएमपी, मुंबई एक्सप्रेसवे, जेवर एक्सप्रेस वे आदि के रूप में आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवा भी बेहतर होनी चाहिए। हरियाणा सरकार ने बेहतर विकास के लिए एफएमडीए भी बना दिया। लेकिन स्वास्थ्य सेवाओ की तरफ सरकार का ध्यान खींचने के लिए ट्रामा सेंटर की मांग उठा रही है।

**ट्रौमा सेंटर की जरूरत :** सेवा वाहन के संचालक सतीश चोपड़ा ने बताया कि वे जिले में ट्रौमा सेंटर बनवाने की मांग कर रहे है। जिससे फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, होडल में रहने वाले लोगों को समय पर इलाज मिले व असमय होने वाली मौतों की संख्या भी कम हो सके।

उन्होंने कहा कि मैं कई संस्थाओं सोशल एक्टिविस्ट को इस मुहिम में जोड़ चुका हूं। दो महीने मे अपने साथ जुड़ी सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं तक पहुंच जाऊंगा। उम्मीद है यह क्षेत्र का सबसे बड़ा आंदोलन होगा और पहली बार लोग स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर भी आएंगे। समय लगेगा पर हम सभी मिलकर इस मुहिम को अवश्य सफल बनाएंगे।

# स्वास्थ्य एवं गृहमंत्री अनिल विज ने किया अमृता हॉस्पीटल का निरीक्षण

## अस्पताल के बनने से मेडिकल के क्षेत्र में बहुत ज्यादा सुधार होने जा रहा है : विज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


अमृता हॉस्पिटल का निरीक्षण करते अनिल विज।


बरसात के बावजूद भी दौरा करने पहुंचे विज संग में हैं सीपी।

**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और गृहमंत्री अनिल विज ने शनिवार को फरीदाबाद में अमृता हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के बनने से मेडिकल के क्षेत्र में बहुत ज्यादा सुधार होने जा रहा है। 2400 बेड के अस्पताल में लगभग 300 बेड पीडियाट्रिक के लिए आरक्षित है।

इस मौके पर मीडिया कर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 2400 बेड का अमृता हॉस्पिटल यहां पर बना है और इस हॉस्पिटल में विश्वस्तरीय उपकरणों और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में लगभग 300 बेड पीडियाट्रिक के लिए आरक्षित है तथा यह एक सुपरस्पेशल्टी हॉस्पिटल है।

**इकोनॉमी क्लास के लिए भी प्रावधान :** विज ने कहा कि इस अस्पताल में सभी सुविधाएं दी गई है और इस अस्पताल में इकोनॉमी क्लास के लिए भी प्रावधान रखा गया है। विज ने कहा कि उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से कहा है कि सरकारी कर्मचारियों के लिए भी इस अस्पताल को एंपैनल करवाना चाहिए। ताकि सरकारी कर्मचारी भी लाभ उठा सकें। इसी प्रकार, उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के लिए भी इस अस्पताल को एंपैनल करवाना चाहिए। ताकि वे भी इसका लाभ उठा सकें।

**विदेशों से भी आयेंगे मरीज :** विज ने कहा कि इस अस्पताल के बनने से मेडिकल के क्षेत्र में बहुत ज्यादा सुधार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल पूरे भारत के लिए है। क्योंकि जिस तरह इस अस्पताल में सुविधाएं हैं, उस हिसाब से भारत ही नहीं विदेशों से भी यहां मरीज आयेंगे।

**लगभग 11000 कर्मचारी होंगे :** विज ने बताया कि इस अस्पताल को मैनेज करने के लिए लगभग 11000 कर्मचारी होंगे। जिसमें डॉक्टर, मैनेजर और अन्य स्टाफ सभी प्रकार के लोग होंगे। बिजली व पानी की समस्या के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान में हूं। जो समस्याएं होंगी उन्हें ठीक किया जाएगा।

इस दौरान स्वास्थ्य एवं गृहमंत्री अनिल बिज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अस्पताल आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 24 अगस्त को इस अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए यहां आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर अस्पताल प्रबंधन के साथ साथ जिला प्रशासन द्वारा भी जोर शोर से तैयारियां की जा रही है।

# नकली सोना बेचने की आड़ में ठगने वाले गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विकास** अरोड़ा के दिशा निर्देश एवं डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान के मार्गदर्शन और एसीपी क्राइम सुरेंद्र स्योराण के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेन्द्र कुमार की टीम ने असली के नाम पर नकली सोने के सिक्के बेचने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पांचों आरोपी एक ही परिवार के हैं। जिसमे आरोपी पन्ना लाला और उसकी पत्नी रमा तथा पुत्र धर्मेन्द्र, राजन व नितिन का नाम शामिल है। सभी आरोपी बल्लभगढ़ के उंचागांव के रहने वाले है। दिनांक 28 जून 2022 को फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी के रहने वाले डॉक्टर निशांत ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह एक एमबीबीएस डॉक्टर हैं। ग्रीन फील्ड कॉलोनी में अपना क्लीनिक चलाते हैं। 8 फरवरी 2022 को एक व्यक्ति अपने परिवार के साथ इलाज के लिए उनके पास आया था। इलाज के दौरान उसके परिजनों ने बताया कि उन्हें



पैसों की सख्त जरूरत है और वह पैसों के बदले उन्हें सोने के सिक्के दे सकते हैं। जो उनके पुरखों को खेत में खुदाई के वक्त मिले थे। आरोपियों ने कम पैसों में ज्यादा सोने के सिक्के देने का लालच दिया। सैंपल के तौर पर पीड़ित डॉक्टर को कुछ सिक्के दे दिए। जिसे सुनार से चेक करवाने पर वह सोने के सिक्के असली पाए गए। जिससे पीड़ित को ठगों पर विश्वास हो गया। इसके लगभग 20 दिन पश्चात आरोपियों की पीड़ित से फिर बातचीत हुई। जब उन्होंने पीड़ित को सिक्के खरीदने के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उनके पास करीब 40 लाख रुपये का इंतजाम है और वह इससे सोने के सिक्के खरीद लेंगे। इसके बाद 2 मार्च को पीड़ित डॉक्टर को आरोपियों ने पैसे लेकर नोएडा बुलाया।

# किसानों को किया जलशक्ति अभियान के तहत जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसी** जितेन्द्र यादव के दिशा-निर्देश पर सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में गांव जवां में मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरी विरासत, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, भवन्तात भरपाई योजना व विभागीय योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत करवाने व जागरुक करने के लिए एक बागवानी जागरुकता कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप की अध्यक्षता जिला बागवानी अधिकारी डा. रमेश कुमार ने की। जागरुकता कैम्प में किसानों को बागवानी अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं से रूबरू करवाया गया। इसके अतिरिक्त बागवानी विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं के पैम्पलेट्स भी वितरित



किए गए ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सके। डा. रमेश कुमार ने किसानों से आह्वान किया कि वे उद्यान विभाग की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा अपनाए। जिससे किसान बागवानी फसले लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। जलशक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण के भागीदार बन सकते हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे विभागीय योजनओं मेरा पानी मेरी विरासत को अपनाकर धान की फसल को छोड़ कर बागवानी की फसलें अपनाए जिससे पानी की बचत हो सके तथा अधिक आय प्राप्त कर सकें।

# विधायक नीरज ने निगमायुक्त के साथ किया डबुआ गांव का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विधायक** नीरज शर्मा ने नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव के साथ किया डबुआ गांव का दौरा कर नगर निगम आयुक्त को गांवों की समस्यों के बारे अवगत करवाया। विधायक नीरज शर्मा के साथ नगर निगम आयुक्त वार्ड-10 के सूर्य देवता मंदिर बूस्टर पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

आयुक्त नगर निगम द्वारा बताया गया की बूस्टर पर बिजली का कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है। जल्द ही बूस्टर एनआईटी की जनता को समर्पित किया जाए। बूस्टर के चालू होने से डबुआ गांव, गाजीपुर,नगंला गुजरान, डबुआ कालोनी के लोगो को पानी की किल्लत से निजात मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान डबुआ गांव की सरदारी के मांग रखी गई की डबुआ गांव का मुख्य फिरनी वाली रास्ता एवं डबुआ गांव से भाकरी जाने वाला



मुख्य रास्ता काफी जर्जर अवस्था में है जल्द से जल्द इसको बनाया जाए। जिस पर आयुक्त ने आश्वासन दिया की जल्द ही डबुआ गांव का मुख्य रास्ता एवं अन्य रास्तों का निर्माण करवाया जाएगा। विधायक नीरज शर्मा ने आयुक्त नगर निगम को अवगत करवाया की डबुआ पाली रोड का कार्य काफी समय से लम्बित पड़ा है। इस बारे विधानसभा में भी प्रश्न उठाया गया था। प्रश्न उपरांत कार्य तो शुरू हुआ है लेकिन फिर से कार्य बीच में रूका पडा है जिसके कारण डबुआं गांव, बजाडी गांव, डबुआ कालोनी, पानी के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही विधायक नीरज शर्मा ने गांव बाजाडी की समस्यों के बारे भी अवगत करवाया कि गांव बाजडी और गांव डबुआ का नगर निगम के अतर्गत आए हुए कई वर्ष हो गए, लेकिन आज भी दोनों गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इसके साथ ही आयुक्त नगर निगम ने विधायक नीरज शर्मा के साथ डबुआ कालोनी में स्थित ईडब्लूएस फ्लैटों का निरीक्षण भी किया।

## फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 को

**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने जिला में ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के मतदाताओं की फाइनल फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रकाशन तैयार करने के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए।

यह दिशा-निर्देश भारतीय निर्वाचन आयोग और प्रदेश निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जारी किए गए हैं। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, डीडीपीओ राकेश मोर, अतिरिक्त सीईओ जिला परिषद अंकिता, डीआईओ मुनेष बाबु अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# पीएम का एक ही मकसद, श्रेष्ठ व अखण्ड भारत : कृष्णपाल गुर्जर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**प्रशिक्षण** शिविर के तीसरे सत्र में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि श्रेष्ठ भारत और अखण्ड भारत ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एकमात्र मकसद है। पीएम मोदी के नेतृत्व में लोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है। दुनिया में भारत की छवि को भी बेहतर बनाने में मोदी के कार्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस तीसरे सत्र की अध्यक्षता पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने की।

कृष्णपाल गुर्जर ने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि वे मोदी व मनोहर सरकार द्वारा किये गए विकास कार्यों से आए बदलावों को जनता तक पहुंचाने के ध्वज वाहक बनें। इस मौके पर उन्होंने विपक्ष पर भी तंज कसा और कहा कि विपक्ष के पास गर्व करने के लिए कुछ नहीं हैं। हमारा सौभाग्य है कि हमें नरेंद्र मोदी जैसा नेता मिला जिस पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि आठ साल में मोदी सरकार ने जो काम किए हैं वो 70 साल के इतिहास में पहले कभी भी नहीं हुए। उन्होंने कहा पीएम मोदी जब मीटिंग लेते हैं तो उनके पास सभी का रिपोर्ट कार्ड होता है। पीएम मोदी ने


सूरजकुंड स्थित राजहंस के सभागार में बीजेपी की प्रदेश प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

योजनाओं को कागजों में नहीं बनाया बल्कि 100 प्रतिशत तक उस पर काम किया और लोगों तक पहुंचाया है।

देश के आजाद होने के बाद से चली आ रही धारा-370 को हटाने की पिछली किसी सरकार ने हिम्मत नहीं की। सबसे बड़ी बात कि कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था कि भारत से धारा-370 समाप्त होगी। लेकिन इस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा-370 को हटाकर साकार किया। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार ने तीन तलाक पर काम किया, भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अब बन रहा है, ऐसे अनेक काम जिनमें काशी विश्वनाथ धाम, सोमनाथ मंदिर समेत कई तीर्थ धाम हैं उन सभी का संरक्षण भी सरकार कर रही है।

पिछली सरकारों ने देश में गरीबी हटाओ का नारा तो दिया पर उस पर धरातल पर काम नहीं किया। नरेंद्र मोदी ने जब शपथ ली तो सबसे पहले यही कहा था कि हमारी सरकार सरकार गरीबों की सरकार होगी। पीएम ने योजनाओं को कागजों में नहीं बनाया बल्कि 100 प्रतिशत तक उस पर काम किया और लोगों तक पहुंचाया। मोदी शासन में तीन करोड़ लोगों आवास का लाभ मिला। 35 करोड़ लोगों को लोन की सुविधा उपलब्ध हुई। 45 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले गए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 20 करोड़ महिलाओं के खाते में 500 रुपये डालती है तो पूरा पैसा उन महिलाओं तक पहुंचता है।

## पहले दिन यात्रा का ग्रीन फील्ड सोसायटी में किया जोरदार स्वागत

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के नेतृत्व में अग्रोहा की पावन धरती पर स्थापित अग्र-विभूति स्मारक (अग्रोहा शक्तिपीठ तीर्थ स्थल) से प्रारंभ होकर पूरे हरियाणा में जन-जन को अपना आशीर्वाद देने एवं विश्व शांति, सुख, समृद्धि के लिए घूम रहीं कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा हरियाणा के फरीदाबाद जिले में भ्रमण कर रही है, जिसके पहले दिन यात्रा का ग्रीन फील्ड सोसायटी में समाज के बंधुओं ने स्वागत-अभिनंदन किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश चंद गोयल एवम गुरुजी आचार्य नर्मदा शंकर ने पितृ भूमि अग्रोहा के पुन: निर्माण की बात की, रथ यात्रा के महत्व को समझाया, साथ ही वर्ष में एक बार जरूर अग्रोहा शक्तिपीठ के दर्शन करने का आग्रह किया और अग्रोहा में निर्माणाधीन आद्य महालक्ष्मी एवं अष्टलक्ष्मी के मंदिर निर्माण में कम से कम एक ईंट का सहयोग करने की अपील की साथ ही उन्होंने बताया की इस रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य शहर के साथ-साथ दूर-दराज में बैठे समाज के बंधुओं के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करना है।

# मौलिक अधिकारों के प्रति जागरुक किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**गवर्नमेंट** गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स के सहयोग से छात्राओं ने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरुक किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि छात्राओं ने विभिन्न मौलिक अधिकारों को व्यक्त करते हुए पोस्टर और पेंटिंग भी बनाई।

उन्होंने सभी छात्राओं आकांक्षा, निशा, अक्षिता, चंचल, पूजा, प्रीति, प्रियांशी, मुस्कान, अंकिता, खुशी तथा लीगल लिटरेसी क्लब इंचार्ज प्राध्यापिका आशा की प्रशंसा करते हुए बताया कि साधारण कानूनी अधिकारों को राज्य द्वारा लागू किया जाता है। उनकी रक्षा की जाती है जबकि मौलिक अधिकारों को देश के संविधान द्वारा लागू किया जाता है तथा संविधान द्वारा ही सुरक्षित किया जाता है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि साधारण कानूनी अधिकारों में विधानमंडल द्वारा परिवर्तन किये जा सकते हैं परंतु मौलिक अधिकारों में परिवर्तन करने के लिये संविधान में परिवर्तन आवश्यक हैं। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि भारतीय संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का वर्णन संविधान के तीसरे भाग में अनुच्छेद 12 से 35 तक किया गया है। इन अधिकारों में अनुच्छेद 12, 13, 33, 34 तथा 35 का संबंध अधिकारों के सामान्य रूप से है। 44 वें संशोधन के पास होने के पूर्व संविधान में दिये गये मौलिक अधिकारों को सात श्रेणियों में बांटा जाता था परंतु इस संशोधन के अनुसार संपति के अधिकार को सामान्य कानूनी अधिकार बना दिया गया। छह मौलिक अधिकार : समानता का अधिकार अनुच्छेद 14 से 18 तक, स्वतंत्रता का अधिकार अनुच्छेद 19 से 22 तक, शोषण के विरुध अधिकार अनुच्छेद 23 से 24 तक, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार अनुच्छेद 25 से 28 तक और सांस्कृतिक तथा शिक्षा सम्बंधित अधिकार अनुच्छेद 29 से 30 तक एवम संवैधानिक उपचारों का अधिकार, अनुच्छेद 32 प्राप्त हैं। उन्होंने सभी छात्राओं से अपने अधिकारों के साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## सेक्टर-21 में जलभराव से जनता खासी परेशान



**फरीदाबाद।** शहर के पॉश समझे जाने वाले सेक्टर 21-ए में हर बार वर्षा आने से कई जगह पर बरसाती पानी एकत्रित हो जाता है। जिससे यहां आवागमन करने वाले सेक्टर वासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समाजसेवी युगल किशोर शर्मा, अर्जुन भल्ला सुभाष शर्मा आदि ने बताया कि मैत्री ब्लॉक के सामने, महिमा लेन के सामने, सेंट्रल पार्क के निकट ड्रेनेज सिस्टम वर्षों से ठप पड़े हुए हैं। जिससे बरसाती पानी जल्दी खाली नहीं होता है।एक ओर तो नगर निगम ने कभी ध्यान नहीं दिया है। दूसरी ओर सेक्टर की डब्ल्यूसीआरए द्वारा रेन वाटर सिस्टम लगाने के दावों का जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है, किन्तु इस बरसात में वह सब खोखले साबित हो रहे हैं। युगल किशोर शर्मा ने कहा कि यदि सेक्टर 21-ए को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट लिमिटेड के दायरे में लिया गया होता तो बहुत हद तक समस्याओं का दूरगामी समाधान हो जाता। किंतु राजनीतिक कारणों से सेक्टर 21-ए की उपेक्षा लगातार हो रही है। मतदाता नगर निगम चुनाव और विधानसभा चुनावों में भावी प्रत्याशियों से अवश्य प्रश्न करेंगे।

## वाहन चोर हथियार समेत गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी सुरेन्द्र सिंह की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जतीन उर्फ जय फरीदाबाद के एसजीएम नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर थाना आदर्श नगर क्षेत्र से देशी पिस्तोल सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पैदल घुमकर रेकी करता है। मौका देख कर दिन व रात में चोरी की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस रिमांड में आरोपी से अन्य 5 वारदातों का खुलासा हुआ जिसमें आरोपी से 5 मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

## आईटीआई और कॉलेज छात्राओं को दिए सुरक्षा के टिप्स





**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त के द्वार महिला सुरक्षा को लेकर चलाए गए अभियान तहत महिला थाना बल्लभगढ़ प्रभारी इंदु बाला और दुर्गा शक्ति टीम ने कार्य करते हुए आईटीआई कॉलेज तिगांव व उंचागांव में छात्रों के साथ होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की सुरक्षा के लिए फोन में दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड कराकर प्रयोग करने की जानकारी दी है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस क्रम में महिला थाना प्रभारी ने पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ व स्वस्थ रखने का संदेश दिया। इसके साथ ही छात्राओं से अनुरोध किया कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए कम से कम एक पौधे अवश्य लगाएं। महिला विरुद्ध हो रहे अपराध को लेकर आईटीआई विश्वविद्यालय तिगांव में छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड कराकर प्रयोग करने की जानकारी दी है। अगर छात्रा किसी भी मुसीबत के समय दुर्गा शक्ति एप पर कॉल कर अपनी सुरक्षा कर सकती है। इस एप से कॉल करने पर फोन की लॉकेशन पुलिस के पास पहुंच जाती है। जिससे पुलिस तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंच जाती है।

## रविंदर फागना ने 40 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** कृष्णा क्रिकेट अकादमी मैदान फरीदाबाद में प्रैक्टिस मैच खेला गया यह मैच रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर और स्पोर्ट्स लैंड के बीच खेला गया। इस मैच में रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी मिर्ज़ापुर ने स्पोर्ट्स लैंड को 40 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंदर फागना ने बताया की यह मैच 40 - 40 ओवर का था और रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 10 विकेट पर 200 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ ने 36 रन, सागर ने 29 रन, प्रियांशु ने 20 रन, आरिफ ने 18 रन बनाए। स्पोर्ट्स लैंड की और से गेंदबाजी करते हुए हर्ष ने 4 विकेट, शक्षम और शोर्य ने 2-2 विकेट, रेयान ने 1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स लैंड ने 37.5 ओवर में 10 विकेट में 160 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए प्रिंस ने 27 रन, शक्षम ने 18 रन, हर्ष ने 14 रन, आर्यन ने 13 रन बनाए। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी मिर्जापुर टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऋषभ और उम्र व् वैश और प्रियांशु व् हाशिम ने 2-2 विकेट, अभिषेक ने 1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ऋषभ को दिया गया।

## कबाडी का अपहरण करने वाले मुख्य आरोपी गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** 27 अप्रैल को थाना सेक्टर-8 में उत्तर प्रदेश बलरामपुर जिले के रहने वाले दीपक ने अपने किडनेपिंग की शिकायत दी। जिसमें उससे 44000/- रुपये छिने और 150000/-रुपये की फिरौती लेकर जंगल में छोड़ कर फरार हो गये थे। जिसकी सूचना पीडिंत ने 27 अप्रैल को थाना में दी, जिसपर तुरंत मुकदमा दर्ज कर उच्च अधिकारियों को मामले की सूचना देकर, आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शमीम उर्फ शम्मी पलवल के गांव चिल्ली रहने वाले ने अपने साथियों के साथ लेकर उत्तर प्रदेश के जिले बलरामपुर के गांव टेगनहवा के दीपक कबाड़ी को पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी शमीम उर्फ शम्मी ने कम पैसे में अच्छा स्क्रैब का माल (पन्नी प्लास्टिक) खरीदाने का लालच दिया था। जिसके लालच से पीडित फरीदाबाद आया।जिसे आरोपी के दोस्त ने JCB चौक को आसपास किसी खंडहर में ले जाकर अपने साथियों की मदद से दबोच लिया। 44000/-रुपये छीन लिए और 150000/-रुपये फोन से घर से मंगवा लिए और रात के समय जंगल में जाकर छोड दिया था।

## एचसीएस और संबद्ध सेवा परीक्षा के लिए बैठक

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा 24 जुलाई, 2022 को होने वाली एचसीएस और संबद्ध सेवा परीक्षा के सुचारू, प्रति-मुक्त और निष्पक्ष संचालन के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इस परीक्षा के लिए 1,48,262 उम्मीदवार राज्य भर के 10 जिलों के 524 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। यह जानकारी मुख्य सचिव श्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। संजीव कौशल ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से परीक्षा के संचालन के संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि उपायुक्त अपने जिलों में प्रत्येक 5-10 स्थानों के लिए अधिकारियों का उड़न दस्ता नियुक्त करें। उपायुक्त और पुलिस की संयुक्त टीम जिलों में स्थापित परीक्षा केंद्रों का दौरा करेगी और केंद्र के आसपास के क्षेत्र की जांच करेगी। किसी भी परीक्षा केंद्र के पास किसी भी व्यक्ति या वाहन की संदिग्ध गतिविधियों पर अतिरिक्त निगरानी रखनी चाहिए।

# एसडीएम से बकाया मांगा तो घर पर चलवा दिया बुलडोजर

## ●फर्नीचर कारोबारी ने आरोप लगाते हुए की शिकायत, जांच के आदेश

भाषा। लखनऊ

**मुरादाबाद** जिले के बिलारी निवासी एक कारोबारी ने आरोप लगाया है कि जब उसने फर्नीचर के दो लाख 67 हजार रुपए मांगे तो उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) ने उसके घर पर बुलडोजर चलवा दिया। शिकायत मिलने पर मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। सिंह ने इस संदर्भ में शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे पास 11 जुलाई को शिकायत आई थी और इसमें मैंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि घटना की जांच कर मुझे बताएं। जिलाधिकारी को यह भी स्पष्ट किया गया है कि जांच एडीएम (अपर जिलाधिकारी) स्तर के अधिकारी से कराएं। मंडलायुक्त ने कहा कि जिलाधिकारी ने एडीएम (प्रशासन) को जांच सौंपी है और जांच अधिकारी ने शुक्रवार को जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा, मैंने एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी थी और आजकल में यह रिपोर्ट मिल जाएगी, इसके बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्वाई होगी। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि एडीएम प्रशासन को जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक और आरोप है कि शिकायतकर्ता ने क्षेत्र के एक तालाब पर कब्जा कर लिया है तथा अतिक्रमण के मामले में कोई कार्वाई न हो, इसके लिए एसडीएम के खिलाफ उसने शिकायत की है। उन्होंने कहा कि दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। मुरादाबाद के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से की गई शिकायत में बिलारी के स्टेशन रोड निवासी फर्नीचर कारोबारी जाहिद अहमद ने कहा है कि बिलारी के एसडीएम घनश्याम वर्मा ने बेड, कुर्सी, मेज, सोफा आदि पसंद किए और अपने आवास पर भिजवाने के लिए कहा। कारोबारी ने कहा कि उन्होंने एसडीएम के आवास पर फर्नीचर के साथ ही एक लाख 48 हजार रुपए का बिल भेज दिया। आरोप के मुताबिक, एसडीएम ने तीन जुलाई को दीवान तथा सोफा समेत एक लाख 19 हजार रुपए का फर्नीचर और खरीदा तथा इसे हरदोई में अपनी बेटी के यहां भिजवा दिया। अहमद ने शिकायत में कहा है कि जब उन्होंने एसडीएम से फर्नीचर के बिल के दो लाख 67 हजार रुपए का भुगतान करने को कहा तो एसडीएम ने उन्हें बर्बाद करने की धमकी दी। कारोबारी ने आरोप लगाया कि इसके बाद उन्होंने 11 जुलाई को मंडलायुक्त से शिकायत की लेकिन 12 जुलाई को एसडीएम ने बुलडोजर के साथ उनके (कारोबारी) घर तहसीलदार को भेज दिया और घर की दीवार गिरा दी गई। अहमद ने कहा कि जब उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर गुहार लगाई तो बुलडोजर की कार्वाई रुक गई। इस संबंध में घनश्याम वर्मा का पक्ष नहीं मिल सका। समाजवादी पार्टी (सपा) ने इस मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से शुक्रवार को ट्वीट किया गया, योगी जी के अधिकारी बुलडोजर से जनता का कर रहे शोषण। मुरादाबाद में फर्नीचर के रुपए मांगने पर एसडीएम बिलारी ने कारोबारी के घर पर बुलडोजर चलवाकर दीवार गिराई, निंदनीय एवं शर्मनाक। इसी ट्वीट में सपा ने यह भी कहा मामले का संज्ञान लें सीएम। एसडीएम के खिलाफ हो कार्वाई। कारोबारी के नुकसान की भरपाई करे सरकार। सपा के इस ट्वीट के जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, योगी जी की सरकार एक पारदर्शी सरकार है और आम या खास में कोई अंतर नहीं करती है। बड़े से बड़ा अधिकारी हो या सामान्य से सामान्य कोई हो, यदि उसके खिलाफ दोष सिद्ध पाया गया तो सरकार उसके खिलाफ कड़ी कार्वाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के आरोप केवल राजनीति से प्रेरित हैं।



वाराणसी में इन दिनों हर-हर महादेव की गूंज है, श्रावण के पवित्र महीने में कांवड़ियों की टोलियां भोलेबाबा की नगरी में धूम मचा रही हैं



काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए मिर्जापुर में गंगा नदी से पवित्र जल एकत्र करते कांवड़िए

## महिला सिपाही ने पुलिस निरीक्षक पर दुष्कर्म का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात एक महिला सिपाही ने अमेठी जिले में तैनात पुलिस निरीक्षक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। सुल्तानपुर नगर कोतवाली थाने में सिपाही की तहरीर पर निरीक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरी ओर, पुलिस निरीक्षक ने महिला सिपाही पर अपने दिए गए रुपए मांगने पर पेशबंदी में यह मामला दर्ज कराने का आरोप लगाया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार को कोतवाली नगर में महिला सिपाही की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई और हर पहलू की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात एक महिला सिपाही ने अमेठी जिले में तैनात पुलिस निरीक्षक निशु तोमर के विरुद्ध शुक्रवार को सुल्तानपुर नगर कोतवाली में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि घटना उस समय की है जब तोमर सुल्तानपुर में तैनात थे। इस संबंध में पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक निशु तोमर ने दावा किया कि महिला सिपाही ने उनसे अपनी मां की बीमारी का हवाला देकर रुपए लिए थे और रुपए न देना पड़े, इसलिए उसने उनके खिलाफ फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने कहा, महिला सिपाही के खिलाफ मैंने सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई कार्वाई नहीं हुई। तोमर ने कहा कि करीब तीन माह पहले मैंने अदालत का दरवाजा खटखटाया और महिला सिपाही के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की अर्जी दी। इस मामले की सुनवाई अगस्त में होनी है।

## वृद्ध ने आत्महत्या की

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में 75 वर्षीय वृद्ध ने घर के अंदर फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। थानाध्यक्ष कोखराज गणेश प्रसाद सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव के रहने वाले राधे रमण (75) का शव आज उनके घर के एक कमरे में फांसी से लटकता हुआ मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिंह ने कहा कि वृद्ध ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या की है इसकी जांच की जा रही है।

## एनएफओ सदस्यता के लिए 25 जुलाई तक चलेगा अभियान

**कानपुर।** एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने 12 जुलाईए 2022 को एक नया फंड एडलवाइस फोकस्ड इक्विटी फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। जैसा कि नाम से पता चलता हैए यह एक केंद्रित इक्विटी योजना है जिसका उद्देश्य एक क्यूरेटेड पोर्टफोलियो बनाना है 25.30 संभावित आशाजनक स्टॉक ब्रांडए मार्केट शेयर गेनर्स और इनोवेटर्स के तीन प्रमुख निवेश अवसरों में फैले हुए हैं। इसके अलावाए फंड मार्केट.कैप के साथ.साथ सेक्टर अज्ञेयवादी दोनों हैए जिससे निवेशक अवसरों के व्यापक स्पेक्ट्रम को भुनाने में सक्षम होते हैं। अतुल कुमार गुप्ताए निदेशक एकेजी फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड ने कहाए विविधीकरण पोर्टफोलियो निर्माण का एक महत्वपूर्ण तत्व हैए लेकिन होनहार विषयों के लिए केंद्रित दृष्टिकोण दीर्घकालिक धन बनाने के लिए एक विशेष रूप से शानदार दृष्टिकोण हो सकता है। एडलवाइस फोकस इक्विटी फंड हमारे ग्राहकों को मजबूत लंबी अवधि की कहानियों के लिए केंद्रित जोखिम लेने का अवसर देगा।

## किसान पखवाडा का हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** बैंक ऑफ़ बडौदा के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 01ण्07ण्2022 से 16ण्07ण्2022 तक किसान पखवाडा अभियान का आयोजन किया गया हैए जिसके तहत आज दिनांक 16ण्07ण्2022 को बडौदा स्वरोजगार विकास संसथान ;आरसेटीद्ध कानपुर देहात में किसान ऋण वितरण दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ बड़ौदा उप महाप्रबंधक आर्य प्रकाश दास एवं बैंक ऑफ़ बडौदा क्षेत्रीय प्रमुख कानपुर देहात रीता बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## जुबैर की जमानत याचिका खारिज

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी की एक अदालत ने ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की जमानत याचिका शनिवार को खारिज कर दी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी (एसपीओ) एसपी यादव ने पीटीआईभाषा को बताया, अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों की दलील सुनने के बाद एसीजेएम रुचि श्रीवास्तव ने मोहम्मद जुबैर की जमानत याचिका खारिज कर दी। लखीमपुर खीरी पुलिस ने जुबैर को 2021 में दुश्मनी को बढ़ावा देने के मामले में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में अदालत में पेश होने का वारंट जारी किया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) की अदालत ने 11 जुलाई को ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को दुश्मनी को बढ़ावा देने को लेकर 2021 में दर्ज एक मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था। अभियोजन पक्ष ने 14 दिनों के पुलिस हिरासत की मांग की थी और जुबैर के वकील ने इसके खिलाफ दलीलें पेश की। यादव ने बताया कि जुबैर की पुलिस हिरासत पर सुनवाई 20 जुलाई को होनी है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अरुण कुमार सिंह ने पीटीआईभाषा को बताया था कि लखीमपुर खीरी जिले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) मोहम्मदी की अदालत ने मोहम्मद जुबैर के खिलाफ वारंट बी जारी किया था, जिसे पिछले शुक्रवार को जिला पुलिस ने तामील करा दिया था। मोहम्मदी थाना प्रभारी अंबर सिंह ने पीटीआईभाषा को बताया, मोहम्मद जुबैर के खिलाफ एक निजी समाचार चैनल के रिपोर्टर आशीष कटियार ने 25 नवंबर, 2021 को खीरी अदालत के आदेश पर मामला दर्ज कराया था। मोहम्मदी थाना प्रभारी अंबर सिंह ने पीटीआईभाषा को बताया, मोहम्मद जुबैर के खिलाफ एक निजी समाचार चैनल के रिपोर्टर आशीष कटियार ने 25 नवंबर, 2021 को खीरी अदालत के आदेश पर मामला दर्ज कराया था। उन्होंने कहा, अपनी शिकायत में कटियार ने जुबैर पर अपने चैनल के बारे में ट्वीट कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

# शिव भक्तों को जलाभिषेक के लिए अब तांबेश्वर मंदिर में मिलेगा गंगाजल

फतेहपुर। गंगाजल से सावन के सोमवार को तांबेश्वर मंदिर में शिव भक्त करेंगे जलाभिषेक। उक्त निर्णय गंगा बचाओ सेवा समिति की बैठक में लिया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक कैंप कार्यालय पीलू तले चौराहे पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि सावन मास में भगवान शिव के पूजन का विशेष महत्व है वैसे तो पूरे मास ही महत्त्व रहता है लेकिन सोमवार को विशेष पूजा का महत्व होता है इस दिन शिव भक्तों का प्रयास रहता है कि गंगा जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाए। शिव भक्तों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए समिति ने निर्णय लिया है कि भिटौरा स्थित ओम घाट से टैंकर में गंगाजल लाकर तांबेश्वर मंदिर में रखा जाएगा उससे शिव भक्त गंगाजल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करें। संचालन करते हुए परिषद के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गुप्त ने कहा कि भक्तों को गंगा स्नान हेतु रोडवेज बस द्वारा संचालित बस भी सुविधा उपलब्ध करा रही है। रोडवेज बस स्टॉप से प्रात: 07 बजे भिटौरा घाट के लिए प्रस्थान करती है तथा स्नान कराकर इटावा से 09 बजे वापसी होती है जिसका किराया 19 रूपये जाने का तथा 19 रूपये वापसी का रोडवेज द्वारा निर्धारित है। गंगा भक्त सपरिवार रोडवेज द्वारा संचालित बस का आनंद ले सकते हैं। गुप्त ने कहा कि तांबेश्वर मंदिर में सावन मास के प्रत्येक सोमवार को गंगाजल की सुविधा उपलब्ध रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से वीरेंद्र साहू, अरुण जायसवाल एडवोकेट, मनोज सोनी, आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट, अनित अग्रहरी, आशीष अग्रहरी, सावन गुप्त, राकेश कुमार, रोहित चौरसिया मौजूद रहे।

# फिरौती के लिए अपहरण कर की गई यूकेजी छात्र की हत्या

**बुलंदशहर।** जिले के छतारी थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल के दसवीं के छात्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर फिरौती के लिए स्कूल के ही यूकेजी के एक छात्र का अपहरण किया था और बाद में पकड़े जाने के डर से उसकी हत्या कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी और दावा किया कि घटना के एक सप्ताह के भीतर ही पुलिस ने हत्या के आरोप में पांच किशोरों को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि पकड़े गए पांचों किशोर आरोपियों की उम्र 1516 वर्ष है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण किया था लेकिन पहचान खुल जाने के डर से उसकी हत्या कर शव नहर में फेंक दिया था। उन्होंने कहा कि साक्ष्यों व

### आरोपी गिरफ्तार

बयानों के आधार पर किशोर आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। बुलंदशहर जिले के छतारी थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले यूकेजी के सात वर्षीय छात्र हर्ष का शव 10 जुलाई को अलीगढ़ जिले की एक नहर से पुलिस ने बरामद किया था। एसएसपी के मुताबिक, शेखुपुर गांव निवासी चंद्रप्रकाश का बेटा हर्ष नौ जुलाई को स्कूल गया था, लेकिन वह घर वापस नहीं आया। उन्होंने बताया कि घरवालों ने हर्ष की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी।कुमार के अनुसार, छानबीन के दौरान पुलिस को हर्ष का शव 10 जुलाई को अलीगढ़ जिले के हरदुआगंज इलाके की एक नहर में मिला। उन्होंने बताया कि मामले के राजफाश के लिए पुलिस की छह टीमें लगाई गई थीं। एसएसपी ने बताया कि जिस स्कूल में हर्ष पढ़ता था उसी स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र और उसके चार अन्य साथियों ने फिरौती के लिए अपहरण की योजना बनाई। उन्होंने बताया कि इसके बाद नौ जुलाई को स्कूल आने के बाद मोटरसाइकिल पर बैठाकर हर्ष को ले गए लेकिन हर्ष ने उनकी पहचान कर ली इसलिए भेद खुल जाने की डर से उन लोगों ने उसकी हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। श्लोक कुमार ने बताया कि पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि साथ ही कुछ महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज मिले हैं जिसके आधार पर इसकी पुष्टि हुई है।

## अखिल भारतीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रवेश परीक्षा 24 जुलाई को

**लखनऊ।** अखिल भारतीय फॉरेंसिक प्रवेश परीक्षा का आयोजन 24 जुलाई को किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, एआईएफएसईटी विभिन्न विश्वविद्यालयों में फॉरेंसिक विज्ञान पाठ्यक्रमों के लिए एक अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा है। 'उत्तर प्रदेश में बरेली की इनवर्टिस यूनवर्सिटी के चांसर डॉण् उमेश गौतम' ने कहा, फॉरेंसिक साइंस कोर्स कर छात्र आईबीए सीबीआईए पुलिस विभागए सैन्य विभागए क्राइम सीन इन्वेस्टिगेटर, फॉरेंसिक एक्सपर्ट, फॉरेंसिक फोटोग्राफर फॉरेंसिक इंजीनियर, हैंडराइटिंग एक्सपर्ट और फॉरेंसिक साइंटिस्ट के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसमें हर दिन नए अपराध के साथ नया चैलेंज होता है। अगर किसी छात्र को अपराध की गुत्थियां सुलझाना अच्छा लगता है तो उसके लिए यह करियर बेहतर है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि फॉरेंसिक विशेषज्ञ बलात्कार के मामलों में जांच के लिए पीड़ित पक्ष को इंसाफदिलाने के लिए डीएनए प्रोफाइलिंग जैसी आधुनिक तकनीक अपनाएं।

## संस्कृति यूनिवर्सिटी का कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ हुआ करार

**लखनऊ।** संस्कृति विश्वविद्यालय नें शिक्षा के ग्लोबल स्टैंडर्ड को ध्यान में रखते हुए एक साथ विभिन्न देशों के 20 विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू साइन किया है जिसका फोक्स यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मानक की शिक्षा उपलब्ध करवाना है। जिन विदेशी यूनिवर्सिटीज के साथ समझौता हुआ है उनसे मुख्य रूप से रिसर्च, साइबर लॉए ई.कॉमर्सए टेक्नोलॉजी, ह्यूमन रिसोर्सए लैंग्वेज स्किल आदि जैसे विषयों पर छात्रों को देश में रहकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध होगी। इन अंतराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में ईसी काउंसिल यूनिवर्सिटी यूएसएए यूनिवर्सिटी ऑफ़ फ्रेडेरिक्टन कनाडा, ऑस्ट्रेलियन नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रेलिया, काकेशस यूनिवर्सिटी जॉर्जिया, यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैंब्रिजए स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ इकोनॉमिक्स रूस, कोलेगिओ डे अबोगादॉस अर्जेंटीना, टी क्यूएस यूनिवर्सिडाड चिली, यूनिवर्सिडाड अबिएरता इंटर अमेरिकाना अर्जेंटीना इत्यादि शामिल हैं। संस्कृति यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सचिन गुप्ता ने कहा कि विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर कर संस्कृति विश्वविद्यालय अकादमिक एवं शोध कार्यक्रमों को नयी दिशा तथा नए आयाम प्रदान करती रही है। यह एमओयू छात्रों एवं फैकल्टी मेंबर के लिए बहुत लाभदायक होगाण् एमओयू से छात्रों और फैकल्टी मैंबर को होने वाले फायदे पर बोलते हुए सचिन गुप्ता ने बताया कि इससे आने वाले समय में उच्च शिक्षाए तक़नीकी शिक्षा एवं शोध कार्यों को गति मिलेगी। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पीसी छाबड़ा ने कहा कि विभिन्न यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर होने से छात्रों एवं शिक्षकों के आदान प्रदान की संभावनाएं बढ़ गयी हैं ण् संस्कृति विश्वविद्यालय अन्तर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षाए तक़नीकी शिक्षा एवं शोध कार्यों में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बच्चों में मोटापा दे रहा है महामारी में योगदान

## ●खराब खान-पान और सोने का तरीका भारतीयों के लिए बनी एक बड़ी चिंता

**लखनऊ।** बढ़ते शहरीकरण और बदलती जीवन शैली के साथए गतिहीन जीवन शैलीए मोटापे और महामारी बनने के लिए एक प्रमुख योगदान कारक बन गई है। मध्यम आयु वर्ग के व्यक्तियों में मोटापा आजकल बहुत आम हैए कि यह मधुमेह, उच्च रक्तचापए हृदय विकार,ए नींद विकारए जोड़ों में दर्द, बांझपन और कैंसर की बढ़ती संभावनाओं जैसी कई गंभीर बीमारियों का मूल कारण है।

डॉ. प्रदीप चौबे, अध्यक्ष. मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मिनिमल एक्सेसए मेटाबोलिक एंड बेरिएट्रिक सर्जरीए मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पतालए साकेत का कहना है किए श्बेहतर आर्थिक स्थिति के कारणए शहरीकरण ने परिवहन के आसानी से उपलब्ध साधनों को जन्म दिया है जिससे शारीरिक गतिविधि लगभग शून्य हो गई है। इसके अतिरिक्तए उच्च कैलोरी वाले प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ आसानी से उपलब्ध होते हैं जिनमें बहुत कमध्कोई पोषक तत्व नहीं होते हैं लेकिन वजन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यह अधिक सेवन और लगभग कैलोरी के बर्न के कारण कैलोरी असंतुलन का कारण बनता है जो धीरे.धीरे अधिक वजन और मोटापे की स्थिति की ओर जाता है। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक जिसे अक्सर कम आंका जाता है वह है खराब नींद का पैटर्न जिसका सीधा प्रभाव मेटाबोलिज्म पर पड़ता है। देर से सोने से देर रात तक सोने की संभावना बढ़ जाती है और जब हम सोते हैं तो मेटाबोलिज्म दर कम हो जाती हैए इससे मोटापे का खतरा काफी बढ़ जाता है। पूछे जाने पर दस में से सात लोग मोटापे को श्खराब आत्म नियंत्रणश् और श्इच्छा शक्ति की कमीश् बताते हैं। अधिक वजन या मोटे होने के बारे में सामान्य धारणा ;या सटीक होने की गलत धारणाद्ध अभी भी बनी हुई है। हालांकिए मोटापा एक गंभीर पुरानी बीमारी है जिसे एक बीमारी की तरह प्रबंधित करने की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2004 में श्मोटापे को एक बीमारीश् और एक भयानक दु:स्वप्न के रूप में मान्यता दीए जब यह महामारी के अनुपात में पहुंच गया। मोटापे को मापने के तरीकेए इसकी रोकथामए प्रबंधन और इसके साथ आने वाली स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बारे में जागरूकता अभी भी बहुत खराब और संदिग्ध है। सटीक होने के लिएए मोटापा एक शारीरिक समस्या से कहीं अधिक है।

# एक साल से अधिक सऊदी में रहा बंधक

## ●भारतीय दूतावास की मदद से मुक्त होकर घर लौट भदोही का युवक

**भदोही।** सऊदी अरब में एक साल से अधिक समय से बंधक जिले का 35 वर्षीय युवक वहां स्थित भारतीय दूतावास की मदद से मुक्त होकर घर लौट आया है। पुलिस ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जिले के कोइराना थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव का रहने वाला राकेश उपाध्याय (35) सऊदी अरब के रियाद में एक फर्म में प्लंबर का काम करता था। उन्होंने बताया कि वह 2019 में दो साल के अनुबंध पर सऊदी अरब गया था जो 20 मई, 2021 को समाप्त हो गया। भदोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि राकेश उपाध्याय ने अपने परिवार को बताया था कि उसे पूरा काम करने के बावजूद सिर्फ एक साल का वेतन मिला है। उपाध्याय ने अपने परिवार को बताया कि उसके अकामा (सऊदी अरब में ग्रीन कार्ड) की आवधि आठ जून को समाप्त हो जाने के बाद से उसे ना वेतन मिल रहा है और नाहीं उसे अपना पासपोर्ट वापस मिला है जिससे वह घर लौट सके। उसने दावा किया कि वह एक कमरे में बंद है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में राकेश के छोटे भाई कमलेश उपाध्याय ने थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव से मिलकर उनसे मिलकर मदद की गुहार लगाई थी। एसपी ने बताया, सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास को मैंने छ्वीट करके घटना की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया, जानकारी पर कार्वाई करते हुए दूतावास ने स्थानीय पुलिस की मदद से फर्म के मालिक को तलब किया। जहां दूतावास को आश्वासन मिला कि उपाध्याय को एक साल का वेतन साढ़े चार लाख रुपया देकर उसे घर लौटने की अनुमति दे दी जाएगी। कुमार ने बताया, इसके बाद भी कंपनी ने उसे यह कहकर रोका कि काम करो तभी पैसा मिलेगा और दो साल का अनुबंध बढ़ाया जाएगा। मामले को उलझता देख पुलिस ने दूतावास और फर्म को कई पत्र लिखे। उन्होंने बताया कि इस बीच एक और तीन जुलाई को भारतीय दूतावास को ट्वीट की मदद से इस संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इन प्रयासों की बदौलत सात जुलाई को उपाध्याय को मुक्त करा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि राकेश उपाध्याय 14 जुलाई की रात दिल्ली हवाई अड्डा पहुंचा और वहां से शनिवार को वह अपने घर कोइरौना थाना के सोनपुर गांव पहुंच गया है।


## तू नहीं या मैं नहीं

कहते है कि रस्सी टूट गई लेकिन ऐंठन नही गई। यह बात योगी सरकार के एक पावरफुल मंत्री पर पूरी तरह फिट बैठती है। आजकल मंत्री जी अपने चेलों को दिलासा दे रहे है कि धर्य रखो। सब-कुछ ठीक हो जाएगा। आगे अब साथ-साथ ज्यादा गुजारा नहीं है। लोकसभा चुनाव के बाद दोनों में से कोई एक रहेगा। हम रहेंगे या फिर वो रहेंगे। मंत्री जी का यह भरोसा चेलों पर जीवन रक्षक दवा की तरह काम कर रहा है और अच्छे दिनों के आने की उम्मीद में मंत्री जी के चेलें उनके लिये पसीना बहाने में जुटे हैं। दरअसल नेता जी मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार रहे हैं। पहली बार सरकार बनने पर मुख्यमंत्री के पद से एक सीढी दूर रह गये थे। दोबारा चुनाव हार गये लेकिन केन्द्रीय नेताओं की वजह से सरकार में फिर वही पुराना वही पुराना ओहदा मिल गया लेकिन विभाग और अफसर मनमाफिक नहीं मिल सके। सो पद और गरिमा बरकरार रहने के बाद भी मंत्री जी पुराने फार्म में नहीं हैं। शुरू में तो मंत्री जी को उम्मीद थी कि उनके इस विभाग में भी पहले जैसी खूब कमाई होगी लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद उनकी दाल नहीं गल पा रही है। इन सब के लिये मंत्री जी सरकार के मुखिया को दोष दे रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें जानबूझ कर परेशान किया जा रहा है। इसी गुस्से के चलते मंत्री जी ने प्रतिज्ञा की है कि लोकसभा चुनाव के बाद हम या फिर वो।

## कब उठेगा पर्दा



भगवा दल में अभी नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर सस्पेंस बरकारार है। राज्यसभा चुनाव हो गया और संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भी हो गई लेकिन अभी नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा नही हुई है। नाम तो कई चले और संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने नाम कटवाने के लिए भी कुछ लोगों के नाम प्रचारित करवाए। अध्यक्ष के पद के लिए मथुरा से चुनकर आने वाले एक पूर्व कैबिनेट मंत्री का भी नाम चला। कुर्मी समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले और केंद्रीय राज्यमंत्री का भी नाम चल रहा है लेकिन अभी पार्टी ने सस्पेंस बनाए रखा है। अब सब की निगाह राष्ट्रपति चुनाव पर लगी हैं कि शायद चुनाव बाद नाम सामने आएगा लेकिर चर्चा यह भी है कि पार्टी नेतृत्व विचार कर रहा है कि जब तक काम चल रहा है तब तक काम चलाओ। आगे देखा जाएगा।




## गॉड या सेमी गॉड

भगवा सरकार में सहयोगी दल के एक ऐसे भी मंत्री हैं जो इस कलयुग में भगवान बनने की कोशिश कर रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन सोशल मीडिया पर मंत्री जी का वायरल हुआ वीडियो इस वक्त राजनीतिक गलियारों से लेकर पूरे समाज में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल इस वीडियो में मंत्री जी माला पहने सोफे पर बैठे हुए हैं और उनका एक भक्त हाथ में थाली व दिया लेकर उनकी आरती उतार रहा है। बैकग्राउंड में उनके नाम की आरती गाई जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर सैकड़ों तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। वहीं विपक्षी दल भी भी मंत्री जी के सहारे भगवा सरकार पर निशाना साध रहे हैं। मामले के ज्यादा तूल पकड़ने के बाद मंत्री जी ने अपनी सफाई भी पेश की है। उनका कहना है कि अगर कार्यकर्ताओं ने कुछ किया तो यह उनकी भावनाएं हैं। उसको ठेस नहीं पहुंचा सकता। उनका कहना है कि वैसे मुझे अपने समाज में पॉलिटिक्ल फादर ऑफ फिशरमैन की उपाधि मिली हुई है। कार्यकर्ता क्या करते हैं इस पर नहीं जाना चाहिए। यह उनकी मंशा है।

## ऑनलाइन या ऑफलाइन

अब ऑनलाइन हाउस टैक्स जमा भी होगा और हाउस टैक्स का ऐसेसमेंट भी ऑन लाइन होगा। नये साहब खुश हैं क्योंकि इसे एतिहासिक कदम बताया जा रहा है। लेकिन ऑन लाइन की यह व्यवस्था कई साल पहले ही कर दी गयी थी लेकिन इसका लाभ जनता को नहीं मिल सका था। आनलाइन के नाम पर स्मार्ट सिटी की 60 प्रतिशत योजनाएं अधूरी पड़ी हैं जिसका कोई पुरसा हाल नहीं है। बस स्मार्ट सिटी का ठप्पा लगाने की होड़ में अफसर लगे हुए हैं। नये साहब ने ऑनलाइन की ये सेवाएं दे दी लेकिन हकीकत से साहब अंजान हैं। पांच वर्ष पूर्व ऑनलाइन की सेवाएं नगर निगम ने शुरू कीं थी पर अभी तक शिकायतों का ऑनलाइन निस्तारण नहीं हो पा रहा है। नाले नाली व गली मोहल्ले,सड़कों की सफाई में भारी खामियां देखी गयी हैं। झूठे निस्तारण का खेल शुरू हो जाता है । सेल्फ एसेसमेंट की व्यवस्था मजबूती से लागू हो गयी तो नगर निगम के बाबुओं का क्या होगा। उनकी सारी दुकान ही ऑफ लाइन पर चलती हैं जिसके कारण चाह कर भी ऑनलाइन सेवाएं सफल नहीं हो पा रही हैं।

## फिर पलटे पलटूराम



राजनीति के पलटूराम इन दिनों फिर सियासत के गलियारे में चर्चा का विषय बने हुए हैं। यही पलटूराम भगवा सरकार के पहले कार्यकाल में सरकार की नाक के बाल बन गए थे। अब लोहिया की पार्टी के नाक के बाल बने हुए हैं। कारण पिछले दिनों सर्वोच्च पद को लेकर हुई बैठक में भैयाजी ने इन्हें बुलाया नहीं था। उसी का बहाना बनाकर पलटूराम मोर्चा खोले हुए हैं जबकि हकीकत यह है कि जबसे सरकार दोबारा सत्ता में लौटी है तभी से इनके सुर लगातार बदल रहे हैं। पहले भैयाजी को उपचुनाव में बाहर न निकलने के बहाने घेर रहे थे। कहते थे एसी से बाहर निकलेंगे तब न पार्टी मजबूत होगी। अब राष्ट्रपति चुनाव का बहाना बना रहे हैं। जानकार कहते हैं कि यह तो चाहते हैं कि भैयाजी इन्हें बाहर कर दें। इस बीच भैयाजी की राह में कांटा बिछा रहे राजनीति के पलटूराम को लेकर एक और भंडाफोड़ हो गया है कि इलेक्शन के दौरान भैयाजी ने फार्च्यूनर दी थी जो भैयाजी की पार्टी के नाम रजिस्टर्ड है। हालांकि पलटूराम ने गाड़ी से पल्ला खींच लिया है पर गाड़ी अभी भी पलटूराम के पास ही है। पलटूराम ठहरे पलटूराम सो उन्होंने भैयाजी से अलग राह पकड़ ली है। देखना है कि पलटूराम का नया ठिकाना भी पुराना होगा कि एकला चलो की राह पकड़ते हैं। फिलहाल राजनीति के पलटूराम चर्चा में जरूर हैं।

## मंद पड़ता सूर्य

सावन में सूर्य का प्रकाश बड़ा मंद है। पिछली सरकार में जो शाही अंदाज था वह मौजूदा समय में नहीं दिखाई पड़ रहा है। बस मध्यम गति से चल रहा है। सूर्य के प्रकाश का मंद होना और शाही अंदाज न दिखाई पड़ना लोगों में कौतूहल का विषय बना हुआ है। आखिर वजह क्या है? पद वही है। विभाग वही है। फिर भी कोई उत्साह नहीं है। ऐसा लग रहा है जैसे भीतर कोई डर है। कोई चिंता है। शायद हाईकमान से कोई अल्टीमेटम मिल गया हो। बस 2024 तक! उसके बाद घर का कामकाज देखना है। यही कारण हो सकता है। इसीलिए काफी बच कर और शांत तरीके से चल रहे हैं। न कुछ करेंगे न विवाद में आएंगे और न ही हाईलाइट होंगे। हो सकता है इसी रणनीति के तहत हाईकमान की नजरों से बचकर अपना पूरा समय पार कर ले जाएं। शायद यही कारण है कि यह सूर्य अपना कोई प्रताप नहीं दिखा रहा है और न ही शाही अंदाज में जी रहा है। बस शांति तरीके से अपना समय गुजार रहा है। इनकी गलती भी नहीं है। देखा जाए तो अब उम्र भी हो चली है। द ही रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। मान सम्मान बचा रहेगा।

# किसानों की मदद के लिए नए विकल्पों पर विचार

- सूखाग्रस्त घोषित करने की राह में नियम बने बाधा
- सीएम योगी के निर्देश के बाद सरकारी मशीनरी ने शुरू की कवायद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बारिश** के अभाव में राज्य के किसानों को हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए योगी सरकार ने आर्थिक मदद के नए विकल्पों पर विचार शुरू कर दिया है। जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किए बिना उन्हें सरकार की तरफ के कैसे मदद दी जा सकती है, इस बारे में सरकारी मशीनरी ने कवायद शुरू कर दी है। अगर मानसून की बेरुखी बनी रही और बारिश का यही हाल रहा तो इस माह के अंत तक किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार कोई न कोई बड़ा निर्णय ले सकती है। सीएम योगी ने सूखा को लेकर अधिकारियों को अगाह करते हुए अगले हफ्ते भर का समय चुनौतीपूर्ण बताया है। उन्होंने सूखा से निपटने की सभी तैयारियां करने के निर्देश भी दिए है। सरकार के निर्देशों के बाद ही सरकारी मशीनरी ने किसानों को मदद के नए विकल्पों पर काम शुरू किया है। दरअसल जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत पूरे देश के लिए केन्द्र सरकार ने व्यवस्था निर्धारित कर रखी है। जिसमें कई विभागों को मिलाकर बनी कमेटी दस बिन्दुओं पर आंकलन करके सरकार को रिपोर्ट देती है। इसमें सूखा के स्थित बनने पर ही सरकार किसी जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर सकती है। उक्त व्यवस्था के चलते सरकार चाहकर भी किसी जिले को सूखाग्रस्त घोषित नहीं कर सकती। विदित हो कि दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून के प्रभाव से इस वर्ष 13 जुलाई तक मात्र 76.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा 199.7 मिलीमीटर से लगभग 62 फीसदी कम है। इस बीच एकमात्र आगरा जिला ऐसा रहा जहां सामान्य वर्षा हुई। ललितपुर, फिरोजाबाद, वाराणसी और हापुड़ में सामान्य से 80 फीसदी कम बारिश हुई। राज्य के 19 जिले ऐसे हैं यहां अब तक सामान्य से 40 फीसदी वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में आमतौर पर 15 जून तक बरसात का मौसम प्रारंभ हो जाता रहा है, जो कि 15 सितंबर तक जारी रहता है। इस बार मॉनसून में देरी है। अल्प वर्षा के कारण खरीफ के फसलों की बोआई का कार्य प्रभावित हुआ है।

# कांग्रेस पूरी ताकत के साथ लड़ेगी नगर निकाय चुनाव



- जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा तब तक हम भी मजबूत नहीं होंगेः नसीमुद्दीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। इस बात की घोषणा शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में की गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्य नारायण पटेल की मौजूदगी में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में नगर निकाय चुनाव किस तरह से मजबूती से लड़कर जीता जाय इस विषय पर चर्चा कर रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव में मद्देनजर लखनऊ से सम्बन्धित जिला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, पदाधिकारियों, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, वर्तमान एवं पूर्व सांसद, विधायकगण, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्यों, फ्रंटल संगठनो, विभागों, प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण, विगत लोकसभा एवं विधानसभा प्रत्याशी गण मौजूद रहे। बैठक में नगर निकाय चुनाव से सम्बन्धित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि हमें संगठन को मजबूत करना होगा। जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा तब तक हम भी मजबूत नहीं होंगे और हमें कामयाबी नहीं मिलेगी। आज का माहौल बदल चुका है हमें बदलाव करके लोगों के पास जाना पड़ेगा। जिस तरह से आजादी के लिए गोरे अंग्रेजों से महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरूने संघर्ष किया उसी प्रकार हमें सत्ता में काबिज काले अंग्रेजों को हटाने के लिए संघर्ष करना होगा।



पीएम मोदी को सीएम योगी कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट से नई दिल्ली प्रस्थान के समय विदाई देते हुए

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे दिलाएगा मटर किसानों को सही दाम

- आगरा और दिल्ली की मंडियों तक पहुंचने में लगेगा कम समय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन कर दिया। 296 किलोमीटर वाले इस एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के साथ ही जालौन और उसके आस पास के क्षेत्र के किसानों को बड़ा लाभ मिल गया है। यहां के किसान सबसे अच्छी हरी मटर उगाते हैं।

**अब हरी मटर की खेती करने वालों के लिए दूर नहीं दिल्ली:** बुंदेलखंड में पिछले तीन साल से काफी अच्छी हरी मटर हो रही है। स्थानीय किसान राम नरेश के अनुसार, यहां सबसे अच्छी मटर उगाई जाती है। लेकिन कनेक्टिविटी अच्छी नहीं होने के कारण इन्हें बढ़िया बाजार नहीं मिल पाता था। एक्सप्रेस वे से पहले यहां सड़क संपर्क इतना अच्छा नहीं था। जिसके कारण किसान स्थानीय स्तर पर ही अपने मटर बेचने को मजबूर थे। लेकिन अब एक्सप्रेस-वे की सौगात मिल जाने से किसानों को अपनी हरी मटर आगरा और दिल्ली की मंडियो में बेचने के लिए बहुत कम समय की दूरी तय करनी पड़ेगी।

**जालौन में होती है सबसे ज्यादा मटर की पैदावार:** जालौन में करीब एक लाख हेक्टेयर में मटर की खेती की जाती है, जिनमें करीब 12 लाख क्विंटल हरी मटर की पैदावार होती है। ऐट, कोंच,जालौन, उरई में मटर की फसल सबसे ज्यादा किसानों द्वारा पैदा की जाती हैं। यही नहीं जालौन में सर्वाधिक मटर की पैदावार होती है। वहीं किसान राम लाल की मानें तो पहले इन्हें अपनी मटर को बेचने के लिए औरैया जाना पड़ता था उसके बाद उन्हें बेहतर कनेक्टिविटी मिल पाती थीं, लेकिन अब यही किसान बुंदेलखंड एक्स्प्रेस-वे की मदद से दो घंटे की बचत कर समय से अपनी मटर को मंडियों तक पहुंचा सकेंगे। एक्सप्रेसवे बन जाने से ताजी सब्जियां, फल, दुग्ध उत्पादों को अब दिल्ली, कानपुर और लखनऊ तक कम समय में पहुंचाना आसान होगा। इससे रोजगार सृजन होगा और पलायन रोकने में मदद मिलेगी, क्योंकि लंबी दूरी होने के कारण तीस से चालीस प्रतिशत खाद्यान्न और सब्जियां बर्बाद हो जाती थीं।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने किया उद्यमियों को सम्मानित




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उच्च** शिक्षा, विज्ञान प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा है कि कामन सर्विस सेन्टर आज पूरे देश में सरकार और जनता के मध्य सेतु का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी का युग भारत के डिजिटलाइजेशन का स्वर्णिम युग है। इसके द्वारा जनता को पारदर्शी, ईमानदार एवं सुलभ आवश्यक सेवाएं मिल रही हैं। उपाध्याय शनिवार को लखनऊ के बटलर रोड स्थित लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान के सभागार में सीएससी दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण स्तरीय उद्यमियों को सम्मानित करने के साथ ही दस हजार पेंशन सेवा केन्द्रों व डिजिटल साक्षरता को प्रोत्साहित करने एवं जागरूकता का प्रसार करने हेतु प्रचार वाहन को डिजिटली शुरू किया।

## खाद्य विभाग में हड़ताल छह माह के लिए निषिद्ध

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग में अगले छह माह के लिये हडताल को प्रतिबंधित कर दिया गया है। खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि सेवाओं के निष्पादन में आ रही कठिनाई एवं जन सामान्य को हो रही असुविधा के दृष्टिगत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधीन प्रत्येक सेवा में हड़ताल को छः माह की अवधि के लिए निषिद्ध कर दिया गया है। इस संबंध में प्रदेश के समस्त मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को खाद्य एवं रसद विभाग की योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खाद्य आयुक्त ने बताया कि यह निर्णय फूड एण्ड सिविल सप्लाइज ऑफिससर्स इंस्पेक्टर्स एसोसिएशन द्वारा 11 जुलाई से की जा रही हड़ताल से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के साथ-साथ आम जनमानस से जुड़ी खाद्यान्न क्रय वितरण के दृष्टिगत लिया गया है।

# एक्सप्रेस वे का उद्घाटन हड़बड़ी में किया गयाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा को हवा में महल बनाने की नायाब कला आती है। आधे अधूरे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का उद्घाटन जिस हड़बड़ी में किया गया है, उसे जनता के विश्वास के साथ राजनीतिक धोखाधड़ी ही कही जा सकती है। रेवड़ी बांटकर थैंक्यू का अभियान चलवाने वाले सत्ताधारी अगर युवाओं को रोजगार दें तभी वे दोषारोपण संस्कृति से बच सकते हैं। अखिलेश ने कहा कि जिस बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का उद्घाटन हुआ है वहां सिर्फ पिलर खड़े हैं, स्लैब अधूरी है, सरियों के ढांचे को बोल दिया एक्सप्रेस वे। अधूरी सड़कों का उद्घाटन कर जनता को भ्रमित किया गया है। न टोल तैयार, न ही कनेक्टिंग रोड बनी। बस ऐसे ही उद्घाटन पर जनधन लुटा दिया गया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में डिजाइन हुए आगरा, लखनऊ एक्सप्रेस वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तब हवाई पट्टी बनी। वहां वायु सेना के विमान भी उतारे जा सके। लेकिन बुन्देलखण्ड की डिजाइन ऐसे ही चलताऊ बनी है तभी डिफेंस कॉरिडोर के पास होने के बाद भी यहां भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के समय बनी एक्सप्रेस वे जैसी हवाई पट्टी तक नहीं बना पाई। भाजपा का अधूरा एक्सप्रेस वे चित्रकूट तक भी नहीं पहुंच पाया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपनी वाहवाही के लिए आधे-अधूरे एक्सप्रेस वे का लोकार्पण तो करा लिया, किन्तु उसके आसपास बुनियादी सुविधाओं तक की व्यवस्था नहीं की गई। किसानों के लिए मंडी नहीं बनाई गई।

किसान हितैषी का झूठा तमगा लगाकर भाजपा सरकार ने वस्तुतः किसानों को धोखा देने का रिकार्ड दोहराया है। जब वहां निवेश नहीं आया और उद्योग नहीं लगे तो नौजवानों को रोजगार कहां मिलेगा। सच तो यह है कि एक्सप्रेस वे जैसी परियोजनाओं को बनाने का श्रेय समाजवादी सरकार को जाता है। एक्सप्रेस वे बनाने के लिए भाजपा नेतृत्व समाजवादी पार्टी सरकार की नकल तो कर सकता हैं पर उस जैसी गुणवत्ता नहीं दे सकता है।

भाजपा का खोखला विकास कार्यक्रम बुन्देलखण्ड में अच्छे दिन आने की तनिक भी संभावना नहीं जगाता है। यहां किसान, नौजवान बदहाली में जी रहे हैं। जल संकट के साथ शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में घोर उपेक्षा बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि यह समाजवादी सरकार ही थी जिसने बुन्देलखण्ड में विकास की वास्तविक नींव रखी थी। चरखारी में सात सरोवरों के जीर्णोद्धार के साथ उनका सौंदर्यीकरण कराया था। वृहद वृक्षारोपण का रिकॉर्ड कायम किया गया। रोटी-रोजगार की नई व्यवस्थाएं की। किसानों गरीबों और नौजवानों के लिए विशेष योजनाएं शुरू की थीं।

# क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पदों के चुनाव घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**क्षेत्र** पंचायतों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों के रिक्त स्थानों के पदों पर उप निर्वाचन कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह चुनाव सिर्फ उन्ही पदों के लिए होंगे, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो। रिक्त पदों पर नामांकन की अन्तिम तिथि 20 जुलाई है जबकि 21 जुलाई को नामांकनों की जांच होगी तथा 22 जुलाई तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। चार अगस्त को सभी रिक्त सीटों पर मतदान होगा और अगले ही दिन 5 अगस्त को मतगणना होगी। आयोग ने कहा है कि कोविड-19 व अन्य किसी महामारी के संबंध में राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न कराए जाएंगे।

## ऊर्जा निगमों में हो कार्य का स्वस्थ वातावरण

**लखनऊ।** विद्युत अभियन्ता संघ की शनिवार को लखनऊ में हुई केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश भर से आये पदाधिकारियों ने प्रदेश की जनता को 24 घण्टे गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने, बेहतर उपभोक्ता सेवा प्रदान करने, राजस्व वसूली बढ़ाने, लाइन लॉस कम करने का संकल्प दोहराते हुए अन्य तमाम ज्वलन्त समस्याओं पर चर्चा पश्चात् मांग की कि ऊर्जा निगमों में कार्य का स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाये, प्रोत्साहनात्मक कार्यशैली अपनाई जाये, बिजली अभियन्ताओं को सुरक्षा की गारंटी की जाये तथा 'इंजीनियर्स प्रोटेक्शन एक्ट' लागू किया जाये। साथ ही ऊर्जा निगमों में अभियन्ताओं के विरूद्ध बड़े पैमाने पर गलत तरीके से की जा रही दण्डात्मक कार्यवाहियों को वापस लेने, प्रबन्धन के अव्यवहारिक लक्ष्यों पर अमल न कर पाने पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों सहित अन्य अनेक ज्वलन्त मुद्दों पर अपना मुखर आक्रोश व्यक्त किया।

# शिवपाल ने पत्र लिखकर अखिलेश को दी नसीहत

- कहा, मुलायम सिंह यादव को अपमानित करने वाले व्यक्ति का राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन करना दुर्भाग्यपूर्ण





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया प्रमुख एवं सपा से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए जबरदस्त हमला बोला है। शिवपाल ने पत्र लिखकर अखिलेश यादव को आगाह किया है कि वे विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन न करें क्योंकि यह वही यशवंत सिन्हा हैं जिन्होंने सपा संस्थापक मुलायम को पाकिस्तानी गुप्तचर व आईएसआई का एजेंट बताया था। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव को अपमानित करने वाले व्यक्ति का राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन करना दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्रपति चुनाव को लेकर 18 जुलाई को वोटिंग होगी जबकि 21 जुलाई को देश के नए राष्ट्रपति के नाम का एलान किया जाएगा। हर किसी की निगाहें दो प्रमुख उम्मीदवारों पर टिकी हैं जिसमें एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू और विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा है। दोनों उम्मीदवारों ने सांसदों और विधायकों को अपने-अपने पाले में करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। उत्तर प्रदेश में भी इस चुनाव में लेकर राजनीतिक माहौल काफी गरम हो चुका है। जबरदस्त तरीके से सेंधमारी का क्रम शुरू हो गया है। इसी का परिणाम है कि समाजवादी पार्टी के गठबन्धन वाले कई दलों ने राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार जसवंत सिन्हा को दर किनार कर एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में वोट डालने की खुलआम घोषणा कर दी है। इस मामले में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पार्टी से विधायक एवं उनके सगे चाचा शिवपाल सिंह यादव ने तो खुले आम बगावत की। एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित भोज कार्यक्रम में सपा से विधायक शिवपाल ने शामिल होकर समर्थन का खुला ऐलान कर दिया। यही नहीं शनिवार को शिवपाल ने अपने भतीजे व सपा मुखिया अखिलेश यादव को पत्र लिखकर विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को समर्थन न करने की नसीहत तक दे डाली। शिवपाल सिंह यादव ने अखिलेश को लिखी अपनी चिटठी मे साफ-साफकहा है कि मैं आपका और समाजवादी पार्टी के शुभचिंतकों का ध्यान एक में उस बेहद गंभीर और संवेदनशील विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। यह नियति की अजीब विडम्बना है कि समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव में उस व्यक्ति का समर्थन किया है, जिसने हम सभी के अभिभावक और प्रेरणा और ऊर्जा के स्रोत आदरणीय नेताजी मुलायम सिंह यादव को उनके रक्षा मंत्रित्व काल में पाकिस्तानी गुप्तचर, आईएसआई का एजेंट बताया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, कि समाजवादी पार्टी को राष्ट्रपति प्रत्याशी के तौर पर एक अदद समाजवादी विरासत वाला नाम नहीं मिला, शिवपाल ने कहा कि यह कहते हुए मुझे दुःख और क्षोभ हो रहा है कि जो समाजवादी कभी नेताजी के अधिमान पर आग बबूला हो जाते थे, आज उसी विरासत के लोग नेताजी को अपमानित करने वाले व्यक्ति का राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन कर रहे हैं। ऐसा लगने लगा है कि पूरी पार्टी मजाक का पात्र बनकर रह गई है। उन्होंने आगे लिखा कि प्रिय अखिलेश जी मुझे अपनी सीमाएं पता हैं, आप समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हैं, ऐसे में मेरा सुझाव है कि उपरोक्त बिंदुओं के आलोक में अपने फैसले पर पुनर्विचार करें।

# जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**लखनऊ।** सेवेक्स टेक्नोलॉज़ीज प्राइवेट लिमिटेड, ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जूम, पॉली और फ्रेशवर्क्स के प्रति जागरूक किया। इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों और कॉरपोरेट्स के व्यवसाय के विकास और ग्राहकों के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। जूम वस्तुतः उन विभिन्न तरीकों को समाहित करता है जिनका हम वास्तविक जीवन में बातचीत करते हैं। इस अवसर पर वहां मौजूद लोगों को अनिल जगसिया संस्थापक और अध्यक्ष, जयंत गोरडिया प्रबंध निदेशक, देवांग पाण्ड्या सीटीओ और निदेशक, रौनक जगसिया निदेशक उद्यम व्यवसाय और गठबंधन, महेन्द्र वाहिले निदेशक, सौरभ नाईक निदेशक व अतुल गौर निदेशक आदि के विशेष कमेंट सुनने को मिले।

# जिला अस्पताल में डेंगू से मौत! हड़कंप

- रामकोट के बरूआ गांव की महिला की मौत
- मिश्रिख से रेफर होकर जिलाअस्पताल आयी थी महिला

**संवाददाता।** सीतापुर



**बढ़ते गर्मी** को लेकर मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है, जिससे बीमारियां घर करने लगी है, इससे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग भी लोगो को जागरूक कर रहा है। आपको बतातें कि रामकोट के बरूआ की रहने वाली जयदेवी पत्नी जगरूप की हालत शुक्रवार शाम को खराब हुई जिसे पहले तो वह सीएचसी मिश्रिख लेकर गए, जहां से उसे जिलाअस्पताल रेफर कर दिया लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी रात को मौत हो गयी। पीड़ित जगरूप का कहना है कि डेंगू की वजह से महिला की मौत हुई है, महिला की प्लेटनेस, ब्लड शुगर लो हो गया था, जिसके बाद उसकी इलाज के दौरान ही जिला अस्पताल में मौत हो गई है। इसी को लेकर जिला अस्पताल के सीएमएस आर.के. सिंह से आई इंडिया ने जब बात की तो उन्होंने कहा कि डेंगू से मौत की पुष्टि नहीं हो पायी है, महिला मिश्रिख से रेफर होकर आयी जिसकी रात में मौत हो गई है, फिलहाल मच्छरो का प्रकोप बढ़ा है इसीलिए घर में कोई गंदा पानी न जमा होने दें और सफाई रखे जिससे डेंगू का खतरा नहीं होगा।

# डीएम की अफसरों को नसीहत

## दिवस में आकर बैठने से नहीं बनेगी बात

**संवाददाता।** महमूदाबाद सीतापुर



**सीतापुर की** महमूदाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनने पहुंचे जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की नसीहत दी। डीएम ने कहा कि केवल समाधान दिवस में आकर बैठने और चले जाने से आपका योगदान पूरा नहीं होगा। पूर्व के प्रकरणों को एक बार देख लेना चाहिए कि समाधान हुआ कि नहीं। एक ऐसी प्रणाली आप लोग बनाइये जिससे संतुष्टि का लक्ष्य 100 प्रतिशत पूरा हो सके। डीएम अनुज सिंह और एसपी सुशील घुले शनिवार की दोपहर 12.35 पर महमूदाबाद पहुंचे। इससे पूर्व एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी तथा न्यायिक एसडीएम अभिनव यादव शिकायतें सुन रहे थे। डीएम के पहुंचते ही बड़ी संख्या में फरियादी इकट्ठा हो गये। भीषण गर्मी के बावजूद तहसील सभागार के गेट पर फरियादियों की लंबी लाइन लग गई। जिलाधिकारी ने करीब दो घंटे तक एक-एक शिकायतकर्ता को बुलाकर उनकी समस्या जानी और सम्बंधित अधिकारियों को तलब कर हर हाल में निस्तारित करने के निर्देश दिये। महमूदाबाद में कुल 132 शिकायतों में से 12 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य शिकायतें डीएम ने संबंधित विभागों को सौंपी और निस्तारित कर फीडबैक लेने की बात कही। इस दौरान एसपी सुशील घुले, सीएमओ डॉ. मधु गैरौला, सीओ रविशंकर प्रसाद, बीएसए अजीत कुमार, कोतवाल विजयेन्द्र सिंह, ईओ शैलेन्द्र दुबे, ईओ पैतेपुर बबलू कुमार आदि मौजूद थे। महोली तहसील सभागर में क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी, एसडीएम पूनम भास्कर ने शिकायतें सुनीं। यहां कुल 55 प्रार्थना पत्र पंजीकृत किए गए जिनमें से महज एक शिकायत का निस्तारण मौके पर किया जा सका। इसी तरह तहसील सिधौली में प्राप्त 99 प्रार्थना पत्रों में से 07, लहरपुर में प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 04, मिश्रिख में प्राप्त 41 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सदर में प्राप्त 72 प्रार्थना पत्रों में से 04, बिसवां में प्राप्त 93 प्रार्थना-पत्रों में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर निर्धारित समयावधि के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गए।

# रेनू मिश्रा की जांच कराए जाने की कोटेदारों ने की मांग!

**संवाददाता।** सीतापुर

- तहसील भवन में एसडीएम सदर को सौंपा ज्ञापन
- वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई की उठाई मांग

**आदर्श कोटेदार** एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के कई पदाधिकारियों ने सदर तहसील पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष फूड एवं सिविल सप्लाई इंस्पेक्टर रेनू मिश्रा द्वारा वायरल किए गए वीडियो को लेकर कार्रवाई किए जाने व कोटेदारों की समस्याओं के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा है। संगठन के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में कोटेदारों को राशन सम्पूर्ण मात्रा में दिलाए जाने हेतु सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलेवरी की व्यवस्था लागू की गई थी प्रथम माह में अनेको समस्याएं आना स्वाभाविक है, लेकिन विपणन शाखा द्वारा 11 जुलाई से हड़ताल घोषित कर दी गई जिससे व्यवस्था में समस्याएं उत्पन्न हो गई। जिसमें प्रदर्शन कर रही प्रदेश अध्यक्ष फूड एवं सिविल सप्लाई इंस्पेक्टर रेनू मिश्रा का जो वीडियो वायरल हुआ है उससे नाराज कोटेदारों ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आदर्श कोटेदार एंव उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार शुक्ला, संस्थापक महासचिव कमलेश कुमार मिश्रा, आशीष सिंह, अश्वनी सिंह, विपिन मोहन तिवारी सहित तमाम कोटेदार ज्ञापन देने के समय मौजूद रहे।

**सावन मास को लेकर कावंडियों को न हों कोई परेशानी**

# कांवरियों के लिए व्यवस्था का जायजा लेने निकले महोली विधायक

- विधायक शशांक त्रिवेदी ने बीडीओ पिसावां व महोली को दिये निर्देष
- कांवडियों के विश्राम स्थल का विधायक ने किया निरीक्षण

**संवाददाता।** सीतापुर



**सीतापुर की** महोली विधानसभा से विधायक शंशाक त्रिवेदी ने सावन मास को लेकर शुरू हुए कावंड़ियों के आगमन के चलते पिसावां व महोली बीडीओ को निर्देश देते हुए कावंडियों के विश्राम स्थल का निरीक्षण किया। सावन मास की शुरुआत हो चुकी है। मां गंगा की गोद से जल लेकर सैकड़ों कांवरिया महोली होते हुए छोटीकाशी कहे जाने वाली गोला के लिए रवाना होने लगे हैं। इसी को लेकर विधायक शशांक त्रिवेदी ने शनिवार को स्थलों का निरीक्षण किया। सबसे पहले विधायक महोली फरीदपुर तिराहा पहुंचे जहां पर मौजूद लोगों से उनका हालचाल पूछा। साथ ही कावड़ियों के विश्राम हेतु संपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान यहां के प्रधान मोहन लाल ने व्यवस्था के बारे में विधायक को बताया, जिससे वह संतुष्ट नजर आए। इसके बाद महोली विधायक का सहियापुर होते हुए पिसावा पहुंचे। जहां पर ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार के द्वारा कांवरियों के लिए विश्राम स्थल के लिए व्यवस्था की गई थी, यहां पर विश्राम स्थल पर गद्दे एवं पानी की व्यवस्था नहीं मिली, जिस पर विधायक महोली ने तत्काल गद्दा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश विधायक ने दिए। विधायक महोली मुल्लाभिरी मंदिर भी पहुंचे जहां पर भगवान शिव की पूजा अर्चना की तथा क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह, चौघड़िया प्रधान आमिर, धीरेंद्र सिंह चौहान, पुष्कर सिंह, मनोज मिश्रा, हरिवंश त्रिवेदी, अरविंद शुक्ला, ओम प्रकाश मिश्रा मयंक मिश्रा, संजीव मिश्रा, पूर्व प्रधान जय प्रकाश शुक्ला सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# अभाविप ने सिधौली कोतवाल का फूंका पुतला

**संवाददाता।** सीतापुर



**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद सीतापुर विभाग के बिसवां जिले के जिला सह प्रमुख व गांधी महाविद्यालय के शिक्षक गोपाल सिंह के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा की गई अभद्रता की कड़ी निंदा करते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन दर्ज कर सिधौली कोतवाल का पुतला दहन किया। बतातें चलें एलएलबी छात्र-छात्राओं की परीक्षा सिधौली के गांधी महाविद्यालय में हो रही थी जहां सह केंद्र व्यवस्थापक व आभविप बिसवां जिले के जिला सह प्रमुख प्रोफेसर डॉ गोपाल सिंह ने परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी को सन्देहास्पद पाए जाने के कारण उसके बैठने के स्थान को परिवर्तित किया तो उस परीक्षार्थी व अन्य परीक्षार्थियों के द्वारा इसका विरोध किया गया जिस पर वहां के केंद्र व्यवस्थापक ने परीक्षार्थियों से संवाद करते हुए अनुशासन बरतने की बात कही तो उस परीक्षार्थी ने उनसे भी अनुशासनहीनता की। जिसके बाद अभाविप जिला सह प्रमुख व गांधी महाविद्यालय के शिक्षक प्रोफेसर गोपाल सिंह के साथ वहां के परीक्षा ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनके साथ मार-पीट की। इसके बाद परीक्षा दे रहे छात्र व सिधौली के अन्य लोग सिधौली कोतवाली में सह केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ तहरीर देने पहुंचे। वहां कुछ समय बाद केंद्र व्यवस्थापक भी सह केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य शिक्षकों के साथ कोतवाली पहुंचे मामले की बातचीत वहां के कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी से करने के बाद कोतवाली गेट पर ही वहां के भाजपाई किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष राज राजेश्वर सिंह के द्वारा प्रोफेसर गोपाल सिंह के साथ मार पीट की व अभद्र टिप्पणी की। उसके बाद भाजपाई मण्डल अध्यक्ष के द्वारा कोतवाली के बाहर तानाशाही दिखाते वहां के कोतवाल से कहकर शिक्षक गोपाल सिंह पर कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत करने की भी धमकी दी। जिसके बाद सिधौली कोतवाल ने जबरन शिक्षक गोपाल सिंह के साथ अभद्रतापूर्ण रवैया बरतते हुए जेल भेज देने की धमकी दी व सरेआम शिक्षक का अपमान भी किया। जिससे आहत होकर शिक्षक गोपाल सिंह को गहरा सदमा पहुंचा है वो यहीं नही रुके बल्कि अपना जीवन समाप्त करने की भी बात कहने लगे। जिसको लेकर सीतापुर विभाग व जिले की नगर ईकाई सीतापुर, सिधौली, के कार्यकर्ताओं द्वारा सिधौली कोतवाल का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया व सिधौली कोतवाल को बर्खास्त करनें व भाजपाई मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा को गिफ्तार करने की मांग की। साथ ही विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कहा गया कि यदि सिधौली कोतवाल को कोतवाली से बर्खास्त नही किया गया और किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष की गिफ्तारी नही हुई टी आभविप जिले भर में विरोध प्रदर्शन करेगी जिसका जिम्मेवार शासन-प्रशासन होगा। विरोध प्रदर्शन में आकाश अवस्थी शिवम वर्मा विजय शंकर आयुष गोपाल हर्षित अलखकांत श्रीवास्तव प्रबल अभिषेक श्रीवास्तव तेजपाल राजवंशी अनुराग अतुल अर्जुन नीरज शोभित हिमांशु आकाश प्रियांशु अनिकेत शिवम हर्ष गुप्ता प्रदीप व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पोल से टकराई बाइक युवक की मौत

**बरेली ।** तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल अचानक बेकाबू होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई जिससे उस पर सवार युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । अलीगंज थाने के गांव मनसा पुर निवासी 35 वर्षीय होरीलाल पुत्र श्यामलाल की बीती रात लगभग 8 बजे मझगवा ब्लॉक के सामने स्थित बिजली के पोल से टकराकर मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि होरी लाल की पत्नी लगभग 5 साल पूर्व उसे छोड़कर मायके चली गई थी उसने होरीलाल पर दहेज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया होरी लाल पत्नी के जाने के बाद शराब का आदी हो गया और कल शाम को वह गांव के ही रहने वाले लखपत के साथ बैठकर शराब पीने के बाद मोटरसाइकिल लेकर अकेले ही घर से निकला था लेकिन मझगवां ब्लॉक के सामने उसकी मोटरसाइकिल बिजली के पोल से टकरा गई वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी डॉक्टर ने उसे अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### किशोर को पीटकर किया घायल

**बरेली।** खेत को लेकर हुए विवाद के बाद एक किशोर पर उसके ही परिजनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।शाही थाने के गांव बसावन पुर निवासी सतपाल के 16 वर्षीय बेटे प्रदीप कुमार को बीती रात इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां घरवाली ने बताया कि प्रदीप कल दिन में अपने खेत पर पौधे लगाने के लिए गया था जहां पर उसका तहेरे भाई धर्मेंद्र से खेत की मेड को लेकर विवाद हो गया गुस्साए धर्मेंद्र ने अपने भाई राजेंद्र के साथ मिलकर प्रदीप की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर उसके घर वाले मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को इलाज के लिए पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हमलावर फरार बताए जाते हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**शनिवार को** तहसील गोला गोकर्णनाथ में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें मुख्य रूप से एसपी संजीव सुमनए सीडीओ अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे।

डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापरकए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों की फरियाद एक.एक कर सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अफसरो को निर्देशित किया। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में हैए इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस की पंजिका का अवलोकन कर गत संपूर्ण समाधान दिवसो में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर शिकायतकर्ताओ से फोन पर फीडबैक प्राप्त किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 60 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत कियेए जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 30ए पुलिस 17ए आपूर्ति 04ए नगर निकायए डूडाए विद्युत 02.02ए ग्राम विकास सहकारिता एवं गन्ना के 01.01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंहए सीएमओ डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठीए पीडी केके पांडेयए डीडीओ अरविंद कुमारए जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरीएएसओसी ओपी अंजोरए डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखरए डीपीआरओ सौम्यशील सिंहए डीपीओ संजय निगमए सुनील श्रीवास्तवए एसडीएम अनुराग सिंहए सीओ राजेश कुमारए तहसीलदार विनोद गुप्ताए सीओ प्रशिक्षु प्रवीण सहित ि?ला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएमओ ने शासन के निर्देशों को शत-प्रतिशत अमल में लाने के अधीक्षकों को दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सीएमओ डॉण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने की। इस बैठक में शासन द्वारा मिले निर्देशों को शत प्रतिशत अमल में लाने के निर्देश दिए गए।

सीएमओ ऑफिस में हुई महत्वपूर्ण बैठक के दौरान सीएमओ डॉण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने आशा भुगतान एएनएम और संविदा भुगतान सहित जेएसवाई भुगतान को लेकर अधीक्षकों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के भुगतान को लेकर एक रूपरेखा बनाकर अधीक्षक तत्काल सभी के भुगतान कराना सुनिश्चित करवाएं। जिन जगहों पर बजट की समस्या है वे सभी पत्राचार करें जिसे शासन तक पहुंचा कर बजट की समस्या को समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि जिला स्तर से सभी को एक जैसा बजट नहीं दिया जाएगा। जिन जगहों पर जिस तरह का काम हुआ है उन्हें उसी तरह बजट दिया जाएगा। अधिक काम वालों को बजट अधिक मिलेगा और कम काम करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को कम बजट दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड को लेकर सभी अधीक्षकों को निर्देश दिए कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लिए कैंप लगाकर स्थानीय कोटेदार और समाजसेवियों से तालमेल बिठाकर अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ जनमानस तक पहुंच सके। इस दौरान उन्होंने दस्तक अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि अभियान का शुभारंभ हो चुका है। यह बयान 30 जुलाई तक चलेगा ऐसे में दस्तक अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों सहित संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी भी आशाओं द्वारा घर.घर तक पहुंचाई जाए।

इस दौरान एसीएमओ डॉ अश्विनी कुमार एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता एसीएमओ डॉ बीसी पंत एसीएमओ डॉ कुलदीप आदिमए डिप्टी सीएम डॉ धनीराम भार्गव व डिप्टी सीएमओ डॉ लाल जी पासी सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## रेवड़ी कल्चर...

आप भी इन किलों को देखने के लिए एक शानदार टूरिज्म सर्किट बनाइये। प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में आज यूपी जिस तरह आधुनिक हो रहा है, ये अभूतपूर्व है। सरयू नहर परियोजना को पूरा होने में 40 साल लग गए, उसे हमने पूरा किया। 30 साल से बंद गोरखपुर फर्टिलाइजर प्लांट को डबल इंजन की सरकार ने शुरू किया। 12 साल से चल रही अर्जुन डैम परियोजना को तेज गति से हमने पूरा किया। उन्होंने कहा कि एक समय में यूपी में सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज थे, आज यूपी में 35 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज हैं और 14 नए मेडिकल कॉलेज में काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का शिलान्यास और लोकार्पण दोनों हमारी सरकार में हुआ। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे भी इसी का उदाहरण है। इसका काम अगले साल फरवरी में पूरा होना था लेकिन ये 7-8 महीने पहले ही सेवा के लिए तैयार है। हम समय की मर्यादा का पालन कैसे करते हैं। इसके अनगिनत उदाहरण यूपी में ही हैं। काशी में विश्वनाथधाम के सुंदरीकरण का काम हमारी ही सरकार ने ही शुरु किया और हमारी सरकार ने ही पूरा किया।

**जिस काम से प्रभावित हो देश का विकास, उससे रहें दूर:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गोरखपुर एम्स का शिलान्यास भी हमारी सरकार ने किया और उसका लोकार्पण भी हमारी सरकार में हुआ। हम कोई भी फैसला लें, निर्णय लें, नीति बनाएं। इसके पीछे सबसे बड़ी सोच यही होनी चाहिए कि इससे देश का विकास और तेज होगा। उन्होंने कहा कि हर वो बात, जिससे देश को नुकसान होता है, देश का विकास प्रभावित होता है, उसे हमें दूर रखना है।

## केजरीवाल ने...

चीज में पैसा बचाती है और वह पैसा बचाकर जनता को सारी सुविधाएं दे रही हैं। जो जनता को सुविधाएं नहीं देते हैं, लेकिन अपने मंत्री को सारी सुविधाएं देते हैं और अपने दोस्तों को करोड़ों रुपए के ठेके देते हैं, वो भ्रष्टाचार की राजनीति है। आज इस देश की जनता को तय करना है कि उसको ईमानदारी की राजनीति चाहिए या भ्रष्टाचार की राजनीति चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि केजरीवाल मुफ्त की रेवड़ियां बांट रहा है। आजादी के बाद 75 साल में पहली बार सरकारी स्कूलों में 99 फीसद से ज्यादा नतीजे आए हैं। वह अगर अपनी बड़ाई खुद करें तो कहा जाएगा कि केजरीवाल अपनी बड़ाई खुद कर रहा है, लेकिन सरकारी स्कूलों के नतीजे 99 फीसद से ज्यादा आए हैं।

## धनखड़ होंगे...

में चौधरी चरण सिंह और देवीलाल शुमार हैं। चरण सिंह जहां देश के प्रधानमंत्री रहे हैं वहीं देवी लाल उपप्रधानमंत्री रह चुके हैं। हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनकी एक बड़ी तादाद है। माना जाता है कि पिछले कुछ चुनावों में पार्टी को जाट समुदाय का समर्थन भी मिला है। नड्डा ने कहा कि लगभग तीन दशकों तक सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले धनखड़ का लालन-पालन राजस्थन के झुंझुनू स्थित एक गांव में हुआ और फिर उन्होंने एक प्रसिद्ध वकील के रूप में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि धनखड़ को एक लंबा प्रशासनिक अनुभव है और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का पद संभालने के बाद उन्होंने लोगों के दिलों पर राज किया और जनता के राज्यपाल के रूप में स्वयं को स्थापित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने धनखड़ को किसान पुत्र और संविधान का जानकार बताया और उम्मीद जताई कि वह राज्यसभा के सभापति के रूप में उत्कृष्ट साबित होंगे। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, किसान पुत्र धनखड़ जी अपनी विनम्रता के लिए जाने जाते हैं।

## सोनिया ने...

2002 दंगा राहत कोष के लिए करोड़ों रुपये प्राप्त किए। सीतलवाड़ ने बदले में उनका इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत फायदों, शराब, जूते और हॉलिडे रिसॉर्ट्स के लिए किया, जबकि दंगा पीड़ितों को एक पैसा नहीं मिला। पात्रा ने कहा कि वह गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले से उद्धृत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गिरफ्तार सीतलवाड़ राज्यसभा सदस्य बनना चाहती थीं और केंद्र में भाजपा के सत्ता में नहीं आने पर मंत्री पद पर आसीन हो सकती थीं। पात्रा ने आरोप लगाया कि सोनिया पर्दे के पीछे से काम करती थीं, जबकि पटेल और सीतलवाड़ उनके मोहरे मात्र थे। गुजरात पुलिस की एसआईटी द्वारा गिरफ्तार कार्यकर्ता सीतलवाड़ की जमानत अर्जी का विरोध करने और अदालत के समक्ष एक हलफनामे में दावा किए जाने के एक दिन बाद सत्ताधारी पार्टी ने उन पर हमला करते हुए दावा किया कि वह 2002 के बाद राज्य सरकार को बर्खास्त करने के लिए पटेल द्वारा रची गई दंगे की बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। पार्टी के संचार, मीडिया और प्रचार विभाग के प्रभारी कांग्रेस महासचिव ने बयान जारी कर भाजपा के आरोपों का खंडन किया।

## लद्दाख सीमा...

में गतिरोध के सभी स्थलों से सैनिकों की शीघ्र वापसी पर जोर दे रहा है और उसका कहना है कि द्विपक्षीय संबंधों में संपूर्ण प्रगति के लिए सीमा पर अमन-चैन पूर्व शर्त है। गलवान घाटी में 15 जून, 2020 को भीषण संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। यह दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य टकराव था। काफी समय बाद चीन ने माना कि उसके भी चार लोग मारे गए थे। रविवार को होने वाली अगले दौर की वार्ता में संभावना है कि भारतीय पक्ष डेपसांग बुल्गे और डेमचोक में मुद्दों के समाधान के साथ-साथ टकराव वाले सभी स्थानों से यथाशीघ्र सैनिकों की वापसी पर जोर डालेगा। कई दौर की सैन्य एवं राजनयिक वार्ता के फलस्वरूप दोनों पक्षों ने पैंगोंग झील के उत्तरी एवं दक्षिणी तटों तथा गोगरा इलाके से अपने-अपने सैनिकों को पीछे हटाया था। दोनों पक्षों ने इस संवेदनशील पर्वतीय सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास 50-60 हजार सैनिकों को तैनात कर रखा है।

## राष्ट्रपति चुनाव...

(भाजपा) के साथ मिलकर कांग्रेस विधायक दल में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया था। कांग्रेस ने कहा था कि लोबो और कामत सहित उसके पांच विधायक संपर्क से दूर चले गए हैं। हालांकि, इन विधायकों ने सोमवार को गोवा विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही में हिस्सा लिया था। उन्होंने दावा किया था कि कांग्रेस में कुछ भी गड़बड़ नहीं है और वे पार्टी के साथ हैं। मंगलवार को गोवा में कांग्रेस के 11 में से दस विधायक वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में शामिल हुए थे। गोवा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष अमित पाटकर ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कामत और लोबो को अयोग्या घोषित करने की मांग वाली अर्जी दाखिल की है।

## श्रीलंका में...

हुए कहा है कि उन्होंने पूरी क्षमता के साथ मातृभूमि की रक्षा की और भविष्य में भी ऐसा करते रहेंगे। सिंगापुर से संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्द्धने को भेजे गए राजपक्षे के इस त्यागपत्र को शनिवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान पढ़ा गया। संसद के सचिव धम्मिका दसानायके ने उनका त्याग पत्र पढ़ा। राजपक्षे (73) ने अपने त्यागपत्र में श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के गंभीर संकट में पड़ने के लिए कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि उन्होंने आर्थिक मंदी का मुकाबला करने के लिए सर्वदलीय सरकार बनाने की कोशिश करने जैसे बेहतरीन कदम उठाए। राजपक्षे ने त्यागपत्र में लिखा है, मैंने पूरी क्षमता के साथ मातृभूमि की रक्षा की और भविष्य में भी ऐसा ही करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रपति बनने के बाद तीन महीने के अंदर पूरी दुनिया कोविड-19 की चपेट में आ गई। राजपक्षे ने कहा, मैंने उस समय पहले से ही खराब आर्थिक माहौल से विवश होने के बावजूद लोगों को महामारी से बचाने के लिए कार्रवाई की। उन्होंने कहा, 2020 और 2021 के दौरान मुझे लॉकडाउन का आदेश देने के लिए मजबूर होना पड़ा और विदेशी मुद्रा भंडार घटने लगा। मेरे विचार से, मैंने स्थिति से निपटने के लिए एक सर्वदलीय या राष्ट्रीय सरकार बनाने का सुझाव देकर सबसे अच्छा कदम उठाया। राजपक्षे ने पत्र में कहा, नौ जुलाई को पार्टी नेताओं की इच्छा के बारे में पता चलने के बाद मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया।

## अमेरिका के...

डोनाल्ड ट्रंप ने मार्ला मैपल्स से शादी कर ली थी। हाल के वर्षों में इवाना ट्रंप के अपने पूर्व पति से संबंध अच्छे हो गए थे। उन्होंने 2017 में आई एक किताब में लिखा था कि वे हफ्ते में एक बार बात जरूर करते हैं। इवाना ने 2016 में न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा था कि वह पूर्व राष्ट्रपति की समर्थक और सलाहकार दोनों हैं। इवाना का जन्म चेक गणराज्य के चेकोस्लोवाक शहर में 1949 में हुआ था। उन्होंने ट्रंप से 1977 में शादी की थी।

# निचली अदालतों व उच्च न्यायालयों में स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जाए : रिजीजू

**भाषा।** जयपुर

**केन्द्रीय विधि** मंत्री किरण रिजीजू ने अदालतों में स्थानीय व क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग की पुरजोर वकालत करते हुए शनिवार को कहा कि अदालत की भाषा अगर आम भाषा हो जाए हम कई समस्याओं को हल कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि मातृभाषा को अंग्रेजी से कमतर नहीं माना जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया और कहा कि न्याय के दरवाजे सभी के लिए समान रूप से खुले होने चाहिए।

रिजीजू यहां विधिक सेवा प्राधिकरणों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय में तो बहस से लेकर फैसले सब अंग्रेजी में होते हैं। लेकिन उच्च न्यायालयों को लेकर हमारी सोच है कि उनमें आगे जाकर स्थानीय व क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, कई वकील हैं जो कानून जानते हैं लेकिन अंग्रेजी में उसे सही ढंग से पेश नहीं कर पाते। ...तो अदालत में अगर आम भाषा का उपयोग होने लगे तो इससे कई समस्याएं हल हो सकती हैं। अगर कोई वकील अंग्रेजी बोलता है तो उसकी फीस ज्यादा होती है, ऐसा क्यों होना चाहिए? अगर मुझे अंग्रेजी नहीं बोलनी आती और मुझे मातृभाषा बोलना सहज लगती है तो मुझे अपनी मातृभाषा में बोलने की आजादी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं बिलकुल इस पक्ष में नहीं हूं कि जो अंग्रेजी ज्यादा बोलता है उसे ज्यादा इज्जत मिले, उसको ज्यादा फीस मिले, उसे ज्यादा केस मिले ... मैं इसके खिलाफ हूं। अपनी मातृभाषा को किसी भी रूप में अंग्रेजी से कमतर नहीं मानना चाहिए। मंत्री ने अपना लगभग पूरा संबोधन हिंदी में दिया। उन्होंने देश की अदालतों में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए इसे चुनौती बताया। उन्होंने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव काल में देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या लगभग पांच करोड़ पहुंचने वाली है। न्यायपालिका व सरकार के बीच तालमेल होनी चाहिए और आवश्यकता अनुसार विधायिका को अपनी भूमिका निभानी चाहिए ताकि इस संख्या को कम करने के लिए हर संभव कदम उठाया जा सके। मंत्री ने कुछ वकीलों की भारी भरकम फीस को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, जो लोग अमीर होते हैं वे अच्छा वकील कर लेते हैं। दिल्ली उच्चतम न्यायालय में कई वकील ऐसे हैं जिनकी फीस आम आदमी नहीं दे सकता है। एक-एक केस में हाजिर होने के अगर 10 या 15 लाख रुपए लेंगे तो आम आदमी कहां से लाएगा? उन्होंने कहा, कोई भी अदालत कुछ विशिष्ट लोगों के लिए नहीं होनी चाहिए। आम आदमी को अदालत से दूर रखने वाला हर कारण हमारे लिए बहुत चिंता का विषय है। मैं हमेशा मानता हूं कि न्याय का द्वार सबके लिए हमेशा व बराबर खुला रहना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि सरकार ने अब तक 1486 अप्रासंगिक कानूनों को रद्द किया है, साथ ही ऐसे और 1824 कानून चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार संसद के आगामी सत्र में ऐसे लगभग 71 ऐसे और कानूनों को और हटाने को प्रतिबद्ध है।




## आपराधिक न्याय प्रणाली की प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए कार्ययोजना की जरूरत : न्यायमूर्ति रमण

**जयपुर।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमण ने शनिवार को कहा कि देश के जेलों में बंद 6.10 लाख बंदियों में से करीब 80 फीसदी विचाराधीन बंदी हैं और देश की आपराधिक न्याय प्रणाली की प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, आपराधिक न्याय प्रणाली में पूरी प्रक्रिया एक तरह की सजा है। भेदभावपूर्ण गिरफ्तारी से लेकर जमानत पाने तक और विचाराधीन बंदियों को लंबे समय तक जेल में बंद रखने की समस्या पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

जयपुर में 18वें अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति रमण ने कहा, आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशानिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए हमें समग्र कार्य योजना की जरूरत है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि बिना किसी मुकदमे के लंबे समय से जेल में बंद कैदियों की संख्या पर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि, उन्होंने कहा कि लक्ष्य विचाराधीन कैदियों की जल्द रिहाई को सक्षम करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, इसके बजाय, हमें उन प्रक्रियाओं पर सवाल उठाना चाहिए जो बिना किसी मुकदमे के बड़ी संख्या में लंबे समय तक कैद की ओर ले जाती हैं।

## केरल में 200 किलोग्राम गांजा जब्त, एक व्यक्ति हिरासत में लिया गया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल पुलिस** की मादक पदार्थ रोधी इकाई ने शनिवार को एक मकान में छापा मार कर 200 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया और वहां रहने वाले एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने नजदीक स्थित वेंजारामूडु में किराए के मकान में रह रहे किशोर (39) नाम के व्यक्ति को इस सिलसिले में हिरासत में लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मादक पदार्थ रोधी इकाई के उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम ने वेंजारामूडु पुलिस की मदद से आरोपी को उसके घर से पकड़ा। छापेमारी तिरुवनंतपुरम ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) को एक गुप्त सूचना मिलने के बाद की गई। पुलिस ने उस स्रोत की जांच शुरू कर दी है, जहां से उसने इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री खरीदी थी।पुलिस अधिकारी ने कहा कि किशोर पहले भी इस तरह के अपराधों में शामिल रहा है।

## संसद के मानसून सत्र में पेश होगा एएसआई को अधिक शक्तियां देने वाला विधेयक

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को अधिक शक्तियां देने और प्राचीन स्मारकों से जुड़े एक कानून में संशोधन करने वाला विधेयक पेश किया जाएगा। मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। लोकसभा के बुलेटिन के अनुसार, सरकार ने प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष (संशोधन) विधेयक (एएमएएसआर), 2022 संसद में पेश करने तथा पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया है। इस विधेयक का मकसद निषिद्ध क्षेत्र का पुनर्गठन तथा अन्य संशोधन करना है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह विधेयक उस प्रावधान को हटा देगा जिसके तहत केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों के आसपास 100 मीटर के निषिद्ध क्षेत्र में निर्माण की अनुमति दी जाती है। एएमएएसआर विधेयक, 1958 को यह घोषित करने के लिए 2010 में संशोधित किया गया था कि संरक्षित स्मारकों के आसपास का 100 मीटर का क्षेत्र निषिद्ध है और अगले 300 मीटर का क्षेत्र विनियमित क्षेत्र है। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन से कानून की धारा 20ए बदल जाएगी, जो निषिद्ध क्षेत्र को निषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में पुनर्गठित करती है। विशेषज्ञ स्मारक समितियां किसी धरोहर के आसपास निषिद्ध क्षेत्र के बारे में निर्णय लेंगी। एएसआई को वन कानून की तरह प्रवर्तन की शक्तियां दी जाएगी ताकि वे संरक्षित धरोहरों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्वाई कर सके। इस विधेयक में एएसआई के तहत संरक्षित स्थलों की सूची की समीक्षा करने का भी प्रावधान है। संसद के मानसून सत्र में कलाक्षेत्र फाउंडेशन (संशोधन) विधेयक, 2022 भी पेश किया जाएगा।

## पीएलएफआई का दो लाख रुपए का इनामी जोनल कमांडर गिरफ्तार

**चाईबासा (झारखंड)।** सुरक्षा बलों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के जोनल कमांडर संतोष कन्डुलना को पश्चिमी सिंहभूम जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दो लाख रुपए के इनामी नक्सली संतोष के पास से एके-47 राइफल, एके राइफल की दो मैगजीन, 103 जिंदा कारतूस सहित अन्य चीजें बरामद हुई हैं।

गौरतलब है कि पुलिस ने इसी क्षेत्र से बुधवार को दो लाख रुपए के इनामी पीएलएफआई के एरिया कमांडर सांडीपुर्ति को गिरफ्तार किया था। जिले के पुलिस अधीक्षक अशुतोष शेखर ने शनिवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) का जोनल कमांडर संतोष कन्डुलना उर्फ लालो अपने ससुराल बंदगांव थाना के केड़के गांव आया हुआ है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर कार्वाई कर घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारी ने बताया कि संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद संतोष ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। शेखर ने बताया कि संतोष के खिलाफ हत्या के छह, हत्या के प्रयास के 16 सहित नक्सली गतिविधियों से संबंधित 33 मामले दर्ज हैं।

## सिद्धू ने जेल में की घुटने में दर्द की शिकायत, डॉक्टर ने दी वजन कम करने की सलाह

**पटियाला।** वर्ष 1988 में रोड रेज में एक व्यक्ति की मौत के मामले में पटियाला केंद्रीय जेल में एक साल की सजा काट रहे कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने घुटने में दर्द की शिकायत की है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक हड्डी रोग सर्जन ने जेल के अंदर सिद्धू की जांच की और उन्हें वजन कम करने की सलाह दी। सूत्रों ने कहा कि अपनी बैरक में फर्श पर सोने वाले सिद्धू को उठने में परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि सिद्धू को फर्श के बजाय बिस्तर पर सोने की भी सलाह दी गई है। सूत्रों ने बताया कि जेल प्रशासन ने डॉक्टर की सलाह पर सिद्धू को हार्ड बोर्ड बेड उपलब्ध कराया है।

सिद्धू (58) एम्बोलिज्म जैसी चिकित्सीय स्थितियों से पीड़ति हैं और उन्हें लीवर की बीमारी भी है। 2015 में, सिद्धू का दिल्ली के एक अस्पताल में एक्यूट डीप वीन थ्रॉम्बोसिस (डीवीटी) का भी इलाज हुआ था। इस बीच, पंजाबी गायक दलेर मेहंदी को भी जेल में उसी बैरक नंबर-10 में रखा गया है जहां सिद्धू बंद हैं। पटियाला की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को 2003 के मानव तस्करी मामले में पंजाबी पॉप गायक की दो साल की सजा को बरकरार रखते हुए जेल भेज दिया था। अदालत ने 2003 के मानव तस्करी मामले में निचली अदालत के 2018 के आदेश के खिलाफ मेहंदी की अपील खारिज कर दी थी।

## भारत सहकारी संघवाद से जबरन एकपक्षवाद की ओर बढ़ गया है: कपिल सिब्बल

**भाषा।** कोलकाता

**कांग्रेस के** पूर्व नेता और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में देश सहकारी संघवाद से जबरन एकपक्षवाद की ओर बढ़ गया है। सिब्बल ने संसद में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने के हालिया आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि यह अस्वीकार्य है। सिब्बल ने कुछ महीने पहले कांग्रेस छोड़ दी थी और वर्तमान में निर्दलीय राज्यसभा सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि संघीय ढांचे का ह्रास हो रहा है और संविधान को महज सत्ता के लिए विकृत किया जा रहा है।

सिब्बल ने संघवाद पर एक सेमिनार द डिस्कोर्स 2022 को संबोधित करते हुए कहा, योजना आयोग जहां राज्य अपने विचार और मांग रख सकते थे, उसे नीति आयोग में बदल दिया गया है। संवाद और चर्चा की प्रक्रिया पूरी तरह से नदारद है। हम सहकारी संघवाद से जबरन एकपक्षवाद की ओर बढ़ गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र की राजनीति संविधान के बजाय राज्यों पर शासन करने की है। उन्होंने कहा, राज्यपालों और केंद्रीय एजेंसियों का कार्यालय सरकार के लंबे हाथ में बदल गया है। बाद में, पत्रकारों से सिब्बल ने संसद में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने के हालिया आदेश की आलोचना की। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, एक दिन ऐसा भी आ सकता है जब वे हमसे कह सकते हैं कि हमें देश भर में विरोध प्रदर्शन बंद करने की जरूरत है। राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार संसद भवन परिसर में प्रदर्शन, धरना और धार्मिक समारोह आयोजित नहीं किए जा सकते हैं। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि इस तरह के नोटिस वर्षों से जारी किए जा रहे हैं।



## देश में लोकतंत्र मृतप्राय स्थिति में : यशवंत

**भाषा।** रांची

**राष्ट्रपति चुनाव** में विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने शनिवार को रांची में कहा कि देश में लोकतंत्र मृतप्राय स्थिति में पहुंच चुका है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव को पहचान के मुद्दे के तौर पर नहीं, बल्कि सिद्धांतों की लड़ाई के रूप में देखा जाना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेई की कैबिनेट में मंत्री रह चुके सिन्हा ने 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनकी पार्टी का समर्थन भी मांगा। झामुमो ने शुरूआत में राष्ट्रपति चुनाव के लिए सिन्हा के प्रति समर्थन जताया था। हालांकि, राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) द्वारा द्रौपदी मुर्मू को अपना उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद सोरेन ने बृहस्पतिवार को उन्हें झामुमो का समर्थन देने की घोषणा कर दी थी। इसका मुख्य कारण मूर्मू का संथाल जनजातीय समुदाय से जुड़ा होना माना जा रहा है, जिससे सोरेन खुद ताल्लुक रखते हैं। आदिवासी मतदाताओं के नाराज होने की आशंका भी मुर्मू के लिए झामुमो के समर्थन के ऐलान की बड़ी वजह है। सिन्हा ने रांची में कांग्रेस विधायकों और नेताओं की बैठक में भी हिस्सा लिया तथा राष्ट्रपति चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से भी मुलाकात की। बाद में उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब मैंने पिछले महीने (राष्ट्रपति चुनाव के लिए) अपना अभियान शुरू किया था, तब मैंने कहा था कि लोकतंत्र खतरे में है। लेकिन आज जब मैं अपने अभियान का समापन कर रहा हूं, तब मैं कह सकता हूं कि देश में लोकतंत्र मृतप्राय स्थिति में पहुंच चुका है।



## गुजरात में कांग्रेस के लिए जीत हासिल करना मुश्किल है, किंतु नामुमकिन नहीं: मिलिंद देवड़ा

**भाषा।** मुंबई

**कांग्रेस नेता** मिलिंद देवड़ा ने कहा है कि गुजरात विधानसभा में जीत हासिल करना उनकी पार्टी के लिए मुश्किल है, लेकिन यह ऐसी चुनौती नहीं है, जिसे जीता न जा सके। इस साल के अंत में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए देवड़ा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पार्टी नोटबंदी के बाद सत्ता विरोधी लहर के बीच पांच साल पहले गुजरात चुनाव जीतने के निकट आ गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में भाजपा 1998 से सत्ता में है, जबकि कांग्रेस 1995 के बाद से विधानसभा चुनाव में एक भी बार जीत हासिल नहीं कर पाई है। कांग्रेस ने 2017 में 77 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा ने 99 सीट पर कब्जा किया था।

देवड़ा ने कहा, मैं सही रणनीति बनाने में मदद करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मिलकर काम करूंगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जमीनी स्तर पर एकता हो और पहले के चुनावों में हमें प्रभावित करने वाली गलतियों का दोहराव नहीं हो। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक की भूमिका यह सुनिश्चित करना होती है कि चीजें सहजता से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि इस बार चुनाव जीतने के लिए कोई कसर न छोड़ी जाए। मुंबई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में लगातार दूसरी हार और कांग्रेस की मुंबई इकाई के अध्यक्ष पद को छोड़ने के बाद से देवड़ा सुर्खियों से दूर रहते हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि उन्हें गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक की भूमिका देकर पार्टी ने उन पर अपना भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दशकों की सत्ता विरोधी लहर को सामने लाना है और अपनी स्वयं की एक रचनात्मक योजना पेश करनी है। देवड़ा ने कहा, चुनौतियां हैं, लेकिन उनसे पार पाना नामुमकिन नहीं है। हम पिछली बार की तुलना में बेहतर कर सकते हैं। एक पर्यवेक्षक की भूमिका राज्य इकाई को यह बताना नहीं है कि क्या करना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि चीजें सुचारू रूप से चलें और संगठन में एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन बना रहे। कांग्रेस को अतीत में राज्य के चुनावों में मिली हार के बारे में सवाल किए जाने पर देवड़ा ने कहा कि गुजरात में जीत हासिल करना कठिन काम है, लेकिन पिछले प्रदर्शनों के आधार पर चुनावी परिणाम की भविष्यवाणी करना उचित नहीं है।

## अग्निपथ, किसानों से जुड़े मुद्दों और बेरोजारी पर चर्चा की मांग सर्वदलीय बैठक में की: अधीर

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को कहा कि विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में यह मांग उठाई है कि संसद के मॉनसून सत्र के दौरान सदन में बेरोजगारी, सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ और किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कराई जाए। इस बैठक में लोकसभा में विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, हमने मांग की है कि अग्निपथ, बेरोजगारी और किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो और विपक्ष को सदन में ए मुद्दे उठाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। मॉनसून सत्र 18 जुलाई से आरंभ हो रहा है।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के पास ड्रोन नजर आने पर सेना ने गोलीबारी की

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक ड्रोन उड़ता देखा गया और सेना के जवानों की गोलीबारी के बाद ड्रोन पीछे लौट गया। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रोन को शुक्रवार रात कृष्णा घाटी सेक्टर में बलोनी के निकट नियंत्रण रेखा के पास उड़ते हुए देखा गया। सूत्रों ने कहा कि मुस्तैद जवानों ने गोलियां चलाईं और ड्रोन वापस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की तरफ लौट गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद सेना और पुलिस ने इलाके में तलाश अभियान शुरू किया है।

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने औरंगाबाद, उस्मानाबाद शहरों के नाम बदलने को दी मंजूरी

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र में** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने औरंगाबाद और उस्मानाबाद शहरों के नाम बदलकर क्रमश: छत्रपति संभाजीनगर और धाराशिव रखे जाने को शनिवार को मंत्रिमंडल की मंजूरी दे दी। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के इस्तीफा देने से ठीक पहले, 29 जून को उनकी अगुवाई वाली पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने इन शहरों के नाम बदलने का फैसला किया था। बहरहाल, 30 जून को शपथ ग्रहण करने वाले शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि ठाकरे नीत सरकार का इन शहरों के नाम बदलने का फैसला अवैध है, क्योंकि उन्होंने यह निर्णय राज्यपाल द्वारा विधानसभा में उन्हें बहुमत साबित करने के लिए कहने के बाद लिया।

ठाकरे की अध्यक्षता में पिछले महीने हुई मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने का फैसला किया गया था, लेकिन शिंदे नीत सरकार ने शनिवार को इसके आगे छत्रपति जोड़ दिया। इस समय मंत्रिमंडल में केवल दो सदस्य शिंदे और फडणवीस हैं, क्योंकि इसका विस्तार अभी नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि (ठाकरे की अध्यक्षता में हुई) 29 जून की मंत्रिमंडल की बैठक के कार्य विवरण को नई सरकार (शिंदे के नेतृत्व वाली) ने शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दे दी। बयान में कहा गया है, मंत्रिमंडल द्वारा आज स्वीकृत ताजा प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा, जिसके बाद दोनों शहरों का नाम संभाग, जिला, तालुका, नगर निगम और परिषद स्तर पर बदला जाएगा। मंत्रिमंडल ने प्रस्तावित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम किसान नेता दिवंगत डी बी पाटिल के नाम पर रखने को भी मंजूरी दे दी। उद्धव ठाकरे नीत पूर्ववर्ती सरकार ने पिछले महीने इस संबंध में भी फैसला किया था। शिंदे के शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने के बाद एमवीए सरकार 29 जून को गिर गई थी। शिंदे ने इसके अगले दिन मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

## शिवसेना ने पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में पूर्व मंत्री शिवतरे को निष्कासित किया

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में पूर्व मंत्री विजय शिवतरे को निष्कासित कर दिया। पुणे जिले की पुरंदर सीट से विधायक शिवतरे के निष्कासन की घोषणा शिवसेना के मुखपत्र सामना में की गई। शिवतरे ने पार्टी से निष्कासन के बाद पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला धड़ा असली शिवसेना है। साल 2014 से 2019 के बीच देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहे शिवतरे ने कहा, 2019 में कांग्रेस से हाथ मिलाने के फैसले से शिवसेना में कोई भी खुश नहीं था। बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व पर कायम पार्टी ही असली शिवसेना है। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे ने कहा था कि कांग्रेस के साथ जाने के बजाय वह शिवसेना को खत्म कर देना ज्यादा पसंद करेंगे। शिवतरे ने कहा कि वह शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे का बहुत सम्मान करते हैं, लेकिन कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर शिवसेना में व्याप्त असंतोष को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## हंगामे के बीच विधेयक पारित नहीं होगा: महाराष्ट्र विधनसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर

**भाषा।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र विधानसभा** अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा है कि वह सदन में हंगामे के बीच विधेयकों को पारित नहीं होने देंगे क्योंकि इसका मतलब जनता के जनादेश के साथ विश्वासघात होगा। नार्वेकर ने शिवसेना में कटु विभाजन के बावजूद राज्य विधानसभा के सुचारू कामकाज को लेकर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने दलील दी कि अन्य राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र सदन में व्यवधान हल्के हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या शिवसेना में बगावत का 25 जुलाई से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा सत्र पर कोई असर पड़ेगा, इस पर दक्षिण मुंबई के कोलाबा से पहली बार भाजपा के विधायक बने नार्वेकर ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता है। नार्वेकर शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई राज्य विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों की बैठक में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे। उन्होंने कहा, विधानसभा के हालिया सत्र में लगभग नौ घंटे तक बहस हुई। व्यवधानों में बहुत कम समय बर्बाद हुआ। मुझे सदन के सभी नेताओं और विधायकों का सहयोग मिला। आगामी सत्र में भी सदस्य विधानसभा के नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार मुद्दों को उठा सकेंगे। शिवसेना के बागी एकनाथ शिंदे के भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद नार्वेकर को महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया था। पिछले साल फरवरी में नाना पटोले के इस्तीफे के बाद से अध्यक्ष का पद खाली था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल अंतरिम अवधि में सदन के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद राकांपा और कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बने उद्धव ठाकरे को 29 जून को शिवसेना में विद्रोह के बाद पद से इस्तीफा देना पड़ा था। शिवसेना के ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े ने बगावत में शामिल एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के 39 में से 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने का अनुरोध करते हुए अध्यक्ष को नोटिस दिया था। शिवसेना के 39 विधायकों के अलावा, छोटे संगठनों के 10 विधायकों और निर्दलीय विधायकों ने भी शिंदे के नेतृत्व वाले गुट का समर्थन किया था, जिसके परिणामस्वरूप ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार को सत्ता से हटना पड़ा। नार्वेकर ने कहा, विधायकों की अयोग्यता का मुद्दा विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में लंबित है। इस पर संविधान के प्रावधानों के तहत फैसला लिया जाएगा। इसका सदन की कार्यवाही पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अध्यक्ष के रूप में उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं के बारे में पूछे जाने पर नार्वेकर ने कहा कि वह सदन में हंगामे के बीच विधेयकों को पारित नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता उचित चर्चा और बहस के बाद विधेयकों को पारित करना सुनिश्चित करना होगा। हंगामे में विधेयक पारित करना जनादेश के साथ विश्वासघात होगा। मैं बिना किसी चर्चा के विधेयकों को पारित नहीं होने दूंगा।



# श्रीलंका में संविधान का सम्मान करते हुए सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण हो : संयुक्त राष्ट्र



कोलंबो में संसद भवन को सुरक्षा घेरे में लिए हुए सैन्यबल

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**श्रीलंका** में संयुक्त राष्ट्र ने देश के सभी हितधारकों से संविधान के प्रति पूर्ण सम्मान दिखाते हुए सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सुनिश्चित करने की अपील की है। विश्व संस्था ने यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि मौजूदा अस्थिरता और लोगों की शिकायतों के मूल कारण का समाधान किया जाए।

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे के बाद देश में संयुक्त राष्ट्र की रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर हाना सिंगर-हम्दी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह जरूरी है कि सत्ता का हस्तांतरण संसद के भीतर और बाहर व्यापक एवं समावेशी विचार-विमर्श के साथ हो।

उन्होंने कहा, श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र सभी हितधारकों से संविधान का पूर्ण सम्मान करते हुए सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को सुनिश्चित करने का आग्रह करता है। यह महत्वपूर्ण है कि मौजूदा अस्थिरता के मूल कारणों और लोगों की शिकायतों का समाधान किया जाए। सभी हितधारकों के साथ बातचीत सभी श्रीलंकाई लोगों की चिंताओं को दूर करने और आकांक्षाओं को पूरा करने का सबसे अच्छा तरीका है। गायिका-हम्दी ने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने में सुरक्षा बल संयम बरतें और मानवाधिकार सिद्धांतों और मानकों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र तत्काल और दीर्घकालिक दोनों जरूरतों को पूरा करने के लिए श्रीलंका की सरकार और लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को श्रीलंका के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। संसद जब तक गोटबाया राजपक्षे के उत्तराधिकारी का चुनाव नहीं कर लेती, तब तक विक्रमसिंघे देश के अंतरिम राष्ट्रपति रहेंगे। गोटबाया राजपक्षे ने उनकी सरकार पर अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने और देश को दिवालिया करने के आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया।

## श्रीलंका में 60 लाख से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं: डब्ल्यूएफपी

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि श्रीलंका की कुल आबादी में से 60 लाख यानी 28 प्रतिशत से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं तथा ए हालात और खराब होने की आशंका है क्योंकि सबसे बदतर आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में संकट गहराता जा रहा है। श्रीलंका फिलहाल गिरते विदेशी मुद्रा भंडार के कारण गंभीर संकट जूझ रहा है और सरकार आवश्यक आयात के लिए भुगतान करने में सक्षम नहीं है। आर्थिक संकट के कारण खाद्य सामग्री, दवाओं, रसोई गैस, ईंधन और टॉयलेट पेपर की भारी किल्लत हो गई है। लोगों को ईंधन और रसोई गैस खरीदने के लिए दुकानों के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने शुक्रवार को श्रीलंका की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि देश की 63 लाख यानी 28 प्रतिशत आबादी खाद्य असुरक्षा का सामना कर रही है और संकट गहराने के कारण हालात और खराब हो सकते हैं।

## भारत ने श्रीलंका को लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक बहाली में मदद जारी रखने का आश्वासन दिया

**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका में अभूतपूर्व राजनीतिक संकट और आर्थिक बदहाली के बीच शनिवार को उसे आश्वस्त किया कि वह देश के लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक बहाली में सहयोग करता रहेगा। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने को एक मुलाकात में यह आश्वासन दिया। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब एक दिन पहले अभयवर्धने ने गोटबाया राजपक्षे का राष्ट्रपति पद से इस्तीफा मंजूर कर लिया था। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया कि बैठक में उच्चायुक्त बागले ने खासतौर से ऐसे अहम मोड़ पर लोकतंत्र तथा संवैधानिक ढांचे को बनाए रखने में संसद की भूमिका की सराहना की। उन्हें यह बताया कि हम श्रीलंका के लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक बहाली में सहयोग करते रहेंगे। गौरतलब है कि 2.2 करोड़ की आबादी वाला देश श्रीलंका सात दशकों में सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है, जिसके चलते लोग खाद्य पदार्थ, दवा, ईंधन और अन्य जरूरी वस्तुएं खरीदने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## राजपक्षे ने त्यागपत्र में किया खुद का बचाव, कहा- पूरी क्षमता के अनुसार मातृभूमि की सेवा की

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने अपने त्यागपत्र में खुद का बचाव करते हुए कहा उन्होंने पूरी क्षमता के साथ मातृभूमि की रक्षा की और भविष्य में भी ऐसा ही करते रहेंगे। राजपक्षे के इस त्यागपत्र को शनिवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान पढ़ा गया ।उनके इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति पद के लिए हुई रिक्ति की घोषणा करने के सिलसिले में संक्षिप्त समय के लिए श्रीलंकाई संसद की बैठक हुई। अर्थव्यवस्था को संभालने में सरकार की नाकामी के चलते श्रीलंका में तेज हुए विरोध प्रदर्शनों के चलते बुधवार को राजपक्षे देश से भाग गए थे। सिंगापुर से राजपक्षे द्वारा भेजे गए त्यागपत्र को संसद के 13 मिनट के सत्र के दौरान पढ़ा गया। राजपक्षे (73) ने अपने त्यागपत्र में श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के बदतर होने के लिए कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने आर्थिक मंदी का मुकाबला करने के लिए सर्वदलीय सरकार बनाने की कोशिश करने जैसे बेहतरीन कदम उठाए ।राजपक्षे ने त्यागपत्र में लिखा, मैंने पूरी क्षमता के साथ मातृभूमि की रक्षा की और भविष्य में भी ऐसा ही करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रपति बनने के बाद तीन महीने के अंदर पूरी दुनिया कोविड-19 की चपेट में आ गई। मैंने उस समय पहले से ही खराब आर्थिक माहौल से विवश होने के बावजूद लोगों को महामारी से बचाने के लिए कार्वाई की। 2020 और 2021 के दौरान मुझे लॉकडाउन का आदेश देने के लिए मजबूर होना पड़ा और विदेशी मुद्रा की स्थिति बिगड़ गई। मेरे विचार में, मैंने स्थिति से निपटने के लिए एक सर्वदलीय या राष्ट्रीय सरकार बनाने का सुझाव देकर सबसे अच्छा कदम उठाया। राजपक्षे ने पत्र में कहा, नौ जुलाई को पार्टी नेताओं की इच्छा के बारे में पता चलने के बाद मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया। वह बुधवार को मालदीव भाग गए थे और इसके बाद बृहस्पतिवार को सिंगापुर पहुंच गए। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि न तो राजपक्षे ने शरण मांगी है और न ही उन्हें शरण दी गई है तथा उन्हें निजी यात्रा के लिए देश में प्रवेश की अनुमति दी गई।

## अरब के क्राउन प्रिंस के समक्ष खशोगी की हत्या का मामला उठायाः बाइडन

**जेद्दा।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ शुक्रवार को बैठक की शुरुआत में सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की 2018 में हुई हत्या का मामला उठाया। इसी के साथ उन्होंने इस विचार को खारिज किया कि वह सऊदी अरब के साथ अहम राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित करने की कोशिश के दौरान उसके द्वारा किए गए कथित मानवाधिकार उल्लंघन को नजरअंदाज कर रहे हैं। बाइडन ने कहा, मैंने स्पष्ट कहा कि एक अमेरिकी राष्ट्रपति होने के नाते, जो मैं हूं, मानवाधिकार के किसी मामले पर चुप रहना, उस पहचान से मेल नहीं खाता। उन्होंने कहा, मैं हमारे मूल्यों के लिए हमेशा खड़ा होऊंगा। अमेरिकी खुफिया विभाग का मानना है कि अमेरिका में रहने वाले लेखक खशोगी की चार साल पहले हत्या क्राउन प्रिंस सलमान के इशारे पर की गई थी।

## इजराइल ने रॉकेट हमले के जवाब में गाजा को निशाना बनाया



एपी। यरूशलम

**इजराइली** सेना ने रात के रॉकेट हमले के जवाब में गाजा पट्टी में एक स्थान को हमास सैन्य स्थल करार देते हुए शनिवार तड़के उसे निशाना बनाया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की इजराइल एवं फलस्तीन यात्रा के समापन के बाद दोनों पक्षों के बीच यह संघर्ष हुआ। सेना ने कहा कि उसके लड़ाकू जेट ने एक भूमिगत परिसर को निशाना बनाया जहां रॉकेट उत्पादन में उपयोग होने वाली सामग्री रखी थी। कुछ घंटों के अंतराल पर दो बार किए गए रॉकेट हमलों के बाद दक्षिण इजराइल में सायरन बजने लगे लेकिन इस हमले में जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। सेना ने कहा कि एक रॉकेट को नष्ट कर दिया गया जबकि अन्य खुले क्षेत्र में गिरे। किसी भी फलस्तीनी संगठन ने रॉकेट हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, इजराइल, फलस्तीन से होने वाली किसी भी हिंसा के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराता रहा है, जिसने 15 सालों तक गाजा पर शासन किया ।हाल के महीने में तनाव बढ़ने के बावजूद बाइडन की इजराइल एवं कब्जे वाले वेस्ट बैंक की तीन दिवसीय यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। वेस्ट बैंक में बाइडन ने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भेंट की थी।

## मरियम नवाज ने इमरान खान की पार्टी से बढ़ाया दोस्ती का हाथ

**लाहौर।** सत्तारूढ़ पीएमएल-एन की नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने पहली बार इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से दोस्ती का हाथ बढ़ाते हुए कहा है कि मुख्यधारा के दो राजनीतिक दलों के बीच लड़ाई उनके हित में नहीं है। मरियम ने पंजाब प्रांत में महत्वपूर्ण उपचुनावों से पहले शुक्रवार को पंजाब प्रांत के मुल्तान शहर में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मैं पीटीआई से नहीं लड़ना चाहती। मैं चाहती हूं कि पाकिस्तान तरक्की करे और इसके लिए मैं पीटीआई के युवाओं और उसके समर्थकों से दोस्ती, शांति और प्यार का हाथ बढ़ाती हूं। मैं इमरान खान से यह भी कहती हूं कि देश को आगे बढ़ने दें। पंजाब की 20 प्रांतीय विधानसभा सीटों पर रविवार को उपचुनाव होंगे। अगर इमरान की पार्टी 12 से 13 सीटें जीतती है, तो वह पंजाब के मुख्यमंत्री हमजा शहबाज को सदन में बहुमत से बाहर करने में कामयाब हो जाएगी। मरियम ने 2018 में खान के पक्ष में चुनावों में धांधली करने के लिए रिजल्ट ट्रांसमिशन सिस्टम (आरटीएस) को अप्रभावी बनाने के लिए पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग पर भी निशाना साधा।

**सार्वजनिक सूचना**

श्री स्वर्ना राज बोरा पुत्र श्री सुशान्त बोरा निवासी फ्लैट न.0 604, ब्लाक-ए, ईस्ट प्लेटिनम, सोम बाजार रोड, सेक्टर-44, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर (उ0प्र) एवं सुश्री Selbi Allaberenova पुत्री Mr. Ulugbek Pirnazarowic Allayarow निवासी Tajjar Street, House No-06 Flat No. 74 Ashgabat Turkmenistan वर्तमान निवासी फ्लैट नं0 604, ब्लाक-ए, ईस्ट प्लेटिनम, सोम बाजार रोड, सेक्टर-44, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर (उ0प्र) ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु आवेदन किया है।
इस संबंध में आपत्तिधारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 06.08.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है।

SEAL

हस्ता/-
प्र0 नगर मजिस्ट्रेट
विशेष विवाह अधिकारी
गौतमबुद्धनगर

**PUBLIC NOTICE**

The public in General is hereby inform that Late Sh. P. M. Bhojwani S/o Late Sh. Murlidhar Bhojwani who was the allottee of Plot No.516, Sector- 37, Pace City-II, Sector-37, Gurugram, Haryana allottee from Haryana State Industrial and Infrastructure Development Corporation Limited (H.S.I.I.D.C.). Sh. P. M. Bhojwani expired on 19.06.2020, after his death my clients Mrs. Hari Bhojwani, Sh. Ritin Bhojwani and Sh. Rohan Bhojwani legal heirs of Late Sh. P. M. Bhojwani have applied to transfer the above said plot in their favour in three equal share before the office of Haryana State Industrial and Infrastructure Development Corporation Limited (H.S.I.I.D.C.). If, any person having any right, title, claim or interest in the said property of any kind, shall intimate the objection in writing to the undersigned or Haryana State Industrial and Infrastructure Development Corporation Limited (H.S.I.I.D.C.) with supporting documents within 7 days from the date of publication of this notice or else any such claim by any person shall not be considered and shall be deemed to have been waived and/or abandoned and clients shall proceed to conclude the transfer of the above said plot in their name and no claim shall be entertained thereafter.

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mrs. Shibbu Devi** who is purchasing the **Plot No. 6, area measuring 45.00 SQ. YDS. out of Khasra No. 856/13 Mi. Situated in the Village Dhargal, Jalalabad, Ghaziabad, U.P. from Mr. Rajbir Tyagi S/o Mr. Asharam**, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301, Contact # 0120-4269379

# कृषि को सुगम, किसानों को समृद्ध बनाना भी सहकारी बैंकों का काम : शाह

भाषा। नई दिल्ली



**सहकारिता** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) से कहा कि सहकारिता बैंकों को केवल बैंकिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि खेती के विस्तार, उपज बढ़ाने पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि को सुगम व किसानों को समृद्ध बनाने के लिए गांव-गांव में किसानों से संवाद कर उन्हें जागरूक बनाना भी एआरडीबी की ही जिम्मेदारी है।

शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र का डेटाबेस बनाने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र का कोई भी एकीकृत डेटाबेस नहीं है और डेटाबेस नहीं होने पर क्षेत्र के विस्तार के बारे में नहीं सोचा जा सकता है।

उन्होंने कहा, विस्तार तभी हो सकता है जब आप जानते हो कि विस्तार कहां करना है। सहक ारिता मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंकों को देश में सिंचिंत भूमि को बढ़ाने के उद्देश्य से कर्ज प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, एआरडीबी सिंचाई परियोजनाओं और अन्य अवसंरचनाओं समेत कृषि क्षेत्र को लंबी अवधि के और कर्ज देने पर ध्यान दें। शाह ने कहा कि छोटे किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सहकारी बैंकों को इस बारे में सोचना चाहिए कि सहकारिता की भावना के साथ इस तरह के छोटे खेतों में किस तरह काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में 49.4 करोड़ एकड़ कृषि भूमि है, जो अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा है। यदि पूरी कृषि भूमि को सिंचित किया जाए तो भारत पूरी दुनिया का पेट भर सकता है। एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, यदि आप पीछे मुड़कर देखेंगे और सहकारिता संस्थानों के जरिए दीर्घकालिक ऋण की पिछले 90 वर्ष की यात्रा पर गौर करेंगे कि यह कैसे कम हुआ है तो आंकड़ों को देखने पर पाएंगे कि यह बढ़ा ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक ऋण में कई बाधाएं हैं और अब समय आ गया है कि सहकारिता की भावना के साथ इन अवरोधकों से पार पाया जाए। शाह ने कहा कि सहकारिता बैंकों को केवल बैंकों के तौर पर काम नहीं करना चाहिए बल्कि सिंचाई जैसी कृषि अवसंरचना की स्थापना जैसी अन्य सहकारी गतिविधियों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि सहकारिता मंत्रालय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को बहुआयामी बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हमने इसके लिए आदर्श उप-नियम बनाकर प्रदेशों में चर्चा के लिए भेजे है। सहकारिता के तत्व को बढ़ाते हुए हम 70-80 साल पुराने कानूनों को बदलकर पैक्स में नई-नई गतिविधियां जोड़ने काम कर रहे है। शाह ने कहा, अनेक बैंकों ने नए-नए सुधार किए मगर वे सुधार बैंकों तक ही सीमित रह गए और उनका लाभ पूरे क्षेत्र को नहीं मिला। बैंक केंद्रित सुधार इस क्षेत्र को नहीं बदल सकते। अगर क्षेत्र में सुधार आएंगे तो सहकारिता अपने आप मजबूत हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से 70 साल में 64 लाख हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य बनी, लेकिन प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 8 साल में 64 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में वृद्धि हुई और कृषि का निर्यात पहली बार 50 अरब डॉलर को पार कर गया है। शाह ने कहा कि यह किसान कल्याण के प्रति मोदी सरकार की निष्ठा को दर्शाता है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

**I, Vinay Kumar S/o Ram** Saran Saxena R/o Flat No-K-405, AVJ Heights, Tower-K, Plot No-GH-12/02, Sector-Zeta-1st, Greater Noida, Sakipur, G.B. Nagar, (U.P.) - 201306. hereby declare that the name of Vinay Kumar Saxena has been changed to Vinay Kumar, and my Aaddhar card no is **4839 7578 9186.**
PD(90130)C

**I, Joseph Lakra husband of** Sangeeta Lakra R/o. Village-Konbegi Sarai Toli, P.S.-Thethaitanagar, Konbegi, Simdega, Jharkhand-835235 do hereby solemnly declare that my daughter SUNAINA student of class IX of ASSISI Convent School, Sector-33, Noida, Distt.-Gautam Budh Nagar, have change her name from SUNAINA to SUNAINA LAKRA for all future purposes.
PD(90131)C

## मस्क ने ट्विटर के मुकदमे में तैयारी के लिए महीनों का वक्त मांगा

एपी। सैन फ्रांसिस्को

**टेस्ला** के सीईओ एलन मस्क ने ट्विटर के मुकदमे पर शुक्रवार को पलटवार किया जिसमें सोशल मीडिया कंपनी 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण सौदे को पूरा करने के लिए दबाव बना रही है। खबरों में यह बात कही गई। डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी में दाखिल किए गए जवाब में मस्क के वकीलों ने आरोप लगाया कि ट्विटर ने फर्जी खातों के बारे में जानकारी नहीं दी है। ऐसा करने में देरी की गई, टालमटोल की और तकनीकी बाधाएं डालने की कोशिश हुई। उन्होंने अपने जवाब में ट्विटर के तत्काल सुनवाई के अनुरोध का भी विरोध किया और कहा कि ट्विटर से जानकारी हासिल करने और फर्जी खातों के विषय पर कई गवाहों को पेश करने में महीनों लगेंगे। इससे पहले ट्विटर ने इस सप्ताह की शुरुआत में मस्क पर 44 अरब डॉलर में कंपनी का अधिग्रहण पूरा करने का दबाव बनाने के लिए मुकदमा किया था। मस्क ने फर्जी खातों की सही जानकारी नहीं देने का आरोप लगाते हुए ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने के समझौते को रद्द करने की घोषणा की थी। वहीं, दूसरी ओर ट्विटर ने कहा था कि वह इस सौदे को बरकरार रखने के लिए टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मस्क पर मुकदमा करेगी। ट्विटर के निदेशक मंडल के अध्यक्ष ब्रेट टेलर ने मंगलवार को ट्वीट करके बताया था कि एलन मस्क को उनके अनुबंध दायित्वों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी में मुकदमा दायर किया गया है। मस्क ने बीते शुक्रवार को कहा था कि कंपनी ट्विटर के फर्जी खातों की संख्या के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दे सकी, जिसके चलते उन्होंने यह सौदा रद्द किया है।

### पेट्रोनास बना टाटा मोटर्स का स्टैटेजिक लुब्रिकेन्ट्स पार्टनर

**मुंबई।** पेट्रोनास लुब्रिकेन्ट्स इंडियाद्ध प्रा लिमिटेड और टाटा मोटर्स ने एक हस्ताक्षर समारोह के दौरान अपनी नई साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत पेट्रोनास लुब्रिकेन्ट्स को टाटा मोटर्स के कमर्शियल वाहनों के लिए स्टैटेजिक लुब्रिकेन्ट्स पार्टनर नियुक्त किया गया है।

## वीआईटी-एपी देगा मेरिट छात्रवृत्ति

**नई दिल्ली।** वीआईटी के संस्थापक और चांसलर डा. जी.विश्वनाथन ने जी.वी मेरिट स्कॉलरशिप छात्रवृत्ति और राजेश्वेरी अम्मल मेरिट स्कॉलरशिप की घोषणा की। इन छात्रवृत्तियों का उद्देश्य गैर इंजीनियरिंग कार्यक्रमों जैसे बीबीए, बीकॉम, लॉ, बीएससी, बीए और स्नातकोत्तर पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रमों में नामांकन करने वाले उम्मीदवारों का शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से समर्थन करना है। वीआईटी.एपी के कुलपति डॉ. एसवी कोटा रेड्डी ने बताया कि जीवी मेरिट स्कॉलरशिप देश भर केकिसीभी बोर्ड के टॉपर सर्वोत्तमद्ध छात्र के लिए है। इस छात्रवृत्ति के तहतदाखिला प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को यूजी स्नातक कार्यक्रम के सभी वर्षों के लिए 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जायेगी। साथ ही उन्होंने राजेश्वारी अम्मल मेरिट छात्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए पात्रता मानदंड भी बताएँए उम्मीदवार को देश भर के किसी भी राज्य से जिला टॉपर होना अनिवार्य है। दाखिला प्राप्त करने वाले उम्मीदवार डिग्री प्रोग्राम के सभी वर्षों के लिए ट्यूशन शुल्क में 50 छात्रवृत्ति के लिए पात्र है। यदि जिला टॉपर एक लड़की हो तो उसे अतिरिक्त 25 छात्रवृत्ति मिलेगीएजोकुल मिलाकर 75 छात्रवृत्ति बन जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 है। अधिक जानकारी के लिए 7901091283 पर संपर्क कर सकते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बाफना हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, सुनील सुमतिलाल मूथा, प्लॉट नंबर 14/5, मेन मथुरा रोड, एसआरएस टावर के सामने, सेक्टर-27, फरीदाबाद, हरियाणा-121010/ **LBFDB00005418759** | सम्पत्ति सं. एस-141, तल-3, ब्लॉक एस, पंचशील पार्क, ऊपर टेरेस के साथ, दिल्ली | 27-06-2022 रू. 4,41,00,705/- | 06-04-2022 |
| 2. | हिमानी जैन, क्षमा जैन, रोबोटेक प्राइवेट लिमिटेड, सी-483, योजना विहार, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली-110092/ **LBFDB00004938668** | प्लॉट नंबर 78 पी, सेक्टर-7, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद-121001 | 27-06-2022 रू. 1,56,49,802.24/- | 06-04-2022 |
| 3. | संजय अरोड़ा, सुनील सिंघल, फ्रिस्को फैब डाईंग ऐंड प्रिंटिंग प्रा. लि., सोनिया अरोड़ा, आरआर-II/101, रॉयल रिट्रीट-2, चार्मवुड विलेज, सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा-121009/ **LBFDB00003153209** | विला नंबर 89, ब्लॉक सी, लेकवुड सिटी, सूरजकुंड रोड, सेक्टर-39, फरीदाबाद-121001 | 27-06-2022 रू. 3,64,08,372.07/- | 06-04-2022 |
| 4. | फ्रिस्को फैब डाईंग ऐंड प्रिंटिंग प्रा. लि., सुनील सिंघल, संजय अरोड़ा, सोनिया अरोड़ा, प्लॉट नंबर 16/2, सरीन फार्म, कॉम्प्लेक्स बड़खल फ्लाईओवर, मथुरा रोड, फरीदाबाद-121001/ **LBFDB00005266928** | विला नंबर 89, ब्लॉक सी, लेकवुड सिटी, सूरजकुंड रोड, सेक्टर-39, फरीदाबाद-121001 | 27-06-2022 रू. 1,00,20,825.97/- | 06-04-2022 |
| 5. | नागुलापल्ली रामकृष्ण, सर्बजीत कौर, 5000 एन, मरीन परेड रोड, 14-59 लैगून व्यू, सिंगापुर-449295, सिंगापुर-18956/ **LBFDB00004881739** | प्लॉट नंबर 2845, खसरा नंबर 48/21 का भाग, तल -4 छत के अधिकार सहित, सेक्टर-ए, ग्रीनफील्ड्स, फरीदाबाद-121002 | 21-06-2022 रू. 84,68,402.23/- | 07-03-2022 |
| 6. | यशमणि बोस, अनु शर्मा, ई-111, पाकेट-1, त्रिलोकपुरी, पटपड़गंज, मयूर विहार, दिल्ली-110091/ **LBGUR00003665413** | फ्लैट नंबर बी 1802, 3 बीएचके टावर ई, सेठी वेनिस, 18वां तल, एससी-01/ए-4, सेक्टर-150, नोएडा-201301 | 21-06-2022 रू. 67,05,832.22/- | 07-03-2022 |
| 7. | हरदीप भाटी, शीतल भाटी, 102, टावर नंबर 2, लोटस बोल्वर्ड, सेक्टर-100, नोएडा-201301/ **LBDEL00003056637** | प्लॉट नंबर जी-92, ब्लॉक जी, सेक्टर-63, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301 | 21-06-2022 रू. 68,49,490/- | 07-03-2022 |
| 8. | इरफान खान, कलकत्ता हरियाणा ट्रांसपोर्ट कम्पनी, सलीमुद्दीन, अफसाना, 6230, चतुर्थ तल, पक्की गली, बाड़ा हिन्दू राव, दिल्ली-110006/ **LBDEL00005030156** | फ्लैट नंबर 2 ए, द्वितीय तल, फ्रंट साइड, 15 ब्रॉड स्ट्रीट, पीएस कराया, कोलकाता, कोलकाता-700019 | 21-06-2022 रू. 63,53,747/- | 03-02-2022 |
| 9. | ध्रुव अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, जे-6, तृतीय तल, मेन गली, वेस्ट ज्योति नगर, गोकुलपुर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, नई दिल्ली-110094 दिल्ली-110094/ **LBGUR00004731308** | फ्लैट नंबर बी 1703, 17वां तल, सनशाइन हेलिओस, प्लॉट नंबर 5 बी, टावर बी, सेक्टर-78, नोएडा-201305 | 21-06-2022 रू. 93,24,874/- | 07-02-2022 |
| 10. | यशवंत प्लेस सर्विस स्टेशन, राज कुमार गोयल, रजनी गोयल, प्रदीप मेहरा, अफ्रीका एवेन्यू, चाणक्य सिनेमा के सामने, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021/ **LBNOD00005119999** | प्लॉट नंबर 163, मोती बाग-II, सत्य निकेतन, दिल्ली-110021 | 14-06-2022 रू. 3,85,13,132/- | 07-03-2022 |
| 11. | यशवंत प्लेस सर्विस स्टेशन, राज कुमार गोयल, रजनी गोयल, प्रदीप मेहरा, अफ्रीका एवेन्यू, चाणक्य सिनेमा के सामने, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021/ **LBNOD00005311294** | प्लॉट नंबर 163, मोती बाग-II, सत्य निकेतन, दिल्ली-110021 | 14-06-2022 रू. 66,45,352/- | 07-03-2022 |
| 12. | शिव कुमार जटिया, अर्चना जटिया, शशि आर जटिया, बी-50, गुलमोहर पार्क, दिल्ली-110049/ **LBDEL00002444168** | प्लॉट नंबर बी-50, गुलमोहर पार्क, जोन एफ-3, मस्जिद मोठ, दिल्ली-110049 | 25-06-2022 रू. 4,96,91,014/- | 06-04-2022 |
| 13. | शिव कुमार जटिया, अर्चना जटिया, शशि आर जटिया, बी-50, गुलमोहर पार्क, दिल्ली-110049/ **LBDEL00003454022** | प्लॉट नंबर बी-50, गुलमोहर पार्क, जोन एफ-3, मस्जिद मोठ, दिल्ली-110049 | 25-06-2022 रू. 2,74,99,600/- | 06-04-2022 |
| 14. | शिव कुमार जटिया, अर्चना जटिया, शशि आर जटिया, बी-50, गुलमोहर पार्क, दिल्ली-110049/ **LBDEL00005411830** | प्लॉट नंबर बी-50, गुलमोहर पार्क, जोन एफ-3, मस्जिद मोठ, दिल्ली-110049 | 25-06-2022 रू. 1,88,90,324/- | 06-04-2022 |
| 15. | शिव कुमार जटिया, अर्चना जटिया, शशि आर जटिया, बी-50, गुलमोहर पार्क, दिल्ली-110049/ **LBDEL00002442446** | प्लॉट नंबर बी-50, गुलमोहर पार्क, जोन एफ-3, मस्जिद मोठ, दिल्ली-110049 | 25-06-2022 रू. 1,45,10,878.32/- | 06-04-2022 |
| 16. | शिव कुमार जटिया, अर्चना जटिया, शशि आर जटिया, बी-50, गुलमोहर पार्क, दिल्ली-110049/ **LBDEL00002442447** | प्लॉट नंबर बी-50, गुलमोहर पार्क, जोन एफ-3, मस्जिद मोठ, दिल्ली-110049 | 25-06-2022 रू. 1,40,44,301/- | 06-04-2022 |
| 17. | हरमीत सिंह सेठी, एफ 21 प्रथम तल, विकासपुरी, दिल्ली-110018/ **LBDEL00004850300** | प्लॉट नंबर एफ-165, ब्लॉक-एफ, सम्पूर्ण भू तल, छत के अधिकार नहीं, भू तल, विकास पुरी, दिल्ली- 110018 | 21-06-2022 रू. 52,53,158/- | 07-03-2022 |
| 18. | हरमीत सिंह सेठी, एफ 21 प्रथम तल, विकासपुरी, दिल्ली-110018/ **LBDEL00004863995** | प्लॉट नंबर एफ-165, ब्लॉक-एफ, सम्पूर्ण भू तल, छत के अधिकार नहीं, भू तल, विकास पुरी, दिल्ली- 110018 | 21-06-2022 रू. 2,76,034.05/- | 07-03-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 16 जुलाई, 2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिये जल संरक्षण जरूरी

संवाददाता। बांदा

**प्रधानमंत्री** एवं मुख्यमंत्री की प्रेरणा एवं उनके निर्देशानुसार जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण की थीम पर दिनांक 16 से 22 तक भू-जल सप्ताह का आयोजन पूरे प्रदेश में किया गया है। इसी क्रम में आज ग्राम तुर्रा विकास खण्ड नरैनी तहसील अतर्रा के विसाहिल जल स्त्रोत में जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय भूजल सप्ताह का आयोजित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा के क्रम में आज इस बिसाहिल जल स्त्रोतए ग्राम तुर्रा में भूगर्भ जल सप्ताह के आयोजन की षुरूआत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद बांदा के ग्राम जखनी जो पूरे देष में जल ग्राम के रूप में जाना जाता है। जखनी में किसानों द्वारा अपने.अपने खेतों में बड़ी बड़ी मेड़ों को बनाकर बरसात के जल को इकठ्ठा करके भूगर्भ जल को बढ़ाया है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने व जल की कमी को देखते हुये प्रधानमंत्री द्वारा जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया गया है। इसी तरह तालाबोंए नदीध्नालों में बरसात का पानी इकत्र कर सकते है और बरसात का पानी जमीन में रिस का भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ा सकते है। हमारी आने वाली पीढ़ी को पानी की किल्लत से बचाने के लिये हमको जल संरक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि आज जो भूमिगत जल स्त्रोत से जितना पानी निकाल रहे है हमें उससे दोगुना जल संरक्षण के माध्यम से पानी को संरक्षित करना है। अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, बांदा श्री एम0पी0सिंह द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज ज्यादातर लोगों के पास समरसेबिल का प्रयोग करके भूमिगत जल का उपयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि जितने पानी की आवष्यकता हो उतना पानी ही हमे निकालना चाहिए न की हमे अनावष्यक पानी को बरबाद नही करना चाहिए। जितना पानी हम निकालते है हमे उससे अधिक जल संरक्षण के माध्यम से जल को संरक्षित करना चाहिए। बलराम तिवारी जिलाध्यक्ष किसान यूनियन द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि जल ही जीवन है और जल को बचाना है। जल के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को पानी को बबार्द नहीं करना चाहिए। किसान भाईयों को अपने खेतों में मेड बनाकर पानी को एकत्र करना चाहिए जिससे ताकि भूमि में नमी रहे और सिचांई के लिये हमे कम पानी की आवष्यकता पड़े। श्री कालीचरण बाजपेई बदौसा द्वारा कार्यक्रम में कहा कि बारिष के पानी को गांव के बाहर जाना चाहिए और गांव का पानी गांव मेंए खेत का पानी खेत में रहे इसके लिये हमें अपने-अपने खेतों में चारो ओर बड़ी.बड़ी मेड बनाकर एवं खेत



तालाब योजना के तहत तालाबों को बनवाकर बरसात के पानी को रोकना है। जिससे हमारे गांव का भूमिगत जल का स्त्रोत बढ़ सके और हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिये पीने योग्य जल पर्याप्त मात्रा में बना रहे। बृज गोपाल, प्रधान पति ग्राम तुर्रा द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि हम सभी ग्रामवासियों को पानी को बचाना है और बरसात के पानी को संरक्षित करना है। बरसात के पानी को तालाब मेंए खेतों में एवं जमीन के अन्दर पानी को इकठठा करना है जिससे भूमिगत जल का स्त्रोत निरन्तर बना रहे। राकेष गौतम, ग्राम तुर्रा द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये समर्सिबल के पास गढ़े खुदवानेएव अधिक के सरकारीध्गैर सरकारी संस्थाओं को रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने का आह्वान किया। इसी प्रकार कार्यक्रम में राम प्रकाष, राजा राम तिवारी, रमेष आदि द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। हरीओम मिश्रा, सहायक अभियन्ताए लघु सिंचाई द्वारा बताया कि देश के गिरते भूजल स्तर और उस पर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए अभी भी समय है कि भूजल संरक्षण के प्रति हमें सचेत हो जाना चाहिए। उन्होने कहा कि इसके लिए हम सब मिलकर इस वर्ष भूजल सप्ताह पर अपने आप से वादा करें कि हम पानी के खर्च में मुमकिन कटौती करेंगे और हम पानी की बरबादी को रोकेंगे। भूगर्भ जल विभाग के खण्डीय अधिकारी श्वेता गुप्ता ने हाइड्रोलॉजिस्ट द्वारा वर्षा जल संचयनध्संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया कि जल के बिना हम जीवन की कल्पना नही कर सकते हैं। जिलाधिकारी बांदा, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा बिसाहिल जल स्त्रोत के चारो तरफवृक्षारोपण भी किया गया। इसी प्रकार संजय अग्रवाल, प्रभागीय वनाधिकारी बांदाए विजय कुमार उप कृषि निदेशक बांदा द्वारा जल संरक्षण एवं भूजल सप्ताह में विशय अपने.अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में उपायुक्त मनरेगा ,राघवेन्द्र तिवारी, उपजिलाधिकारी अतर्रा विकास यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, तहसीलदार अतर्रा विजय प्रताप, जिला पूर्ति अधिकारी, ग्राम प्रधान श्रीमती सावित्री देवी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई ,हरीओम मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी नरैनी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## क्विक न्यूज

### बैठगंज बाजार की केबिल हुई जर्जर, आये लाइन होती फाल्ट

**जालौन ( उरई )।** नगर के बाजार बैठगंज में डाली गई बंद केबिल जर्जर हो चुकी है। आए दिन केबिल में फॉल्ट होकर आग लग जाती है। जिससे व्यापारी चिंतित हैं। व्यापारियों ने केबिल को बदलवाने की मांग की है। हाईटेंशन लाइन की सुरक्षा एवं बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से बिजली विभाग द्वारा बाजार बैठगंज समेत अन्य स्थानों पर बंद केबिल डलवाई गई थी। इन केबिल में खंभे से कनेक्शन दिए गए हैं। बाजार बैठगंज में पड़ी यह बंद केबिल पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। हालत यह है कि हफ्ते में इस केबिल में एक या दो फाल्ट होते रहते हैं। केबिल बंद होने के चलते रबर में भी आग लग जाती है। बाजार बैठगंज व्यपार का प्रमुख केंद्र हैं। केबिल में लगने वाली आग कभी भी घातक सिद्ध हो सकती है। वह तो गनीमत है कि केबिल में फाल्ट होने पर आवाज सुनकर लोग इधर-उधर हो जाते हैं। अन्यथा की स्थिति में कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। व्यापारी विशाल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कपिल गुप्ता, निखिल, ललउवा, अजीत श्रीवास्तव आदि ने बताया कि झंडा चौराहा से फाटक वाले हनुमान तक और झंडा चौराहा से पुराना बिजलीघर तक केबिल जर्जर हो चुकी है। लगातार फाल्ट हो रहे हैं। इसके बाद भी विभाग फाल्ट में जोड़ लगाकर काम चला रहा है। जबकि उक्त जर्जर केबिल को बदलवाया जाना चाहिए। ताकि कोई गंभीर दुर्घटना से बचा जा सके। उक्त संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त लाइन को बदलवाने के निर्देश दिए हैं। एक दो दिन में पुरानी लाइन की जगह नई लाइन डलवा दी जाएगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान आहत, कुत्ते की मौत

**कोटरा ( उरई )।** कस्बा कोटरा के समीपस्थ बेतवा नदी किनारे पशुओं को चरा रहे बबलू पुत्र श्रीराम निवासी मोहल्ला नारेघाट पर अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से एक कुत्ते की मौत हो गयी जबकि किसान आंशिक रूप से आहत हो गया। आनन फानन में उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया था।

### चार दिन से लापता मानसिक विक्षिप्त युवक का मिला शव

**कोंच ( जालौन )।** बीते करीब 4 दिन पूर्व घर से लापता हुए मानसिक रूप से कमजोर युवक का शव मिलने से सनसनी फैली। मामले के मुताबिक नया पटेल नगर व हाल नहर कॉलनी निवासी 24 वर्षीय भानू कुशवाहा पुत्र रबूदे कुशवाहा मानसिक रूप से विछिप्त था।वह बीती 12 जुलाई की शाम करीब 4 बजे अचानक घर से लापता हो गया था।उसके बड़े भाई जितेंद्र कुशवाहा ने मामले की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी। शुक्रवार की रात करीब 8 बजे नगर की रिहायशी बस्ती के सटे सिकरी मौजे में स्थित एक खेत में उसका शव डला हुआ मिला। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई जिसके बाद कोतवाल बलिराज शाही, मंडी चौकी इंचार्ज सर्वेश कुमार, सुरई चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा पुलिस बल के साथ पहुंचे और आवश्यक छानबीन की। उक्त शव बुरी तरह सड़ गल गया था जिसमें कीड़े भी पड़ गये थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव मिलने से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही मौत के सही करणों का पता चल सकेगा।

### विद्युत पोल में उतरे करंट से चिपककर गौवंश की मौत

**कोंच ( जालौन )।** विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर एक गौवंश की मौत हो गयी। मामले के मुताबिक रेलवे स्टेशन के सामने स्थित मियागंज रोड पर शनिवार को एक गौवंश सड़क किनारे विचरण कर रहा था। सरकार पैलेस के समीप लगे लोहे के विद्युत पोल में अचानक उतरे करंट से चिपककर गौवंश की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि डिक्स पंचर हो जाने से विद्युत पोल में करंट उतर आया था। वहां आसपास रहने वाले लोगों ने कहा है कि बारिश के मौसम में विद्युत पोल में करंट से बचाव हेतु व्यवस्था की जाए ताकि जनहानि रोकी जा सके।

### सोमवार को पांच घंटे बन्द रहेगी विद्युत आपूर्ति

**कोंच ( जालौन )।** सोमवार को करीब 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। विद्युत उप खंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य ने जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि कोंच नहर पावर हाउस में विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु नये पैनल लगाये जाने के कारण फर्स्ट व सेकेंड फीडर से जुड़े नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सोमवार को सुबह 7 बजे से लेकर अपरान्ह 12 बजे तक बंद रहेगी। उप खंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** परिजनों द्वारा की गई किसी बात से नाराज होकर युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। युवक की मृत्यु की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। तो वही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। शनिवार को क्षेत्र के ग्राम बारामऊ सराय निवासी विकास पुत्र तेजराम दोहरे परिजनों की किसी बात से नाराज होकर रेलवे टेऊक्र पर पहुंचा और ट्रेन से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस दौरान युवक का मोबाइल फोन दूर जा गिरा। जिसकी डिस्प्ले क्षतिग्रस्त होने के बावजूद उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने युवक की सिम दूसरे फोन में डलवाई। जिस पर युवक के पिता का फोन आ गया। पुलिस की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस द्वारा युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजने कार्रवाई की गई है।

### शराबी युवक ने महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** शराब के नशे में धुत युवक ने महिला के दरवाजे पहुंचकर अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी भावना पत्नी सुखदेव द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम वह अपने दरवाजे पर बैठी थी।

## जीएसटी प्रस्ताव पारित होने के विरोध में गल्ला व्यापारियों ने बंद रखे प्रतिष्ठान

संवाददाता। जालौन (उरई)

**जीएसटी** काउंसिल द्वारा कृषि उत्पादों पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी का प्रस्ताव पारित किया गया है। गल्ला मंडी के व्यापारियों ने उक्त प्रस्ताव को किसान और गल्ला व्यापारियों के विरोध में बताते हुए गल्ला मंडी को बंद रखा। जिससे किसानों को परेशानी हुई। गल्ला व्यापार कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेमदास गुप्ता उर्फभूरे मामा एवं माहमंत्री महेंद्र कुमार राठौर ने बताया कि सभी प्रकार के अनब्रांडेड, प्रीपैक्स, प्रीलेविल अनाज, अरहर दाल, गेहूं, चना, मुरमुरे, आर्गेनिक गुड़, आटा जैसे आवश्यक उपयोग में आने वाली वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी शुल्क लगा दिया गया है। वेयरहाउस में रखे जाने वाले कृषि उत्पादों मूंगफली, नारियल, मसाले, काटन अभी तक कर मुक्त थे। इनको भी जीएसटी के दायरे में लाया जा रहा है। इस संदर्भ में जीएसटी काउंसिल द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है। बताया कि उक्त प्रस्ताव किसानों और गल्ला व्यापारियों के हित में नहीं है। कहा कि इससे व्यापारियों और किसानों का नुकसान होगा। उक्त प्रस्ताव के विरोध में शनिवार को गल्ला व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। गल्ला व्यापारियों ने किसानों से कृषि उत्पादों की खरीद बिक्री नहीं की। उन्होंने सरकार से उक्त निर्णयों पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए गेहूं, आटा, दाल, चावल, मुरमुरा, दूध, दही, छाछ, गुड़ आदि आवश्यक वस्तुओं को कर मुक्त रखने की मांग की है। साथ ही भारत सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं पर पैकेजिंग व लेबलिंग के नाम पर लगने वाले जीएसटी की अनुशंसा पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान गल्ला व्यापारी अनंत कुमार गुप्ता, देवेंद्र यादव, आत्माराम पांडेय, महेशचंद्र अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अंशुल सक्सेना, श्यामू गुर्जर, मोहन कुशवाहा, अन्नू शिवहरे आदि व्यापारियों ने सहयोग किया।

## संपूर्ण समाधान दिवस औपचारिकताओं में निपटा, महज दो शिकायतें ही आयीं

संवाददाता। जालौन (उरई)

**जनपद में** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आने के कारण प्रशासन उसमें व्यस्त था। प्रशासन की व्यवस्था के चलते आज सीडीओ की उपस्थिति में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान औपचारिकता में निपट गया तथा 2 शिकायतें पंजीकृत हुए। शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को सौंप दी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होना था। कैथरी में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के चलते वह नहीं आ सके। जिला तथा तहसील स्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थिति में समाधान का आयोजन किया गया जिसमें सुढ़ार निवासी रामरती पत्नी भूरे ने अपने पुत्र किशुन कुमार की गलत आदतों की शिकायत की है। औरेखी




निवासी रामकुमार ने पेड़ पर खड़े 2 बबूल के पेड़ों को गांव के लोगों द्वारा जबरन काट लेने की शिकायत की। इस मौके पर शिक्षा विभाग से उप खंड अधिकारी शैलेन्द्र कुमार, विकास विभाग ए डी समाज कल्याण अतुल कुमार, वन दरोगा मुबारक अली, जे ई बिजली विभाग अमन पांडेय, उपनिरीक्षक अमर सिंह, अनिल कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, हुई मारपीट

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा कलां में बच्चों में आपस में मारपीट हो गयी। बच्चों के बीच हुए झगड़े में बालक के पिता ने दूसरे बच्चे के घर पर जाकर गाली-गलौज की और उसके पिता के साथ मारपीट भी कर दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के धनौरा कलां में आपस में खेल के दौरान नीरज व दिव्यांशू के बीच विवाद हो गया। विवाद में बच्चों में मारपीट हो गई। रामसिया पुत्र कल्लू ने बताया कि उनके बच्चे नीरज व वीरेंद्र के पुत्र दिव्यांशू के बीच झगड़ा हो गया तथा आपस में बच्चों में मारपीट हो गई। बच्चों के हुए झगड़े से नाराज वीरेंद्र कुमार उनके घर आये तथा गाली गलौज करने लगे तथा उनके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की देकर घर चला गया है तथा धमकी दी है कि अगर वह उनकी गली में आया तो जान से हाथ धो बैठेगा।

## गुटबाजी की भेंट चढ़ गया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय

संवाददाता। जालौन (उरई)

**कस्तूरबा** गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गूढ़ा की छात्राओं ने स्टाफ पर शोषण करने व घटिया खाना देने का आरोप लगाया था। छात्राओं द्वारा लगाये आरोप के बाद जिला समन्वयक ने मौके पर पहुंच कर जांच की थी। जांच होने के 3 माह बाद दोषियों के खिलाफनहीं हुई कार्रवाई।

निर्धन परिवार के होनहार छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार द्वारा ब्लाक स्तर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गूढा संचालित किया जा रहा है। विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं रेश्मा, संध्या, मुस्कान व मोहनी ने रसोईया गुड्डी देवी, प्रीति, वंदना, सावित्री चौकीदार सुनील पाल पर शोषण करने तथा घटिया खाना व बासा भोजन देने का आरोप लगाया था। छात्राओं का आरोप है कि ये कर्मचारी उनसे स्कूल में जबरन काम कराते हैं तथा पानी भरने के लिए मजबूर करती है। इसके साथ ही छात्राओं ने विद्यालय कर्मचारियों पर शोषण करने का आरोप लगाते हुए कि उन्होंने इसकी शिकायत स्कूल के स्टाफ से भी की। शिकायत के बाद शिक्षिकाएं उन्हें ही डाट कर चुप करा देती थी। छात्राओं द्वारा लगाये आरोपों की हकीकत जानने जिला समन्वयक विश्वनाथ द्विवेदी ने 19 अप्रैल को विद्यालय जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंखा, राशन सामग्री और पाठ्य सामग्री वार्डन साधना निरंजन के कक्ष में मिली। इस बारे में पूछने पर वार्डन कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सकी। छात्रों ने आरोप लगाया कि स्टाफके व्यवहार से उनमें डर और तनाव का माहौल है।जिला समन्वयक ने बताया कि पूछताछ में फुलटाइम टीचर वंदना और प्रीति विश्वकर्मा ने वार्डन पर बदसलूकी का आरोप लगाया है।जिला समन्वयक ने अपनी जांच रिपोर्ट जिला बेसिक अधिकारी को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय की वार्डन समेत कई कर्मचारियों के खिलाफकार्रवाई होना तय थी । कार्यवाही की जद में कौन कौन कर्मचारी हैं यह तो अभी स्पष्ट नहीं है फिर भी विद्यालय के सफल संचालन व गुटबाजी को समाप्त कराने के लिए कठोर निर्णय लिया जाना आवश्यक था। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने जांच रिपोर्ट के आने के 3 माह बीत जाने के बाद भी दोषियों के खिलाफकार्रवाई नहीं की। बेसिक शिक्षा विभाग की दोषियों को बचाने की कार्यप्रणाली लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। जिला समन्वयक विश्वनाथ दुबे ने बताया कि उन्होंने जांच रिपोर्ट बीएसए को अप्रैल में सौंप दी थी। कार्यवाही करना उनके अधिकार में नहीं है।

### खराबी आने से पूरी रात बगैर बिजली के बिलबिलाए लोग

**कोंच ( जालौन )।** नगर के आराजी लेन क्षेत्र में स्थित 11 केवी विद्युत सब स्टेशन में शुक्रवार की रात करीब 9 बजे खराबी आ जाने के चलते पूरी रात उमस भरी गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।उप खंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य व अवर अभियंता रामू गुप्ता विभागीय कर्मियों के साथ पूरी रात विद्युत सब स्टेशन पर मौजूद बने रहे तब कहीं जाकर सुबह करीब 5 बजे लोगों को विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो सकी। बताया जा रहा है कि विद्युत सब स्टेशन की रिले के कनेक्शन में खराबी आ गई थी और सीटी बदलने के बाद भी सप्लाई रिले के कनेक्शन सेट न होने के चलते विधुत आपूर्ति लगातार ट्रिप हो रही थी। टेस्टिंग टीम के आ जाने के बाद ही करीब 7 घंटे के अथक प्रयास के उपरांत विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। विद्युत आपूर्ति न आने से पूरी रात लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा।

## आठ माह बाद भी जालौन परियोजना में नहीं हुई सीडीपीओ की तैनाती

- 62 ग्राम पंचायतों में हवा में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र

संवाददाता। जालौन (उरई)

**बाल** विकास परियोजना अधिकारी का पद लगभग 8 माह से खाली पड़ा है। पद खाली होने के कारण परियोजना का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। इसके बाद भी खाली पड़े पद को पर किसी को नियुक्त नहीं किया जा रहा है। बाल विकास परियोजना का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। विकास खंड में 180 केन्द्र संचालित है जिनमें 132 केंद्र सम्पूर्ण व 48 केन्द्र मिनी है। 62 ग्राम पंचायतों में संचालित इन केन्द्रों के संचालन कराने का दायित्व परियोजना अधिकारी का है। स्थानीय कार्यालय में पदस्थ परियोजना अधिकारी अंकिता वर्मा इंटर कालेज में प्रवक्ता पद पर नियुक्त होने के बाद 28 नवंबर को इस्तीफा देकर चली गयी। अंकिता वर्मा के रिजायन देने के बाद से यह पद खाली है। 8 माह होने को है किन्तु अभी तक परियोजना अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई है। मुख्य सेविका नीता निरंजन अपने दायित्वों के साथ परियोजना अधिकारी का दायित्व भी देख रही है। परियोजना अधिकारी का पद रिक्त होने के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रभावित हो रहा है तथा केन्द्रों का संचालन केन्द्र प्रभारी व सहायिका मन मर्जी से करने लगी है। चुनावी दौरे में सरकारी योजनाओं का संचालन ठीक ढंग से न होने के कारण सरकार की साख को बट्टा लगा रहा है। एसडीएम राजेश सिंह ने बताया कि वह इस संदर्भ में उच्च अधिकारियों से सम्पर्क करेगें।

## 3.73 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

- जिले में 20 जुलाई को मनेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

संवाददाता। चित्रकूट

**जनपद** में 20 जुलाई को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान में जनपद के 3.73 लाख (एक से 19 साल के) बालक-बालिकाओं को कृमि से मुक्ति (पेट के कीड़े निकालने) के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। ऐसे बच्चे जो बीमार हैं या फिर कोई अन्य दवा ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवा नहीं खिलाई जाएगी। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में 20 जुलाई को स्कूल-कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके बाद 25 से 27 जुलाई तक मॉपअप चरण आयोजित होंगे। 3.73 लाख बालक-बालिकाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएमओ ने बताया कि एक से पांच साल तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 साल तक के स्कूल न जाने वाले सभी बालक-बालिकाओं एवं श्रमिक एवं घुमंतू बालक-बालिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्र पर दवा खिलाई जाएगी। जबकि 6 से 19 तक के सभी छात्र-छात्राओं को सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। एनडीडी के नोडल डा आर के आजाद ने बताया कि ऐसे बच्चे जो बीमार हैं या फिर कोई अन्य दवा ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवा नहीं खिलाई जाएगी। इसके लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए गए है। एनडीडी नोडल ने बताया कि नंगे पैर खेलना और घूमना, हाथ धोए बिना भोजन करना, खुले में शौंच करना, फल और सब्जियां बिना धोए खाना और दूषित भोजन करने से कृमि संक्रमण फैलता है।

## समस्याओं का समाधान न हुआ तो शिक्षक लड़ेंगे आरपार की लड़ाई

- शिक्षकों ने एक दिवसीय धरना देकर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना देकर डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कुछ जनपदस्तरीय तथा कुछ प्रदेशस्तरीय मांगें शामिल रहीं । डीआईओएस बलिराज राम ने जनपदस्तरीय समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया वहीं प्रदेशस्तरीय समस्याओं के निराकरण के लिये उचित माध्यम से पत्र लिखने का आश्वासन दिया है। मांग पत्र में पदोन्नति कोटा अन्तर्गत आने वाले शिक्षकों के पदोन्नति प्रस्ताव





भेजने, डीआईओएस कार्यालय में लम्बित देयकों का भुगतान कराने आदि मांगे जनपदस्तरीय व प्रदेशस्तरीय मांगों में 19 मांगें सम्मिलित की गईं हैं। जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्र ने कहा कि सरकार शिक्षा और शिक्षकों के हितों की अनदेखी कर रही है । शिक्षकों को एकजुट होने की जरूरत है। कहा कि जनपदस्तर पर ही तमाम समस्यायें लम्बित हैं जिससे शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो शिक्षक आरपार की लड़ाई लडने के लिये बाध्य हो जायेंगे। धरना प्रदर्शन में जिला मंत्री सूर्यभान सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार , सुरेश प्रसाद, धीरेन्द्र सिंह , अजय कुमार, जयवीर सिंह तैनगुरिया, भारत भूषण शुक्ला, सुधीर कुमार , शंकर प्रसाद यादव, पवन तिवारी, नन्दलाल पाल, रमेश सिंह परिहार, पीयूष मिश्रा, विष्णुदत्त मिश्रा, सुरेन्द्रनाथ यादव, हरीओम सिंह, महेश चन्द्र कटियार, राकेश मिश्रा, नन्हेलाल, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# बल्लेबाजों को पूरी जिम्मेदारी से खेलना होगा

● निर्णायक मुकाबले में भारत को बल्लेबाजी के तरीके में बदलाव की जरूरत, इंग्लैंड भी तैयार

भाषा। मैनचेस्टर



**पिछले मैच में** करारी हार का झटका मिलने के बाद भारतीय टीम के रविवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के निर्णायक तीसरे वनडे मैच में अपनी बल्लेबाजी रणनीति में थोड़ा बदलाव करने की उम्मीद है जिसमें वह अति सतर्क होने के बजाय निर्भीक होकर खेलना चाहेगी। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने हाल में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान अति आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया जिससे काफी हद तक सफलता भी मिली लेकिन जिस तरीके से दूसरे वनडे में टीम ने 247 रन के कम स्कोर के लक्ष्य का पीछा किया, उसे देखकर लगता है कि काफी कुछ किया जा सकता है। रोहित स्वीकार करेंगे कि वह और अनुभवी शिखर धवन इंग्लैंड के रीस टॉप्ले और डेविड विली की शानदार स्विंग के आगे कुछ रक्षात्मक हो गए। और फिर विराट कोहली की लगातार असफलता से समस्या बढ़ गई। लेकिन सीनियर सलामी बल्लेबाज शुरू में दो ओवर मेडन जाने दे रहे हैं जो सकारात्मक मानसिकता नहीं दिखाता है। इसलिए निश्चित रूप से बल्लेबाजी के तरीके में बदलाव की जरूरत है और लक्ष्य का पीछा करने के लिए मानसिकता में बदलाव करना होगा। ओवल में पहले मैच में तो हालांकि जसप्रीत बुमराह ने छह विकेट लेकर अकेले दम पर टीम को जीत दिलाई थी। रोहित ने दूसरे मैच के बाद कहा, मैं चाहता हूं कि खिलाड़ी टीम की भूमिका देखने के बजाय देखें कि वे अपने खेल के बारे में कुछ अलग कर सकते हैं। अगर वे उस स्थिति से टीम को बाहर निकालते हैं तो सोचिए कि उनके आत्मविश्वास में इससे कितनी बढ़ोतरी होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शुरू से तेज खेलने का तरीका शानदार रहा और ऐसा नहीं है कि यह 50 ओवर के प्रारूप में काम नहीं कर सकता। बल्कि इंग्लैंड की स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप भी पहले दो मैचों में पूरी तरह से फॉर्म से बाहर दिखा और जिससे लगा कि मेजबान टीम में बटलर, बेयरस्टो, जेसन , स्टोक्स और लिविंगस्टोन जैसी काबिलियत के खिलाड़ी पुराने जमाने का वनडे मैच खेल रहे हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड पर सुबह होने वाले इस वनडे में हालांकि बल्लेबाजी चुनौतीपूर्ण होगी जहां गेंद काफी मूव करती है और भारत को यहां 2019 में विश्व कप सेमीफाइनल में मिली हार भी ध्यान में रहेगी। ज्यादातर मैचों में रोहित का तरीका परेशानी भरा नहीं है लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की अगुआई वाला भारतीय टीम प्रबंधन के अपने ही मुद्दे होंगे जिसमें यह भी कि 37 वर्षीय धवन अगले साल होने वाले 2023 वनडे विश्व कप में उनकी पसंद होंगे या नहीं। यह बाएं हाथ का खिलाड़ी रोहित और कोहली के अलावा काफी रन जुटाता रहा है, ऐसा इसलिए भी है क्योंकि वह पारी का आगाज करता है लेकिन ऐसा इसलिए भी है कि दो अति प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उन्हें अपना नैसर्गिक खेल खेलने का मौका दिया है। लेकिन द्विपक्षीय वनडे काफी तेजी से कम हो रहे हैं (ज्यादातर टीमें तीन मैच की श्रृंखला खेलती हैं) और धवन केवल एक ही प्रारूप में खेल रहे हैं जिससे उन्हें ए बाध्य ब्रेक लेने पड़ते हैं और इससे निश्चित रूप से उनकी लय प्रभावित हो रही है। वनडे विश्व कप में अभी 15 महीने का समय बाकी है तो इस पर गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है कि रोहित, धवन और कोहली आगे भारत के पहले, दूसरे और तीसरे नंबर के खिलाड़ी होंगे। कोहली निश्चित रूप से इस मैच के बाद एक महीने लंबे ब्रेक के लिए तैयार होंगे जिसमें उनके नेट में अपनी समस्या का निवारण ढूंढने की उम्मीद है। वह बाहर जाती गेंदों पर बल्ला छुआ रहे हैं और उनकी यह कमजोरी जगजाहिर हो गई है और जहां तक सफेद गेंद के खेल का संबंध है तो इसका हल निकालने की जरूरत है। जहां तक भारत के गेंदबाजी आक्रमण का संबंध है तो उसने अभी तक पांच सफेद गेंद के मैचों में से चार में तो उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन किया है। बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और मोहम्मद शमी ने अकसर विकेट चटकाने वाली गेंद फेंकी हैं। युजवेंद्र चहल ने अपनी तकनीक में थोड़ा बदलाव किया है जिससे वह थोड़ी और धीमी गेंद फेंक रहे हैं। प्रसिद्ध कृष्णा लेंथ से उछाल हासिल करने की काबिलियत को देखते हुए बेहतर ही होंगे और हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी लय से निश्चित रूप से भारतीय खेमे के चेहरों पर मुस्कान वापस आई है। चिंता का विषय केवल रविंद्र जडेजा की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी है जो लगातार नीचे की ओर आ रही है। जडेजा बल्लेबाजी आल राउंडर के रूप में बदलते जा रहे हैं।

## राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 322 सदस्यीय दल की घोषणा

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ ने शनिवार को आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 215 खिलाड़ियों के साथ 322 सदस्यों के दल की घोषणा की। दल में 107 अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी है। इन खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक इंग्लैंड के शहर में होगा। भारत गोल्ड कोस्ट में हुए पिछले राष्ट्रमंडल खेलों की तालिका में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बाद तीसरे स्थान पर रहा था और टीम की कोशिश इस बार अपने प्रदर्शन में सुधार करने की होगी। इस मौके पर आईओए महासचिव राजीव मेहता ने कहा, हम अपना सबसे मजबूत दल राष्ट्रमंडल खेलों में भेज रहे हैं। हम निशानेबाजी में काफी मजबूत रहे है लेकिन वह इस बार इन खेलों का हिस्सा नहीं है। इसके बावजूद हम पिछले सत्र के मुकाबले इस बार बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त हैं। यहां जारी विज्ञप्ति में इस खेल निकाय के शीर्ष पदाधिकारी ने एथलीटों और महासंघों को समर्थन देने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया।मेहता ने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने खेलों को अभूतपूर्व समर्थन दिया है और ओलंपिक खेलों में हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस बात की तस्दीक करता है। टीम में कुछ प्रमुख नामों में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, मीराबाई चानू, लवलीना बोरगोहेन, बजरंग पूनिया और रवि कुमार दहिया शामिल हैं। इसके अलावा मौजूदा राष्ट्रमंडल चैंपियन मनिका बत्रा, विनेश फोगाट के साथ-साथ 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तजिंदरपाल सिंह तूर, हिमा दास और अमित पंघाल भी दल का हिस्सा हैं। तूर ने हालांकि शनिवार को ही चोट के कारण इन खेलों से हटने की घोषणा की। तूर अमेरिका के यूजीन में चल रही विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप से पहले लगी ग्रोइन चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गए। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के उपाध्यक्ष राजेश भंडारी टीम के शेफ डी मिशन (दल प्रमुख) हैं। भारतीय खिलाड़ी 15 खेलों और चार पैरा खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### विश्व कप 2023 की मेजबानी गंवाने से बचने के लिए चुनाव कराए

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) हॉकी इंडिया का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति को लिखकर चुनाव कराने के लिए कहेगा ताकि जनवरी में ओडिशा में होने वाले पुरूष विश्व कप की मेजबानी गंवानी नही पड़े। एफआईएच कार्यकारी बोर्ड ने शुक्रवार को स्पेन के टेरेसा मे महिला विश्व कप के दौरान हुई बैठक में यह फैसला लिया।

### फेलिक्स ने कांस्य से विश्व चैम्पियनशिप से विदाई ली

**यूजीन (ओरेगॉन)।** अमेरिका की स्टार एथलीट एलिसन फेलिक्स ने यहां चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में कांस्य पदक से विश्व चैम्पियनशिप मे अपना 19वां और अंतिम पदक जीता। अमेरिका की महान एथलीट मे शुमार फेलिक्स व्यक्तिगत रेस में क्वालीफाई नही कर सकी थी जिससे 36 साल की खिलाड़ी के करियर के लिए यह मिश्रित रिले स्पर्धा काफी महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसे उनकी अंतिम रेस माना जा रहा है।

### गोरखा क्लब ने अलीगंज क्लब को हराया

**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में गोरखा क्लब की जहां जीत हुई वहीं अलीगंज बी व डिवाइन के बीच मैच ड्रा रहा। पहले मैच में गोरखा क्लब ने मार्डन अलीगंज क्लब को 2-1 से हराया। दूसरे मैच में मार्डन अलीगंज बी और डिवाइन क्लब के बीच हुआ जिसमें मैच के दौरान कोई भी टीम गोल ना कर सकी अतः यह मैच अंत तक 0-0 से ड्रा रहा। गोरखा क्लब की ओर से आर्यमान ने 25 वे मिनट, विश्वजीत 42 वे मिनट में गोल किया। मार्डन अलीगंज क्लब की ओर से दिवित ने 48 वे मिनट में गोल किया।

### भारतीय जीएम अरविंद ने स्पेन में शतरंज टूर्नामेंट जीता

**बेनास्क (स्पेन)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर (जीएम) अरविंद चिदंबरम यहां टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर आर्मेनिया के रॉबर्ट होवननिस्यान और हमवतन रौनक साधवानी को पछाड़कर 41वें विला डी बेनास्क अंतरराष्ट्रीय शतरंज ओपन के विजेता बने।चिदंबरम, होवननिस्यान और साधवानी सात अन्य खिलाड़ियों के साथ 10 दौर के मुकाबले में आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन चिदंबरम ने हालांकि बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर खिताब अपने नाम किया।

### जूनियर राष्ट्रीय तैराकी : रिधिमा, अपेक्षा और सुहास को स्वर्ण

**भुवनेश्वर।** कर्नाटक की रिधिमा वीरेंद्र कुमार ने जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में प्रतियोगिता के नए रिकॉर्ड के साथ 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। बेंगलुरू की रिधिमा ने ओलंपियन माना पटेल का 2015 में बनाया एक मिनट 05.00 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़कर एक मिनट 04.96 सेकंड मे दूरी पूरी की। संजना प्रभुगांवकर दूसरे और नीना वेंक्टेश तीसरे स्थान पर रही। लड़कों के वर्ग में तेलंगाना के सुहास प्रीत एम ने एक मिनट 01 . 29 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता।

### पहली बार असम और मणिपुर में होंगे डूरंड कप के मैच

**कोलकाता।** डूरंड कप की आयोजन समिति ने शनिवार को घोषणा की कि इस फुटबॉल टूर्नामेंट को पहली बार असम और मणिपुर में खेला जाएगा। कोलकाता के अलावा गुवाहाटी और इंफाल 16 अगस्त से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के 131वें सत्र के मेजबान शहर होंगे।

## कोहली का आत्मविश्वास वापिस लाने की जरूरत है : कपिल देव

भाषा। नई दिल्ली

**महान क्रिकेटर** कपिल देव ने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में विराट कोहली को आराम दिया गया है या फिर उनकी अनदेखी की गई है, पर उनका तर्क है कि बाहर किया गया शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया क्योंकि वह सामान्य क्रिकेटर नहीं हैं। कोहली तीन साल से अंतरराष्ट्रीय शतक नहीं जड़ पाए हैं जिन्होंने पिछला सैकड़ा 2019 में बनाया था जिसके बाद हाल में देव ने कहा था कि टीम प्रबंधन सिर्फ प्रतिष्ठा के हिसाब से ही चयन नहीं कर सकती। पूर्व भारतीय कप्तान कोहली वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेलेंगे जो 29 जुलाई से कैरेबियाई सरजमीं और अमेरिका में खेली जाएगी। देव ने एबीपी न्यूज से कहा, ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम पिछले पांच से छह वर्षों में विराट के बिना नहीं खेली है लेकिन मैं चाहता हूं कि



ऐसा खिलाड़ी फॉर्म में वापसी करे। उन्हें ड्राप (टीम से बाहर) किया गया हो या फिर आराम दिया गया हो, लेकिन उनमें अभी काफी क्रिकेट बचा है। भारत को पहला विश्व कप दिलाने वाले कप्तान ने कहा, रणजी ट्राफी में खेलो या फिर कहीं और खेलकर रन जुटाओ। उसका आत्मविश्वास वापस लाने की जरूरत है। महान खिलाड़ी और अच्छे खिलाड़ी में अंतर है। उनके जैसे महान खिलाड़ी को फॉर्म में वापसी के लिए इतना समय नहीं लेना चाहिए। उसे खुद से लड़ाई लड़नी होगी। पिछले हफ्ते देव ने कहा था कि अगर रविचंद्रन अश्विन जैसे गेंदबाज को टेस्ट टीम से बाहर किया जा सकता है तो कोहली को क्यों नहीं। देव ने कहा कि कोहली को ज्यादा से ज्यादा अभ्यास करना चाहिए और पुरानी फॉर्म में वापसी के लिए मैच खेलने चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण चीज है कि कोहली जैसा खिलाड़ी फॉर्म में वापसी कैसे कर सकता है।

### कोहली की खिंचाई ठीक नहीं, 70 अंतरराष्ट्रीय शतक खाला के अंगने में नहीं जड़े है: अख्तर

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने विराट कोहली के आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत के पूर्व कप्तान ने 70 अंतरराष्ट्रीय शतक खाला के आंगन में या कैंडी क्रश वीडियो गेम खेलते हुए नही बनाए है। कोहली पिछले तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शतक नही लगा सके है और लंबे समय से खराब लय में चल रहे है। उन्हें अब भारतीय टीम से बाहर करने की मांग की जा रही है जिसमे विश्व कप विजेता कप्तान पूर्व दिग्गज कपिल देव का भी नाम शामिल है। वह कपिल की राय का सम्मान करते है कि लेकिन खराब फॉर्म मे चल रहे कोहली की तुलना जूनियर क्रिकेटरों के साथ नही की जा सकती।

### आईसीसी के शुरुआती एफटीपी मसौदे में आईपीएल के लिए ढाई महीने का समय : रिपोर्ट

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के 2024 से शुरू होने वाले आगामी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में आईपीएल के लिए विशेष रूप से ढाई महीने के समय का प्रावधान है और इस दौरान कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निर्धारित नहीं है। पिछले महीने आईपीएल मीडिया अधिकार करार से इतर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पीटीआई-भाषा को दिए एक विशेष साक्षात्कार में पुष्टि की थी कि अगले एफटीपी में चकाचौंध से भरे इस टी20 लीग के लिए ढाई महीने के समय का प्रावधान होगा। शाह ने 13 जून को दिए साक्षात्कार में कहा था, अगले आईसीसी एफटीपी कैलेंडर से आईपीएल में ढाई महीने की आधिकारिक विंडो होगी, ताकि सभी शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर भाग ले सकें। हमने विभिन्न बोर्डों के अलावा आईसीसी के साथ भी चर्चा की है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी के मसौदे में आईपीएल के लिए दो सप्ताह अधिक का समय है। पहले यह मार्च के आखिर से मई के आखिर तक चलता था लेकिन अब दो सप्ताह के विस्तार के साथ यह जून तक चलेगा।

## सिंधू सिंगापुर ओपन के फाइनल में

भाषा। सिंगापुर

**भारतीय बैडमिंटन** खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शनिवार को यहां महिला एकल सेमीफाइनल में जापान की निचली रैंकिंग पर काबिज साएना कावाकामी पर शानदार जीत से सिंगापुर ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने इस साल सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय और स्विस ओपन में दो सुपर 300 खिताब अपने नाम किए हैं। उन्होंने 32 मिनट तक चले सेमीफाइनल में दुनिया की 38वें नंबर की कावाकामी पर 21-15 21-7 से जीत दर्ज की। हैदराबाद की 27 साल की सिंधू ने इस साल एशियाई चैम्पियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। अब वह 2022 सत्र के अपने पहले सुपर 500 खिताब से महज एक जीत दूर हैं। रविवार को होने वाले फाइनल में तीसरी वरीय सिंधू का सामना चीन की वांग झी यि से होगा जो मौजूदा एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता हैं और वह उबेर कप टीम का भी हिस्सा थीं। चीन की इस खिलाड़ी ने जापान की अया ओहोरी को 21-14 21-14 से पराजित किया। सिंधू ने इस साल



आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में अपनी एकमात्र भिड़ंत में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी वांग को हराया था। दो बार की विश्व जूनियर चैम्पियन और युवा ओलंपिक की रजत पदक विजेता वांग जून में इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 के फाइनल में भी पहुंची थीं। सिंधू का जापानी खिलाड़ी कावाकामी के खिलाफ मैच से पहले जीत का रिकॉर्ड 2-0 था और दोनों के बीच अंतिम मुकाबला 2018 चाइना ओपन में खेला गया था। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी कावाकामी पर पूरी तरह से शिकंजा कसे हुए थीं। कावाकामी ने इस एकतरफा मुकाबले में कई गलतियां कीं। सिंधू ने शुरू से ही ताकतवर स्मैश लगाने शुरू कर दिए और इस भारतीय ने ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बना ली। 24 साल की जापानी खिलाड़ी ने बराबरी हासिल करने के लिए शटल मुश्किल जगह पर पहुंचाना शुरू किया। मैच तब दिलचस्प हो गया जब दोनों खिलाड़ी हर अंक के लिए मशक्कत कर रही थीं। सिंधू ने इस दौरान दो वीडियो रैफरल भी जीते जिससे वह 18-14 से आगे थीं। फिर एक ताकतवर स्मैश और कावाकामी की दो सहज गलतियों ने सिंधू को शुरूआती गेम आसानी से जीतने में मदद की। कावाकामी का जूझना दूसरे गेम में भी जारी रहा, वह शटल पर नियंत्रण नहीं कर पा रही थीं और 0-5 से पिछड़ रही थीं। सिंधू ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को रैलियों में उलझाया और संयम के साथ उसे गलतियां करने के लिए इंतजार किया।

### सीओए ने एआईएफएफ के संविधान का अंतिम मसौदा उच्चतम न्यायालय को सौंपा

**नई दिल्ली।** प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा बनाया गया अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान का अंतिम मसौदा मंजूरी के लिए उच्चतम न्यायालय को सौंप दिया गया है। एआईएफएफ ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि मसौदा शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को सौंप दिया गया है। एआईएफएफ के कार्यकारी महासचिव सुनंदो धर ने कहा, विभिन्न हितधारकों से लंबी चर्चा के बाद एआईएफएफ के संविधान का मसौदा उच्चतम न्यायालय को सौंप दिया गया है।

## ऐश्वर्य तोमर ने सोने पर लगाया निशाना

भाषा। चांगवन

● चांगवन निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण जीता

**भारत के** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप की 50 मीटर थ्री पॉजिशंस स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इक्कीस साल के तोमर ने 2018 युवा ओलंपिक चैम्पियन हंगरी के जलान पेकलर को 16-12 से पछाड़कर पोडियम में शीर्ष स्थान पर कब्जा किया। मौजूदा जूनियर विश्व चैम्पियन तोमर क्वालीफिकेशन दौर में भी 593 अंक के स्कोर से शीर्ष पर रहे थे। यह तोमर का निशानेबाजी विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है, उन्होंने पहला पदक पिछले साल नई दिल्ली में जीता था। मध्य प्रदेश के निशानेबाज का यह मौजूदा प्रतियोगिता में भारत का चौथा स्वर्ण पदक था। भारत ने इस तरह पदक तालिका में कुल नौ पदक (चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य) से शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत किया। वहीं हंगरी के अनुभवी इस्तवान ने कांस्य पदक जीता। रैंकिंग राउंड में तोमर ने पहली दो नीलिंग एवं प्रोन पॉजिशंस स्पर्धा में परफेक्ट स्कोर बनाया लेकिन अंतिम स्टैंडिग पॉजिशंस में अपने सभी सात अंक गंवा बैठे। एक अन्य भारतीय चैन



सिंह सातवें स्थान पर रहे। भारत दिन में एक पदक से चूक गया जब 2019 विश्व कप चैम्पियन मनु भाकर को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल स्पर्धा में हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चौथे स्थान पर रहीं। मनु फाइनल में महज नौ हिट लगाने के बाद बाहर हो गईं। 2018 चांगवन विश्व कप की रजत पदक विजेता और अनुभवी अंजुम मौदगिल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशंस स्पर्धा के क्वालीफायर में छठे स्थान पर रहकर रविवार को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## श्रीशंकर ने लगाई लंबी छलांग

● विश्व चैम्पियनशिप : मुरली फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले लंबी कूद के पुरूष एथलीट, स्टीपलचेज एथलीट अविनाश साबले ने जगाई उम्मीद

भाषा। यूजीन (अमेरिका)



**मुरली श्रीशंकर** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले लंबी कूद के पहले पुरूष एथलीट बन गए जबकि 3000 मीटर स्टीपलचेज एथलीट अविनाश साबले ने यहां प्रतियोगिता के पहले दिन उम्मीद के अनुरूप फाइनल में जगह बनाई। सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट की सूची में दूसरे स्थान पर रहने वाले श्रीशंकर ने पूरे आठ मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई जिससे वह ग्रुप बी के क्वालीफिकेशन दौर में दूसरे और ओवरऑल सातवें स्थान पर रहे। अंजू बॉबी जॉर्ज विश्व चैम्पियनशिप लंबी कूद फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय थी और वह पदक जीतने वाली भी पहली भारतीय हैं जिन्होंने पेरिस में 2003 चरण में कांस्य पदक जीता था। दो अन्य भारतीय जेस्विन एल्ड्रिन (7.79 मीटर) और मोहम्मद अनीस याहिया (7.73 मीटर) फाइनल दौर के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे, दोनों ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में क्रमशः नौंवे और 11वें स्थान पर रहे। स्पर्धा में 8.15 मीटर या दोनों ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ 12 एथलीट ने रविवार को होने वाले फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया। श्रीशंकर हालांकि 8.15 के स्वतः क्वालीफाई करने की कूद नहीं लगा सके लेकिन सर्वश्रेष्ठ 12 एथलीट में से एक रहकर फाइनल में पहुंचे। 23 साल का यह एथलीट निरंतर प्रदर्शन कर रहा है जिन्होंने अप्रैल में 8.36 मीटर की कूद लगाई थी जिसके बाद यूनान में 8.31 मीटर और राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप में 8.23 मीटर की कूद लगाई थी। क्वालीफाइंग दौर में केवल जापान के युकी हाशियोका (8.18 मीटर) और अमेरिका के मारक्विस डेंडी (8.16 मीटर) ही 8.15 मीटर की कूद लगा सके। यूनान के ओलंपिक चैम्पियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (8.03 मीटर) ग्रुप बी क्वालीफिकेशन में श्रीशंकर से आगे शीर्ष पर रहे। उनके अलावा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट में शीर्ष पर रहने वाले स्विट्जरलैंड के सिमोन एहैमर (8.09 मीटर) और क्यूबा के तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मेएकेल मासो (7.93 मीटर) ने भी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया।

### चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलों में नहीं खेल पाएंगे तेजिंदरपाल सिंह तूर

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय गोला फेंक एथलीट तेजिंदरपाल सिंह तूर अमेरिका के यूजीन में चल रही विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप से पहले लगी ग्रोइन चोट के कारण शनिवार को बर्मिंघम में होने वाले आगामी राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गए। एशियाई रिकॉर्डधारी तूर इस चोट के कारण यूजीन में अपनी स्पर्धा में हिस्सा नहीं ले सके। उन्हें यह चोट चार दिन पहले अमेरिका में चुला विस्टा में लगी जहां भारतीय टीम ने थोड़े समय के लिए ट्रेनिंग अभ्यास किया था। उन्होंने स्पर्धा के लिए कुछ अभ्यास थ्रो फेंके लेकिन दर्द के कारण फिर हटने का फैसला किया। तूर ने यूजीन से पीटीआई से कहा, नहीं, मैं इस ग्रोइन चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। चार दिन पहले चुला विस्टा में मेरे ग्रोइन मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इससे मेरे प्रदर्शन पर काफी असर पड़ा।

### तलवारबाजी विश्व चैम्पियनशिपः करण सिंह शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में

**काहिरा।** युवा तलवारबाज करण सिंह ने शनिवार को यहां तलवारबाजी विश्व चैंपियनशिप के पुरुषों की सेबर स्पर्धा मे शुक्रवार को यहां जापान के माओ कोकुबो को हराकर दूसरे दौर मे प्रवेश किया। टूर्नामेंट मे 61वी वरीयता प्राप्त 23 साल के इस भारतीय तलवारबाज ने 14वी वरीयता कोबुको को शुरुआती दौर मे 15-11 से शिकस्त दी। अंतरराष्ट्रीय तलवारबाजी महासंघ की रैंकिंग मे 90वें स्थान पर काबिज करण ने इससे पहले क्वालीफाइंग दौर के छह मुकाबलो मे से तीन मे जीत के साथ मुख्य दौर मे जगह बनाई थी। महिलाओं के एपी स्पर्धा मे तनिष्का खत्री ने क्वालीफायर मे पांच मे से चार मुकाबले को जीत कर मुख्य ड्रॉ मे जगह बनाई। उन्हें हालांकि मुख्य दौर के शुरुआती मुकाबले (अंतिम 128) मे डोमिनिका की वायलेट पेगुएरो से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने पेगुएरो को कड़ी टक्कर दी लेकिन वह 14-15 से हार गई। तनिष्का 69वें स्थान पर रही। एना अरोड़ा और मुमताज क्वालिफायर से बाहर हो गई। वे क्रमशः 96वें और 147वें स्थान पर रही।

### श्रीलंका के 222 रन के जवाब में पाक की खराब शुरुआत



**गॉल।** श्रीलंका के पहली पारी के 222 रन के जवाब मे पाकिस्तान ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शनिवार को दो विकेट 24 रन पर गंवा दिए। पाकिस्तान अभी भी मेजबान से 198 रन पीछे है और उसके आठ विकेट शेष हैं। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसके आठ विकेट 133 रन पर गिर गए। निचले क्रम के बल्लेबाजो ने उसे 222 के स्कोर तक पहुंचाया। आखिरी दो विकेट के लिए श्रीलंका ने 89 रन जोड़े। श्रीलंका को आस्ट्रेलिया पर एक पारी और 39 रन से जीत दिलाने में 206 रन बनाने वाले दिनेश चांदीमल ने सर्वाधिक 76 रन बनाए। उन्होने नौवें विकेट के लिए महीश तीक्षणा के साथ 44 रन जोड़े। हसन अली ने चांदीमल को यासिर शाह के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने 58 रन देकर चार विकेट लिए। यासिर शाह और हसन अली को दो दो विकेट मिले। पाकिस्तान की पारी की शुरूआत खराब रही और कासुन रजीता ने इमामुल हक को दो के स्कोर पर पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या ने अब्दुल्लाह शफीक (13) को पगबाधा आउट किया। श्रीलंका के आर्थिक संकट के बावजूद दो मैचों की श्रृंखला यहां खेली जा रही है। श्रीलंका मे ईंधन, रसोई गैस और दवाओ की काफी किल्लत है और बिजली मे भी काफी कटौती हो रही है। पूरे देश मे विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है।

### प्रज्ञानानंदा ने जीता पैरासीन ओपन का खिताब

**पैरासिन (सर्बिया)।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शनिवार को यहां पैरासिन ओपन ए शतरंज टूर्नामेंट 2022 का खिताब अपने नाम किया। इस 16 साल के खिलाड़ी ने नौ दौर के मुकाबले मे आठ अंक हासिल किए। वह इस दौरान अजेय रहे और आधे अंक की बढ़त के साथ जीत दर्ज की। एलेक्जेंडर प्रेडके 7.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अलीशर सुलेमेनोव और भारत के एएल मुथैया ने एक समान सात अंक हासिल किए लेकिन बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर कजाकिस्तान के सुलेमेनोव ने तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के युवा अंतरराष्ट्रीय मास्टर वी प्रणव का अभियान अंतिम दौर मे प्रेडके से हार के बाद 6.5 अंकों के साथ समाप्त हुआ। ग्रैंडमास्टर अर्जुन कल्याण (6.5 अंक) सातवें स्थान पर रहे। आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने की तैयारी कर रहे प्रज्ञानानंदा ने भारत की महिला ग्रैंडमास्टर श्रीजा शेषाद्री, लचेजर योर्डानोव (बुल्गारिया), काजीबेक नोगेरबेक (कजाकिस्तान), हमवतन कौस्तव चटर्जी, आर्यस्तानबेक उराजेव (कजाखस्तान) पर शुरुआती छह मैचों में लगातार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। प्रेडके ने सातवे दौर मे उन्हें बराबरी पर रोका।